आज

३.००

तीन रुपये मात्र

भाजन

धनलक्ष्मीके आगमनका पर्व



गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

धनतेरस

वाराणसी, सोमवार २ नवम्बर, २०२६ सौर १६, कार्तिक कृष्ण ८, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

रामलीला मैदानमें दिखा विपक्षका शक्ति प्रदर्शन

वोट चोरीसे बनी मोदी सरकार-राहुल

लोकतंत्रकी रक्षाके लिए सीईसी ज्ञानेश कुमार को हटाना पहला कदम, फिर उनके खिलाफ होगी कानूनी कारवाई

नयी दिल्ली (आससे)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं और वोट चोरी के आरोपों को लेकर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने एकजुटता का बड़ा प्रदर्शन किया। रैली में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राजद समेत विपक्षी दलों के प्रमुख नेता एक मंच पर जुटे और केंद्र सरकार तथा चुनाव आयोग पर तीखे हमले किए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि देश में कई वर्षों से चुनावों में वोट चोरी हो रही है और इसी के जरिए नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाना पहला कदम है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, हरियाणा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत कई राज्यों के चुनावों तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईवीएम में गड़बड़ी, मतदाता सूची से नाम हटाने और नए नाम जोड़ने के जरिए चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया गया। राहुल ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। उन्होंने कहा कि यह केवल वोट की चोरी नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की आवाज छीनने जैसा है। राहुल के मुताबिक, ज्ञानेश कुमार के बिना नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री और अमित शाह गृह मंत्री नहीं बन पाते। राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल ने कहा कि उन्हें और प्रधानमंत्री को कहीं जाने नहीं दिया जाएगा। ज्ञानेश कुमार के बाद विपक्ष उनके सामने खड़ा होगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में कोई भी व्यक्ति संविधान से बड़ा नहीं है। विपक्ष ऐसा भारत चाहता है, जहां किसान को उसकी (शेष पृष्ठ नौ पर)



दिल्ली-एनसीआरमें कोकीन तस्करी सिंडिकेट का खुलासा, विदेशी समेत चार गिरफ्तार

नयी दिल्ली (आससे)। क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक अंतरराज्यीय कोकीन आपूर्ति तंत्र का भंडाफोड़ किया है। इस कारवाई में घाना के एक नागरिक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह दक्षिण दिल्ली और गुरुग्राम के प्रमुख शराबखानों और मनोरंजन स्थलों में युवाओं को निशाना बना रहा था। क्राइम ब्रांच दिल्ली और एनसीआर में संगठित मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। 26 मई को मुख्य आरक्षी संदीप कादियान को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना थी कि हुकमुद्दीन दिल्ली-एनसीआर में कोकीन की आपूर्ति कर रहा है। वह द्वारका इलाके में कोकीन की एक खेप पहुंचाने वाला था। इस सूचना पर निरीक्षक अक्षय गहलोत के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनी। टीम ने द्वारका सेक्टर 9 में जाल बिछाकर हुकमुद्दीन को पकड़ा। उसके पास से 106 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद हुई। इस संबंध में क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। यह प्राथमिकी संख्या 139/2026 (शेष पृष्ठ नौ पर)



मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

सप्तपुरियों में श्रेष्ठ श्रीअयोध्या धाम अपने दसवें भव्य एवं दिव्य दीपोत्सव के स्वागत के लिए पुलकित है। दीपोत्सव अंधकार से प्रकाश, निराशा से आशा और आस्था से विकास की यात्रा का प्रतीक है। **यह मात्र दीप प्रज्वलन नहीं, अपितु भारत की सनातन चेतना के पुनर्जागरण तथा सांस्कृतिक गौरव का महापर्व है।** दीप की छोटी-सी लौ सिखाती है कि गहन अंधकार में भी प्रकाश की एक किरण नई आशा का संचार करती है। प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन की स्मृति से जुड़े इस पावन पर्व पर आप सभी को हार्दिक मंगलकामनाएं।

दीपोत्सव से हमारा सनातन संबंध केवल परंपराओं से नहीं, बल्कि जीवन-मूल्यों से भी है। 14 वर्षों तक भरत जी ने राजसुख त्याग कर प्रभु श्रीराम की चरण-पादुकाओं को सिंहासन पर प्रतिष्ठित रख अयोध्या के राज्य का संचालन किया। रामायण का यह प्रेरक प्रसंग हमें सिखाता है कि सत्ता का वास्तविक अर्थ अधिकार नहीं, दायित्व है। अयोध्या का दीपोत्सव त्याग, मर्यादा और समर्पण की इसी भावना को विश्वपटल पर प्रतिष्ठित कर रहा है। **मां सरयू के तट पर सजी दीपमाला, राम की पैड़ी पर लाखों दीपों की जगमग मानो अयोध्या में आकाश गंगा उतर आई हो। ड्रोन के माध्यम से आकाशीय प्रस्तुतियां और कलाकारों की सहभागिता इस महोत्सव को अलौकिक भव्यता प्रदान करती है।**

आस्था और जनभागीदारी को विकास की शक्ति बनाकर उत्तर प्रदेश ने उत्सव प्रदेश के रूप में नई पहचान स्थापित की है। हमारा स्पष्ट विश्वास है कि **जहां प्रकाश है, वहां सुरक्षा का वास है। जहां सुरक्षा है, वहां निवेश के अवसर हैं। जहां निवेश है, वहां विकास है। जहां विकास है, वहीं रोजगार तथा सुख समृद्धि है। यही उत्सवधर्मिता का आधार है। दीपोत्सव आस्था और अर्थव्यवस्था का संगम भी है। इससे कुम्हारों, पुष्प विक्रेताओं और होटल व्यवसायियों सहित स्थानीय व्यापारियों के लिए रोजगार एवं आय के अवसर बढ़ते हैं।**

मैं आप सभी से विशेष रूप से कहना चाहूंगा कि यदि आपके आस-पड़ोस में कोई वंचित परिवार है, तो अपने सामर्थ्य के अनुसार उसकी दीपावली भी आलोकित करें। दीये, मिठाइयां और नए वस्त्र भेंट कर उसके जीवन में प्रसन्नता का संचार करें। यही दीपोत्सव की सच्ची भावना है। विशेषकर युवा, दीपक के प्रकाश की तरह सकारात्मक ऊर्जा से जुड़ें, नकारात्मकता से दूर रहें, **अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, क्योंकि स्वच्छता में ही श्री जी का वास है। स्थानीय कारीगरों के दीप एवं उत्पाद खरीदकर उनके परिश्रम को प्रोत्साहन दें।**

मेरी हार्दिक इच्छा है कि आप अपने परिवार और मित्रों के साथ अयोध्या पधारें तथा प्रभु श्रीराम की पावन नगरी में भव्य दीपोत्सव की दिव्य छटा के साक्षी बनें। हर घर में खुशहाली हो, हर मन में सद्भाव हो और प्रगति पथ प्रशस्त हो, इसी मंगलकामना के साथ...

सियावर रामचंद्र की जय।

आपका
योगी आदित्यनाथ



ज्योतिर्मय यूपी

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

भाजपाने विकाससे बदली प्रदेशकी तस्वीर-मुख्यमंत्री

किसानोंको हुए नुकसानकी भरपायीके लिए लायेंगे विशेष पैकेज

गोरखपुर (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रदेश के अन्नदाता किसानों को आश्वस्त किया कि साइक्लोन के कारण असमय बरसात, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई सरकार पैकेज लाकर करेगी। उन्होंने कहा कि हमने इसका मुआवजा तो दिया है, लेकिन मैं मानता हूं कि यह नाकाफी है। अन्नदाता किसान को जो नुकसान हुआ है, डबल इंजन की सरकार उसकी पूरी भरपाई करने का काम करेगी। सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि पूरा सर्वे कर लीजिए, तात्कालिक मुआवजा दीजिए। हम एक नया पैकेज अन्नदाता किसानों के लिए लाएंगे, जिसके माध्यम से किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी रविवार को चौरीचौरा में 59.44 करोड़ रुपये से बने भोपा बाजार (समपार संख्या 147बी) रेल ओवरब्रिज का उद्घाटन करने के साथ ही 287.56 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 84 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा ने अपनी सरकार में उत्तर प्रदेश को अपराध का गढ़ बना दिया था। सपा सरकार अपराध बढ़ाती थी, जबकि डबल इंजन की (शेष पृष्ठ नौ पर)



आजम १४ दिन की न्यायिक हिरासतमें

गाजियाबाद (हि.स.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को गाजियाबाद की विशेष प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) अदालत ने रविवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने उन्हें अदालत में पेश किया था। इस दौरान पत्रकारों ने जब आजम खान से पूछा कि क्या वह इस मामले में कुछ कहना चाहेंगे, तो उन्होंने निराशा और बेबसी भरे अंदाज में कहा,अब क्या है, बोलने के लिए। इस बीच सपा के कई नेता भी अदालत परिसर पहुंचे। दो पैन कार्ड मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद शनिवार शाम रामपुर जेल से रिहा होते ही ईडी ने आजम खान को हिरासत में ले लिया था। रविवार को उन्हें पीएमएलए अदालत में पेश किया गया। यह मामला मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय और उससे जुड़े जौहर ट्रस्ट में कथित वित्तीय अनियमितताओं तथा मनी लॉन्ड्रिंग की जांच से संबंधित है।

देश में अराजकता फैलाने की हो रही साजिश-नड्डा

कहा- झूठ फैलाकर देश को अस्थिर करना ही राहुल की राजनीति

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली पर तीखा हमला बोला है। नड्डा ने आरोप लगाया कि



विपक्ष लोकतंत्र के नाम पर देश में अराजकता फैलाना चाहता है। उन्होंने कहा, रामलीला मैदान में आज जो कुछ हो रहा है, वह लोकतंत्र के प्रति सम्मान नहीं है, बल्कि लोकतंत्र के नाम पर देश को अराजकता में धकेलने की सोची-समझी साजिश है। यह उन लोगों का एक बेवकूफी भरा और सुनियोजित नाटक है, जिन्हें जनता चुनावों में हरा चुकी है और बार-बार खारिज कर चुकी है। जनता इस सच्चाई को अच्छी तरह समझती है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी, मैं आज देश को बताना चाहता हूं कि आपकी राजनीति का मॉडल क्या है। इसका पहला चरण झूठ और अफवाहें फैलाना है। दूसरा चरण सड़कों पर अराजकता और अव्यवस्था पैदा करने के लिए लोगों को उकसाना है। तीसरा चरण देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना है और चौथा चरण विदेशी ताकतों के इशारे पर चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करना है। राहुल गांधी के 1 नवंबर के इस नाटक के चार मकसद हैं। पहला, हमारे सिख भाइयों के जख्मों पर नमक छिड़कना। (शेष पृष्ठ नौ पर)

ड्रग सिंडिकेट पर एसटीएफ का शिकंजा, चार गिरफ्तार

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बड़ी कामयाबी मिली है। एसटीएफ की टीम ने मालदा जिले के कालियाचक में मधुघाट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-12 पर एक वाहन को रोककर करीब 2.688 किलोग्राम मॉर्फिन बरामद की है।

नेपाल : ट्रैकिंगपर गये छह भारतीय पर्यटक लापता

सिद्धार्थनगर (एजेंसी)। नेपाल के डोल्पा जिले में भारी हिमपात के बीच दो महिलाओं समेत छह भारतीय पर्यटक लापता हो गये हैं। सभी पर्यटक शे-फोक्सुंडो झील की ओर लौटते समय नुमला और वागला पास के बीच बर्फ में फंस गये हैं। पर्यटकों की तलाश के लिए प्रशासन ने हेलीकॉप्टर मांगा है, जबकि नेपाली सेना को भी बचाव अभियान में लगाया गया है। नेपाल से मिली जानकारी के अनुसार, पर्यटक डोल्पो बुद्ध गांवपालिका से शे-फोक्सुंडो झील की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान वे भारी बर्फबारी की चपेट में आ गये। शे-फोक्सुंडो गांवपालिका के वार्ड नंबर चार और आठ के बीच स्थित नुमला पास तथा वागला पास क्षेत्र से उनका संपर्क टूट गया।

हवाई किराया बढ़ानेमें नहीं चलेगी एयरलाइंस की मनमानी

नयी दिल्ली (आससे)। हवाई किरायों में मनमानी बढ़ोतरी होने पर केंद्र सरकार दखल दे सकेगी। सरकार ने इसके लिए भारतीय विमानयान नियम, 2026 के तहत नये प्रावधान अधिसूचित किये हैं। ये नियम 1 जनवरी 2027 से लागू होंगे। इनके तहत सरकार असाधारण हालात में जनहित को देखते हुए एयरलाइंस को किराये पर निर्देश दे सकती है। नियम 192 के मुताबिक, सरकार को लगता है कि हालात असाधारण हैं तो वह किरायों को लेकर निर्देश जारी कर सकती है। ये निर्देश हालात के हिसाब से होंगे और तय अवधि तक ही लागू रहेंगे। हालांकि, नियमों में हवाई किराये की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं की गयी है। न ही यह बताया गया है कि किराया कितना बढ़ने पर सरकार दखल देगी। यानी सरकार जरूरत पड़ने पर निर्देश दे सकेगी, लेकिन कोई तय किराया सीमा लागू नहीं होगी। नियमों के तहत एयरलाइंस को परिचालन लागत समेत अन्य बातों को ध्यान में रखकर किराया तय करना होगा।

लखनऊ में एसजीपीजीआई भर्ती परीक्षा रद,एसटीएफ करेगी जांच

लखनऊ (आससे)। एसजीपीजीआई में नर्सिंग और हॉस्पिटल अटेंडेंट भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। रविवार को दूसरे चरण की यह परीक्षा 2 पालियों में 7 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इसमें करीब 8500 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इससे पहले परीक्षा को लेकर विवाद हो गया था। गड़बड़ी और पेपर लीक का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया था। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा के दौरान ऑफिस के अंदर ओएमआर शीट भरी जा रही थी। अभ्यर्थियों ने पेपर में चीटिंग कराने के आरोप लगाए। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को शांत कराया था। एसजीपीजीआई की ओर से बताया गया है कि अभ्यर्थियों के आरोपों की जांच एसटीएफ को सौंपी गई है। एसजीपीजीआई की हॉस्पिटल अटेंडेंट और स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा में छात्रों ने पेपर लीक का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। एसजीपीजीआई की हॉस्पिटल अटेंडेंट और स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा में छात्रों ने पेपर लीक का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। लखनऊ के एसडीएसएन डिग्री कॉलेज, एसडीएसएन पब्लिक स्कूल और ज्यूरिस कॉलेज ऑफ लॉ समेत आसपास के कई केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। अभ्यर्थियों का आरोप है कि कई केंद्रों पर बायोमेट्रिक जांच में दिक्कत आई।

यूपी : बागपत में एक मकान से निकले ३० कोबरा सांप

बागपत (एजेंसी)। रटौल स्थित कहरका गांव में किसान कपिल त्यागी के 35 साल पुराने मकान की नींव से पांच दिन में 30 कोबरा सांप निकल चुके हैं और 200 खाली अंडे भी मिले। इससे भयभीत परिवार मकान खाली कर दूसरे मकान में रहने लगा है। रविवार को भी कई सांप पकड़वाकर हिंडन नदी के किनारे छोड़े गये। कहरका निवासी कपिल त्यागी ने बताया कि उनका मकान काफी पुराना हो चुका है, जिसे उखाड़कर नया बनाया जा रहा है। कई दिन पहले मकान में 12 फीट लंबे कोबरा सांप की कांचली मिली थी। इससे भयभीत परिवार के सदस्य जागकर रात काटने को मजबूर हैं। इसके बाद मकान उखाड़ना शुरू (शेष पृष्ठ नौ पर)

नेपाल : सुरंग खोदकर फरार हुए आठ कैदी

सिद्धार्थनगर (एजेंसी)। नेपाल के डोल्पा जिले के सदरमुकाम दुनै स्थित जिला कारागार से सुरंग खोदकर आठ कैदियों के फरार होने का मामला सामने आया है। फरार कैदियों में दुष्कर्म और चोरी के मामलों में बंद आरोपी शामिल हैं। डीएसपी के नेतृत्व में 34 पुलिसकर्मियों की टीम को तलाश अभियान में लगाया गया है। फरार होने वालों में रुकुम पश्चिम जिले के आठबिसकोट नगरपालिका-10 निवासी 32 वर्षीय राम बीके, डोल्पा जिले के त्रिपुरासुंदरी नगरपालिका-7 निवासी 29 वर्षीय कालीप्रसाद रोकाया और सल्यान जिले के कुमाख गांवपालिका-5 निवासी 28 वर्षीय रेशम राना शामिल हैं। ये तीनों दुष्कर्म के मामलों में जेल में बंद थे। इसके अलावा जाजरकोट जिले के बारेकोट गांवपालिका-1 निवासी 25 वर्षीय यज्ञ बीके और डोल्पा जिले के त्रिपुरासुंदरी नगरपालिका-4 निवासी 28 वर्षीय धन बुढ़ा उर्फ हरिबहादुर बुढ़ा भी फरार हुए हैं। दोनों दुष्कर्म के मामलों में बंद थे। जाजरकोट जिले के नलगाड नगरपालिका-9 निवासी 19 वर्षीय कैलाश उर्फ कपिल परियार चोरी के मामले में जेल में था।फरार अन्य दो कैदियों में रुकुम पश्चिम जिले के आठ बिसकोट नगरपालिका-5 निवासी 38 वर्षीय तिलक भंडारी (शेष पृष्ठ नौ पर)

तलाशमें जुटी पुलिस

अयोध्या : तीन सौ क्विंटल फूलों से महकेगी रामनगरी, दीपोत्सव की आहट से चढ़े दाम

अयोध्या (आससे)। सामान्य दिनों में जहां अयोध्या में प्रतिदिन 20 से 25 क्विंटल फूलों की खपत होती है, वहीं दीपोत्सव के दौरान यह मांग बढ़कर करीब 100 से 150 क्विंटल प्रतिदिन तक पहुंचने का अनुमान है। तीन दिवसीय आयोजन और सजावट को मिलाकर करीब 300 क्विंटल फूलों की खपत होने की संभावना है। दीपोत्सव में रामनगरी सिर्फ लाखों दीपों की रोशनी से ही नहीं दमकेगी, बल्कि फूलों की खुशबू से भी सराबोर होगी। रामपथ से राम की पैड़ी, श्रीरामजन्मभूमि परिसर और प्रमुख मंदिरों से लेकर आयोजन स्थलों तक फूलों से सजावट की तैयारियां चल रही हैं। सात नवंबर को होने वाले दसवें दीपोत्सव को लेकर फूलों के कारोबार में भी तेजी आ गई है। सामान्य दिनों में जहां अयोध्या में प्रतिदिन 20 से 25 क्विंटल फूलों की खपत होती है, वहीं दीपोत्सव के दौरान यह मांग बढ़कर करीब 100 से 150



क्विंटल प्रतिदिन तक पहुंचने का अनुमान है। तीन दिवसीय आयोजन और सजावट को मिलाकर करीब 300 क्विंटल फूलों की खपत होने की संभावना है। फूल कारोबारी पिंटू मांझी ने बताया कि मांग में अचानक आई तेजी का असर फूलों की कीमतों पर भी दिखाई दे रहा है। एक सप्ताह पहले की तुलना में फूलों के दाम बढ़ गए हैं। मांग पूरी करने के लिए कोलकाता, दिल्ली और लखनऊ की मंडियों से फूलों की खेप मंगाई जा रही है।एक अन्य फूल कारोबारी आलोक पाल ने बताया कि दीपोत्सव की सजावट में गेंदा और गुलाब की सबसे अधिक मांग है। पीले और नारंगी गेंदे से तोरण, मालाएं, स्वागत द्वार और मंच सजाए जा रहे हैं। वहीं, लाल गुलाब का इस्तेमाल विशेष सजावट और अतिथियों के स्वागत में किया जा रहा है। इसके अलावा रजनीगंधा, गुलदाउदी, चमेली और अन्य सजावटी फूलों की भी मांग है। रजनीगंधा का इस्तेमाल मंचों और विशेष सजावट में किया जा रहा है।पिंटू मांझी ने बताया कि रामनगरी में फूलों की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए स्थानीय बाजार के साथ बाहरी मंडियों पर भी निर्भर रहना पड़ रहा है। कोलकाता, दिल्ली और लखनऊ से अलग-अलग किस्मों के फूल मंगाए जा रहे हैं।

कार से 66.50 लाख बरामद, तीन गिरफ्तार

डालमियानगर (रोहतास) (आससे)। एनएच-19 पर शिवसागर टोल प्लाजा के पास पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 66 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। वाराणसी से कोलकाता जा रही काले रंग की एक्सयूवी-300 कार से मिली इस नकदी के साथ दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कार और दो मोबाइल भी जब्त किए हैं। बरामद रकम के वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर आयकर विभाग को सूचना दी गई है। प्रेस वार्ता में डीएसपी-1 विप्लव कुमार ने बताया कि 31 अक्टूबर की रात शिवसागर थानाध्यक्ष रितेश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि वाराणसी की ओर से आ रही एक कार में भारी मात्रा में नकदी रखी गई है, जिसे लेकर कोलकाता जाया जा रहा है।



यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज गौरव शाली परंपरा का १०७ वर्ष
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

मौसम

सूर्योदय : ०६.०५
सूर्यास्त : ०५.१७

तापमान
अधि. : २८.०
न्यून. : २२.०

ज्वेलरी शाप में लूट का दो घंटे के भीतर खुलासा

मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

गाजीपुर। शहर के बंशी बाजार स्थित संगिनी ज्वेलर्स में शनिवार शाम हुई लूट की घटना का पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर खुलासा करने का दावा किया है। स्वाट टीम और कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मीरनपुर शक्का मोड़ के पास मुठभेड़ के दौरान दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। दोनों के बाएं पैर में गोली लगी है। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, शनिवार शाम करीब 6ः40 बजे बंशी बाजार में संजय कुमार वर्मा की ज्वेलरी दुकान संगिनी ज्वेलर्स पर तीन बदमाशों ने फायरिंग करते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया। इस मामले में दुकान संचालक के पुत्र शिवम कुमार वर्मा की तहरीर पर कोतवाली में तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा संख्या 803/26, धारा 309(4) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस की टीमें आरोपितों की तलाश में जुटी थीं। इसी दौरान स्वाट और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने मीरनपुर शक्का मोड़ के पास भागने की कोशिश कर रहे दो संदिग्धों को घेर लिया। इस दौरान हुई पुलिस मुठभेड़ में दोनों घायल हो गए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नोनहरा थाना क्षेत्र के खतीरपुर निवासी संजय दुबे उर्फ पप्पू (42) पुत्र बालकृष्ण दुबे और पुष्कर दुबे (21) पुत्र संतोष के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई पांच पीली धातु की चेन, दो पिस्टल, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस तथा वारदात में इस्तेमाल चारपहिया वाहन यूपी 61 एडब्ल्यू 4660 बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, संजय दुबे उर्फ पप्पू के खिलाफ पहले भी कोतवाली में जाली करेंसी से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। कार्रवाई करने वाली टीम में स्वाट प्रभारी उपनिरीक्षक शैलेन्द्र प्रताप सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह अपनी-अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी सर्किल मोहम्मदाबाद के मार्गदर्शन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मोहम्मदाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुरानी रेलवे क्रॉसिंग टडवा से एक अभियुक्त को एक अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सुनील राजभर ग्राम भदेसर, थाना मोहम्मदाबाद, जनपद गाजीपुर का रहने वाला है।



मुठभेड़ में घायल को ले जाती पुलिस। छाया:आज

मेगा विधिक सहायता शिविर में लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

जनपद न्यायाधीश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

गाजीपुर। जनपद न्यायालय परिसर में रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से 45 स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से कुल 4184 लोगों को विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश यादव ने कहा कि शिविर का उद्देश्य जनपद के नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है। साथ ही आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना भी है। शिविर के नोडल अधिकारी अपर जिला जज शक्ति सिंह ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के 45 स्टॉल लगाए गए थे। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श दिया गया। इसके अलावा पेंशन, बिजली-पानी के बिल, बीमा योजनाओं, राशन कार्ड, आधार कार्ड सहित दैनिक जीवन से जुड़ी विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई थी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव बलराम दास ने बताया कि शिविर के माध्यम से कुल 4184 लोगों को लाभान्वित किया गया। पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। लोगों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन करने की सुविधा भी दी गई। पुलिस विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉल पर लोगों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गई। वहीं, बैंकों की ओर से व्यक्तिगत एवं अन्य प्रकार के ऋण के लिए आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में दिव्यांगजनों को पांच ट्राईसाइकिल भी वितरित की गईं। इस मौके पर पीओ (एमएसीटी) संजय हरिशुक्ला, सिविल बार संघ के महासचिव अंजनी कुमार ठाकुर, न्यायिक अधिकारी अभिमन्यु सिंह, श्वेता वर्मा, संजय के लाल, विजय कुमार, नूतन द्विवेदी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता, वादकारी और न्यायालय कर्मचारी मौजूद रहे।



मेगा विधिक सहायता शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते डीजे। छाया:आज

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

दुल्हहपुर, गाजीपुर। जखनियां विकासखंड के दामोदरपुर गांव के पूर्व प्रधान चंद्रशेखर यादव के 25 वर्षीय पुत्र आनंद यादव की शनिवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसा दुल्हहपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर 31 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे लोगों के बीच चीख-पुकार मच गई और परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। बताया जाता है कि आनंद यादव को परिजन भी खोज रहे थे। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पर हादसे की सूचना मिली तो परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। जवान बेटे का शव देखकर पिता चंद्रशेखर यादव, मां प्रमिला देवी और पत्नी अंशु यादव का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों की करुण चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। दुल्हहपुर थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

श्रमजीवी और मगध एक्सप्रेस के नंबरों में होगा बदलाव

दिलदारनगर (गाजीपुर)। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के तहत कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के नंबरों में बदलाव किया गया है। इन्हें सुपरफास्ट श्रेणी से नॉन-सुपरफास्ट श्रेणी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है। यह बदलाव आगामी एक जनवरी 2027 से प्रभावी होगा। इसमें जनपद के दिलदारनगर और गहमर स्टेशन पर ठहराव करने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस के साथ मगध एक्सप्रेस भी शामिल है। पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर की ओर से जारी आदेश के अनुसार राजगीर से नई दिल्ली जाने वाली अप श्रमजीवी एक्सप्रेस का वर्तमान नंबर 12391 बदलकर 13291 हो जाएगा। वहीं, नई दिल्ली से राजगीर जाने वाली डाउन श्रमजीवी एक्सप्रेस अब 12392 के स्थान पर 13292 नंबर से संचालित होगी। इसी तरह इस्लामपुर से नई दिल्ली जाने वाली अप मगध एक्सप्रेस का नंबर 20801 बदलकर 18633 कर दिया गया है। जबकि नई दिल्ली से इस्लामपुर जाने वाली डाउन मगध एक्सप्रेस अब 20802 के स्थान पर 18634 नंबर से चलेगी। रेलवे के इस निर्णय से इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को एक जनवरी 2027 से नए नंबरों के अनुसार जानकारी प्राप्त करनी होगी।

जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

सादात, गाजीपुर। थाना सादात पुलिस ने पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के पास से .32 बोर की पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार को निखिल मिश्रा पुत्र धर्मवीर मिश्रा ने मारपीट और पिस्टल दिखाकर धमकाने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी कृषांत यादव उर्फ नान्हू यादव पुत्र हीरा यादव निवासी सेमरौल को सेमरौल चट्टी से गिरफ्तार किया। बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट में दूसरा केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। टीम में प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव सहित हमराही पुलिसकर्मी शामिल रहे।

युवती के साथ मारपीट, दुष्कर्म का आरोप

दिलदारनगर (गाजीपुर)। क्षेत्र के भरवलिया गांव में घर में घुसकर एक युवती के साथ मारपीट करने और दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।पीड़ित चन्दन यादव ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि 30 अक्टूबर 2026 की रात्रि करीब 11ः30 बजे प्रद्युमन यादव निवासी भक्सी उनके घर में घुस आया। आरोपी ने वादी की बहन रमन्ती देवी के साथ मारपीट की और दुष्कर्म करने का प्रयास किया।?घटना की सूचना 31 अक्टूबर 2026 को सुबह 11ः23 बजे थाने पर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रद्युमन यादव के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

दहेज के लिए मारपीट का लगाया आरोप

मरदह, गाजीपुर। दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकालने एवं पति द्वारा दूसरी शादी करने के प्रकरण में महिला की तहरीर पर मरदह पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने पति समेत 7 ससुराल वालों पर दहेज के लिए मारपीट कर घर से भगाने और पति द्वारा दूसरी शादी कर लेने का आरोप लगाते हुए थाना में तहरीर दी।पीड़िता रूबी वर्मा निवासी ग्राम मरदह थाना मरदह, , जिसका स्थायी पता नौगढ़, शिवाजी नगर, थाना सिमरी, जिला सिद्धार्थनगर है। आरोप है कि 16.02.2022 को दीपक पुत्र विश्वनाथ के साथ हुई थी। शादी के समय से ही पति दीपक व उनके परिवार के संतोष, दीपू , गीता, शिवा, अमित,धर्मेन्द्र दहेज कम लाने का ताना देकर प्रताड़ित करते थे। पति कहता था कि एक लाख रुपया और एक सिकड़ी लाकर दो तो मैं रखूंगा दूसरी शादी करने और जान से मारने की धमकी देता था। विरोध करने पर आरोपियों ने मां-बहन की गालियां देते हुए बाल पकड़कर मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया,जिसके बाद वह अपनी मां को बुलाकर मायके चली आई।इस संबंध प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

मरदह, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के बरही गांव के पास पुरानी रंजिश को लेकर राहुल चौहान निवासी ग्राम-अरखपुर थाना-बिरनो के साथ मारपीट के प्रकरण में मरदह पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। राहुल का आरोप है कि अपनी बहन के घर मरदह आ रहा था,तभी बरही गाँव पोखरे के पास पुरानी रंजिश को लेकर अंकित कुमार निवासी बरही तथा दो अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया। माँ-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए डंडा व कड़ा से मारना-पीटना शुरू कर दिया, जिससे मुंह,सिर आदि जगहों पर चोटें आई हैं। जान से मार डालने की धमकी भी दी।इस संबंध प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

छठ पर्व की तैयारियों में जुटे ग्रामीण

घाट और पार्क की करायी साफ-सफाई

बिरनो, गाजीपुर। छठ महापर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में विकासखंड क्षेत्र की शेखपुरा ग्राम पंचायत में रविवार को ग्रामीणों ने छठ पूजा की तैयारियों के मद्देनजर साफ-सफाई अभियान चलाया। ग्राम प्रशासन धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में शेखपुरा स्थित हनुमान मंदिर के समीप पार्क और मंगाई नदी के किनारे स्थित छठ घाट की साफ-सफाई की गई। ग्रामीणों ने मिलकर घाट और पार्क परिसर में फैली गंदगी तथा खरपतवार को हटाया, ताकि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्राम प्रशासन धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि गांव में प्रत्येक वर्ष छठ पर्व को लेकर छठ घाट की विशेष साफ-सफाई कराई जाती है। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए बिरहा कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है। इस वर्ष छठ महापर्व के अवसर पर बिरहा गायक सुधीर लाल यादव, राहुल यादव और बिरहा गायिका रुचि यादव का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन को बेहतर बनाने के लिए ग्रामीण आपसी सहयोग से तैयारियों में जुटे हैं।



घाट की सफाई करते ग्रामीण। छाया:आज

एक नज़र इधर भी

दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

गाजीपुर। शादी का झांसा देकर 21 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में भुड़कुड़ा पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बुढ़ानपुर बाजार से पकड़ा। पुलिस के अनुसार, भुड़कुड़ा थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 263/26 के तहत बीएनएस की धारा 69 और 352 में कार्रवाई की गई है। मामले में घटारो गांव निवासी आशीष कुमार (26) पुत्र मबली राम पर युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रणजीत कुमार सिंह और उनके हमराह पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

थाने में एकता परेड का हुआ सजीव प्रसारण

नंदगंज (गाजीपुर)। लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को नंदगंज थाने में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस मौके पर एकतानगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता महापर्व एवं एकता दिवस परेड समारोह का टीवी के माध्यम से सीधा सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में थाने के पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा ने क्षेत्रीय नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर राष्ट्रीय एकता परेड देखने की अपील की थी। उनकी अपील पर काफी संख्या में लोग थाने पहुंचे और सजीव प्रसारण देखा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। पुलिसकर्मियों के साथ विजय प्रकाश, राधेश्याम, विवेक, धर्मेंद्र, नंदलाल,सुहेल सहित क्षेत्र के अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

११ साल के हिमांशु के सिर से उठा माता-पिता का साया

बरही (गाजीपुर)। हमके अधजलवा में छोड़ गइलू माई हो, तोहरे अंचरा के छांव कहां पाइब हो.. यह मार्मिक पीड़ा ग्राम सभा हरहरी साधोपुर निवासी 11 वर्षीय हिमांशु सरोज की है, जिसके सिर से महज 11 वर्ष की उम्र में माता-पिता दोनों का साया उठ गया। छोटी उम्र में ही जिंदगी ने उसे ऐसा गहरा जख्म दिया है, जिसे सुनकर हर किसी की आंखें नम हो जा रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीब चार वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में हिमांशु के पिता डब्लू सरोज की मौत हो गई थी। इसके बाद उसकी मां सविता देवी (35) किसी तरह परिवार का सहारा बनी हुई थीं। वह लंबे समय से कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित थीं और उनका इलाज चल रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय होने के कारण इलाज और घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा था। आखिरकार इलाज के दौरान सविता देवी ने भी दम तोड़ दिया। मां की मौत के बाद परिवार में इकलौता सहारा बचे 11 वर्षीय हिमांशु ने अपनी मां को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भर आईं। घटना की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत सदस्य रामनारायण यादव, पूर्व प्रधान गया प्रसाद यादव, शिवमुनि सरोज, कैलाश सरोज सहित क्षेत्र के कई गणमान्य और समाजसेवी लोग उसके घर पहुंचे। सभी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

दो राजस्व कर्मियों को एसडीएम ने दी विदाई



रामायण देकर विदाई करती एसडीएम। छाया:आज

जमानिया। तहसील सभागार में सेवानिवृत्त हुए दो राजस्व कर्मियों—राजस्व निरीक्षक राम राज और एडब्ल्यूबीएम पंकज कुमार अग्रवाल के सम्मान में भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। अधिकारियों व कर्मचारियों ने दोनों कर्मियों को फूल-मालाओं से लादकर विदाई दी तथा उनके स्वस्थ व सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में एसडीएम निधि ने दोनों कर्मियों को अंगवस्त्र, रामायण और पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया। सहकर्मियों ने उनके कार्यशैली व समर्पण को याद किया, जिससे माहौल भावुक हो गया। एसडीएम निधि ने कहा कि कर्मचारी कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, बल्कि सरकारी सेवा से मुक्त होकर उसके जीवन की नई पारी शुरू होती है। यह अनुभवों को परिवार व समाज हित में लगाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि दोनों कर्मियों ने पूरी निष्ठा व ईमानदारी से दायित्व निभाए, जो दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार, राजस्व निरीक्षक नसीमुल्ला खां, लेखपाल संघ अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, धनंजय सिंह सहित कई कर्मी मौजूद रहे। संचालन अमीन संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने किया।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत में भानु को मिली बड़ी जिम्मेदारी

सेवराई (गाजीपुर)। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने संगठन के प्रति समर्पण और किसानों के हित में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सेवराई निवासी भानु प्रताप सिंह को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन के जिलाध्यक्ष लल्लन यादव (शिवबालक यादव) ने उन्हें गाजीपुर जिले का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, भानु प्रताप सिंह पुत्र राम जी सिंह ग्राम एवं पोस्ट सेवराई, तहसील सेवराई, जनपद गाजीपुर के निवासी हैं। वह पूर्व में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) में सेवराई तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। संगठन के प्रति उनकी कर्मठता, किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष और किसान हितों में सक्रिय योगदान को देखते हुए उन्हें जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।

जनता की समस्याएं सुन के त्वरित समाधान का दिया भरोसा

करीमुद्दीनपुर (राजापुर)। ग्राम पंचायत राजापुर के ग्राम प्रशासक अश्वनी कुमार राय के आवास पर आज सुबह से ही ग्रामीणों और क्षेत्रीय लोगों की भीड़ जुटी रही। इस दौरान उन्होंने जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया।जनता से संवाद के दौरान अश्वनी कुमार राय ने कहा कि जनता की सेवा ही उनका मुख्य संकल्प और धर्म है। वह हमेशा अपने क्षेत्र और ग्राम पंचायत के लोगों से जुड़े रहते हैं। गांव और क्षेत्र में आने वाली प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना उनकी प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सुपरवाइजरों के दूसरे चरण का प्रशिक्षण आयोजित

जमानिया, गाजीपुर। क्षेत्र के हेतिमपुर गांव स्थित एक निजी आईटीआई संस्थान में प्रस्तावित जनगणना- 2027 की तैयारियों के तहत प्रगणकों और सुपरवाइजरों के दूसरे चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को भी जारी रहा। सातवें और 11वें बैच के इस प्रशिक्षण के दूसरे दिन स्मार्ट टीवी के जरिए डिजिटल माध्यम से आंकड़े दर्ज करने की तकनीकी बारीकियां सिखाई गईं।प्रशिक्षक दीपक सिंह और रविंद्र कुमार ने मोबाइल ऐप और सीएमएमएस पोर्टल का लाइव डेमो देकर व्यावहारिक अभ्यास कराया। इस दौरान 40 निर्धारित प्रश्नों, डिजिटल साक्षरता, तथा माता-पिता के जन्मस्थान से जुड़े नए बिंदुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने मुखिया सहित परिवार के सदस्यों के विवरण सावधानी से दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही नागरिकों को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने और आंकड़ों की शुद्धता के लिए पीआरएएमएएन मॉडल यानी पहचान, रिश्ता, अनुरोध, मदद, आंकड़ों की शुद्धता और निष्ठा के महत्व को समझाया। इस मौके पर अभयकांत सिंह, इब्राहिम खान, जयशंकर प्रसाद, दिनेश कुमार बिंद, हिमांशु चौरसिया, श्रवण कुमार सिंह, अनिल कुमार, राहुल यादव और संतोष पाटिल आदि उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण लेती प्रगणक। छाया:आज

एक नज़र इधर भी

जीरो टालरेंस नीति और लोक आयुक्त प्रशासन की कार्यप्रणाली की दी जायेगी जानकारी

गाजीपुर। भ्रष्टाचार एवं कुप्रशासन के विरुद्ध सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में सतर्कता जागरूकता अभियान-2026 के तहत सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। लोक आयुक्त प्रशासन, उत्तर प्रदेश के सचिव के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक करने के साथ शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने बताया कि दो नवंबर को समिति का जनपद आगमन निर्धारित है। समिति के आगमन के बाद अपराह्न चार बजे राइफल क्लब सभागार में कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में भ्रष्टाचार एवं कुप्रशासन के विरुद्ध सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही आमजन को भ्रष्टाचार के प्रति सतर्क रहने और इसके खिलाफ लड़ाई में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान लोक आयुक्त प्रशासन की कार्यप्रणाली तथा वहां की जाने वाली शिकायतों के निस्तारण से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

रामेश्वरम मंदिर में संगीतमय रामचरितमानस पाठ शुरू

भांवरकोल (गाजीपुर)। ब्लॉक मुख्यालय परिसर स्थित श्री रामेश्वरम मंदिर में रविवार को ढोल, मजीरा और हारमोनियम की मधुर धुनों के बीच श्रीरामचरितमानस का आद्योपांत संगीतमय पाठ शुरू हुआ। पाठ के शुभारंभ से पूर्व क्षेत्र पंचायत प्रशासक श्रद्धा राय एवं उनके पति भाजपा नेता आनंद राय मुन्ना ने मंदिर में स्थापित भगवान शिव, माता पार्वती सहित अन्य देवी-देवताओं का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन-अर्चन किया। इसके बाद गायक जितेंद्र तिवारी उर्फ मृदुल और शिवानंद राय ने संगीतमय रामचरितमानस पाठ प्रस्तुत किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव और श्रद्धा के साथ पाठ का आनंद लिया। गौरतलब है कि ब्लॉक परिसर स्थित भव्य श्री रामेश्वरम मंदिर का प्रथम स्थापना वार्षिकोत्सव आगामी पांच नवंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर वृहद भंडारे का आयोजन होगा।

सेना से सेवानिवृत्त होकर गांव पहुंचने पर हुआ स्वागत

जखनिया (गाजीपुर)। देश की सीमाओं की सुरक्षा में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर रामबन गांव पहुंचे चंद्रशेखर चौहान का क्षेत्रीय युवाओं .छात्रो ने मोटरसाइकिल से तिरंगा के साथ दर्जनों की संख्या मे जूलूस निकाल कर भारत माता की जय , बन्देमातरम जैसे नारो के साथ ही फूल मालाओं से सम्मानित करते हुए। कस्बा मे रेलवे स्टेशन , पोस्ट आफीस रोड ,ब्लाक कार्यालय होते हुए जूलूस के साथ भ्रमण करते हुए उनके घर रामवन तक पहुचाया । इस दौरान गांव में युवाओं के अन्दर.देशभक्ति का माहौल हो गया । चंद्रशेखर चौहान ने अपने सैन्य सफर की जानकारी देते हुए बताया कि 14 अक्टूबर 1998 को उनका भारतीय सेना में चयन हुआ था। इसके बाद उन्होंने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष सेना में रहकर देश की सेवा में समर्पित किए। 1 नवंबर को वह सैन्य सेवा से सेवानिवृत्त हुए।सेवानिवृत्ति के बाद अपने गांव लौटने पर क्षेत्रीय युवाओं और ग्रामीणों की ओर से मिले सम्मान और स्नेह से वह अभिभूत नजर आए।

मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन, ३० विभागों ने लगाये स्टाल

जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने किया शुभारंभ, दिव्यांगजनों को वितरित की ट्राईसाइकिल



बलिया। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के तत्वावधान में रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित गंगा बहुउद्देशीय सभागार में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनिल कुमार झा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश ने दीप प्रज्वलित करने तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अतिथियों ने 30 विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भ्रमण कर विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने उपस्थित लोगों को उनके विधिक अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, पारिवारिक विवादों के सौहार्दपूर्ण निस्तारण, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित कानूनों तथा विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायाधीश ने दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरित की तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। वहीं जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने अपने संबोधन में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव चन्द्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आमजन को न्याय के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सुलभ, नि:शुल्क एवं त्वरित विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम पुनीत कुमार गुप्ता, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथमकान्त, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर प्रधान न्यायाधीश कमलापति, अपर जनपद न्यायाधीश प्रमोद कुमार गंगवार, सैफ अहमद, रामकृपाल, हरीश कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शैलेश पाण्डेय, सिविल जज गार्गी शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव चन्द्र प्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

कृषि विभाग के मिलेट्स स्टाल का परिवहन मंत्री ने किया अवलोकन

बलिया। गंगा बहुद्देशीय सभागार में आयोजित वृहद विधिक सहायता एवं शिविर कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा मिलेट्स (श्रीअन्न) का आकर्षक स्टॉल



लगाया गया। स्टॉल का अवलोकन परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिला न्यायाधीश अनिल कुमार झा, जिलाधिकारी बलिया ज्ञानेंद्र सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी आलोक कुमार ने किया। कृषि विभाग की ओर से उप कृषि निदेशक मनीष कुमार सिंह, प्रधान सहायक उमेश कुमार यादव, सहायक विकास अधिकारी कृषि रामजीत यादव एवं वरिष्ठ सहायक संदीप कुमार सिंह उपस्थित रहे। मिलेट्स स्टॉल पर मोटे अनाज से तैयार विभिन्न पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। इसमें बाजरे के लड्डू, ज्वार की नमकीन बिस्कुट, सांवा की खीर, सांवा का पोहा सहित अन्य व्यंजन शामिल रहे। जिला न्यायाधीश अनिल कुमार झा एवं जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने स्टॉल पर प्रदर्शित सभी व्यंजनों का स्वाद चखा तथा उनकी सराहना की। कृषि विभाग द्वारा लगाए गए इस स्टॉल के माध्यम से आमजन को श्रीअन्न (मिलेट्स) के महत्व, पौष्टिक गुणों तथा दैनिक खानपान में इनके उपयोग के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मिलेट्स आधारित पारंपरिक एवं आधुनिक व्यंजनों का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा।

बाइक की टक्कर से किशोर की मौत

सुखपुरा (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम हुए सड़क हादसे में एक किशोर की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृत किशोर की मां गीता देवी द्वारा दिए गए प्राप्त प्रार्थना पत्र के अनुसार शनिवार की शाम पचखोरा चट्टी से मोटरसाइकिल से सिंक्कू कुमार अपने साथी अमरेश के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान आरा मिल के पास दूसरी मोटरसाइकिल के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर गये और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर स्वजन एवं स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतसड़ पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही सिंक्कू कुमार की मौत हो गई,जबकि अमरेश को बेहतर उपचार के लिए बीएचयू वाराणसी रेफर किया गया। मृतक की मौत की खबर से परिवार में मातम पसरा हुआ है। स्वजनों ने सुखपुरा थाने में प्रार्थना पत्र देकर मोटरसाइकिल चालक मनीष यादव उर्फ मन्नू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कटान रोकने को लेकर तहसील का घेराव आज

बांसडीह (बलिया)। क्षेत्र के महाराजपुर गांव में सरयू नदी कटान को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। कटान रोकने की मांग को लेकर ग्रामीण 2 नवंबर सोमवार को पदयात्रा कर तहसील का अनिश्चितकालीन घेराव करेंगे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य नागेंद्र बहादुर सिंह झुन्नू ने एसडीएम बांसडीह को पत्र देकर सूचना दी है। उन्होंने बताया कि लगातार हो रहे कटान के कारण किसानों की उपजाऊ जमीन और पक्के मकान नदी में समाहित हो रहे हैं। गांव अस्तित्व बचाने के संकट से जूझ रहा है। कई बार शासन-प्रशासन का ध्यान दिलाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि सोमवार को महाराजपुर गांव से सुबह सात बजे चलकर सहतवार होते हुए बांसडीह तहसील मुख्यालय दोपहर 12 बजे पंहुचकर तहसील का घेराव किया जायेगा। महाराजपुर गांव में रविवार को बैठक हुई जिसमें ग्रामीणों ने मांग किया कि कटान रोकने के लिए तत्काल प्रभावी और स्थायी उपाय किए जाएं तथा प्रभावित किसानों को उचित राहत और मुआवजा दिया जाए।

पोल पर दौड़ा करेण्ट, संविदाकर्मी झुलसा

बेल्थरारोड (बलिया)। बिजली विभाग की ओर से शटडाउन लिए जाने के बावजूद शनिवार की सुबह ककरासो गांव में ट्रांसफार्मर का फ्यूज ठीक करने पोल पर चढ़े संविदा विद्युतकर्मी के साथ गंभीर हादसा हो गया। हादसे में उसके शरीर पर गंभीर चोटें आईं। आनन-फानन में उसे सीएचसी सीयर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।घ ायल की पहचान हल्दीरामपुर क्षेत्र के छपिया गांव निवासी नंदलाल साहनी (32) पुत्र श्रीनाथ साहनी के रूप में हुई है। वह बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी है। बताया गया कि शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे वह ककरासो गांव में ट्रांसफार्मर के फ्यूज से संबंधित मरम्मत कार्य करने पहुंचा था। विभागीय शटडाउन लेने के बाद वह विद्युत पोल पर चढ़कर फ्यूज ठीक करने का काम कर रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया।

प्रसव के बाद विवाहिता की मौत, परिजनों ने एएनएम के आवास पर किया हंगामा

बैरिया (बलिया)।क्षेत्र के बीबी टोला स्थित एक अवकाश प्राप्त एएनएम के आवास पर प्रसव के बाद 24 वर्षीय विवाहिता की मौत होने की घटना सामने आई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने शनिवार को एएनएम के आवास पर पहुंचकर हंगामा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रेवती थाना क्षेत्र के मून छपरा गांव निवासी सबीना खातून (24) पत्नी नसीम मंसूरी का पहला प्रसव होना था।शुक्रवार की रात परिजन उसे बीबी टोला स्थित अवकाश प्राप्त एएनएम के आवास पर ले गए,जहां सामान्य प्रसव हुआ। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद उसे सदर अस्पताल बलिया के लिए रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। नवजात को परिजनों ने एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया है। परिजनों ने प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि महिला का रक्तचाप कम होने और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी हालत बिगड़ी। वहीं संबंधित एएनएम ने इन आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि महिला का सामान्य प्रसव हुआ था। प्रसव के करीब दो घंटे बाद तक वह उनके आवास पर रही। इस दौरान उसने बिस्किट खाकर चाय भी पी थी। इसके बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे तत्काल बलिया भेजा गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि उन्होंने एएनएम के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

जो विकास कार्य अधूरे रह गये हैं, उन्हें पूरा करेगी विजयालक्ष्मी-भरत सिंह

आठ दिवसीय जन आशीर्वाद पदयात्रा का बैरिया में भव्य समापन

बैरिया (बलिया)। जयप्रकाश नगर से शुरू हुई आठ दिवसीय जन आशीर्वाद पदयात्रा के दौरान क्षेत्र के गांव-गांव में लोगों से मिले स्नेह, अपनत्व और आशीर्वाद से मैं अभिभूत हूं। इसके लिए यदि मैं अपनी जान भी दे दूं तो वह भी कम होगा। लोगों का यह प्यार और अपनापन विकास एवं सेवा जैसे कार्यों से भी कहीं बढ़कर है। यह उद्गार पूर्व सांसद भरत सिंह की पुत्री एवं भाजपा नेत्री विजयालक्ष्मी सिंह ने रविवार को बैरिया में पदयात्रा के समापन अवसर पर हजारों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद भरत सिंह के कार्यकाल में बनाई गई सड़कें आज जर्जर और बदहाल हो चुकी हैं। जिन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया था, उनके शिलापट्टों पर घास उग आई है। ये सभी परियोजनाएं जनहित से जुड़ी थीं, लेकिन बाद के जनप्रतिनिधियों ने उन्हें आगे बढ़ाने और धरातल पर उतारने की दिशा में अपेक्षित प्रयास नहीं किए। जबकि प्रदेश सरकार विकास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करा रही है। पूर्व सांसद भरत सिंह ने कहा कि मेरे कार्यकाल में जो कार्य अधूरे रह गए हैं, उन्हें पूरा करने की जिम्मेदारी अब विजयालक्ष्मी



निभाएगी। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख शशांक शेखर तिवारी, तेज नारायण मिश्र, मंटू बिंद, मनोज कुशवाहा, महिमा सिंह, भोली साहनी, विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। इस दौरान विजयालक्ष्मी सिंह ने करीब पांच दर्जन लोगों को अंगवस्त्र एवं फूलमाला देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता सुशील पांडेय व संचालन हरि कंचन सिंह ने किया।

सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए डा.पीयूष

नगरा (बलिया)। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज के शिक्षक संघ के चुनाव में हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. पीयूष कुमार द्विवेदी को सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित किए जाने से उनके पैतृक क्षेत्र नगरा सहित पूरे बलिया जनपद में हर्ष की लहर है। 26 अक्टूबर को आयोजित शिक्षक संघ की बैठक में 230 से अधिक शिक्षकों द्वारा डॉ. द्विवेदी को एकमत से सचिव पद के लिए चुना जाना उनकी विद्वत्ता, कार्यकुशलता, कर्तव्यनिष्ठा और सहकर्मियों के बीच लोकप्रियता का परिचायक है। गौरतलब है कि डॉ. पीयूष कुमार द्विवेदी बलिया जनपद की नगर पंचायत नगरा के मूल निवासी हैं। उनकी इस सफलता से क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह है। निर्भय प्रकाश, सौरभ किशोर मिश्रा, डॉ शशि प्रकाश कुशवाहा,के एम पांडे ,सभासद लाल बहादुर सिंह, कृष्ण कुमार कुशवाहा, जनता इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ उमेश चंद पांडेय आदि ने बधाई दिया है।

प्रशासनिक टीम से भिड़े अतिक्रमणकारी, युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

मनियर (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरवार ककरघट्टी अंतर्गत गंगापुर गांव में सड़क किनारे सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने रविवार को बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की। तहसीलदार बांसडीह नितिन कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों और प्रशासनिक टीम के बीच कहासुनी व नोकझोंक हुई। इसी बीच एक युवक ने अपने शरीर पर डीजल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, मांगुर गोंड़ के पुत्र डब्लू गोंड़ ने अपने शरीर पर डीजल छिड़क लिया और झोपड़ी में भी आग लगा दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल युवक को हिरासत में लिया। इस दौरान युवक बेहोश हो गया। झोपड़ी में लगी आग पर काबू पाया गया। बाद में परिजन बेहोश युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। तहसीलदार के सूचना देने पर उपजिलाधिकारी बांसडीह पुष्कर मिश्रा, क्षेत्राधिकारी बांसडीह जयशंकर मिश्रा तथा कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रशासन ने रामनाथ यादव, स्वर्गीय रामलच्छन यादव, गोपाल यादव, सोया यादव, स्वर्गीय सुरेश गोंड़, मांगुर गोंड़, दरोगा यादव, स्वर्गीय छोटेलाल गोंड़, स्वर्गीय बैजनाथ गोंड़, हरनाथ गोंड़, वशिष्ठ गोंड़ और वीर बहादुर गोंड़ सहित अन्य लोगों के अतिक्रमण के कुछ हिस्से हटाए। वहीं, पक्के मकानों को तत्काल नहीं गिराया गया। इस संबंध में एसडीएम पुष्कर मिश्रा ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रभावित लोगों को मुआवजा देकर अन्यत्र बसाने के बाद पक्के मकानों को हटाकर जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई जाएगी।

नवीन मंडी में अतिक्रमण पर चला जेसीबी

बेल्थरारोड (बलिया)। मधुबन मार्ग स्थित नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में रविवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। मंडी प्रशासन ने जेसीबी से कई छप्पर और टीन शेड हटवा दिए। दीपावली और डाला छठ के मद्देनजर व्यापारियों ने कुछ दिनों की मोहलत मांगी, लेकिन अभियान जारी रहा। मंडी प्रशासन ने 26 अक्टूबर को सार्वजनिक नोटिस जारी कर तीन दिन में अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। प्रभारी मंडी सचिव अतुल कुमार कश्यप ने बताया कि मंडी निदेशक के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। कुछ लाइसेंसी दुकानदार भी अपनी दुकानों के अतिरिक्त अवैध कब्जा कर कारोबार कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान एक छाजन में मधुमक्खियों का छत्ता टूटने से भगदड़ मच गई। पुलिसकर्मी और व्यापारी जान बचाकर भागे। मधुमक्खियों के हमले में कुछ लोग प्रभावित भी हुए।

गोदाम का ताला तोड़कर ४० बोरी चावल ले उड़े चोर

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात कुशहा भाड़ गांव के समीप चोरों ने गल्ला चावल गेहूं के आढ़ती व्यवसायी सुभाष गुप्ता के गोदाम को निशाना बना लिया। चोर गोदाम का ताला तोड़कर करीब 40 बोरी चावल पिकअप में लादकर ले फरार हो गया। इसी दौरान ग्रामीणों की आहट मिलते ही चोर पिकअप लेकर मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात करीब 11 बजे चोर गोदाम के सामने सड़क किनारे पिकअप खड़ी कर अंदर घुसे। ताला तोड़ने के बाद चोर बेखौफ होकर गोदाम से चावल की बोरियां पिकअप में लाद रहे थे। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख चोर पिकअप लेकर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने गोदाम मालिक सुभाष गुप्ता को दी। सुभाष गुप्ता ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। उनका आरोप है कि सूचना देने के करीब एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय और हल्का दरोगा संतोष यादव को भी मोबाइल फोन से घटना की जानकारी दी गई। इसके बावजूद हल्के में तैनात कांस्टेबल मौके पर नहीं पहुंचे। पुलिस के पहुंचने के बाद घटनास्थल की जांच शुरू की गई। सुभाष गुप्ता का कहना है कि यदि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने समय रहते तत्परता दिखाई होती तो चोरों को मौके पर ही पकड़ा जा सकता था। व्यवसायी ने पुलिस को तहरीर दे दी है।

बकाया मानदेय भुगतान की मांग, प्रेरकों ने सौंपा पत्रक

बलिया। लोक शिक्षा केंद्रों पर कार्य कर चुके जनपद के प्रेरकों का करीब 40 माह से बकाया मानदेय भुगतान नहीं होने से उनमें नाराजगी है। इसको लेकर साक्षरता कल्याण समिति बलिया के जिलाध्यक्ष रामप्रकाश सिंह यादव के नेतृत्व में विभिन्न ब्लॉकों से आए प्रेरक साथियों ने जिलाधिकारी को संबोधित मांग पत्र सौंपकर बकाया मानदेय का भुगतान कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष रामप्रकाश सिंह यादव ने पत्र के माध्यम से बताया कि जनपद के सभी प्रेरकों का लगभग 40 माह का मानदेय बकाया है। शासन की ओर से इस संबंध में निदेशालय, लखनऊ से स्वीकृति मिलने की जानकारी भी प्राप्त हुई है। इसके बावजूद अब तक प्रेरकों को उनका बकाया मानदेय नहीं मिल सका है। उन्होंने जिलाधिकारी से सभी प्रेरकों का बकाया मानदेय जल्द से जल्द दिलाने की मांग की। कमल किशोर श्रीवास्तव, अर्जुन यादव, सलाउद्दीन, सुधा यादव, अनीता ओझा, राधिका देवी, उषा राय, कृष्णानंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

सपा कार्यालय पर मनायी गयी सरदार पटेल, आचार्य नरेंद्र देव की जयंती

बलिया। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, आजाद भारत के प्रथम गृह मंत्री एवं भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल



तथा समाजवादी विचारधारा के प्रमुख स्तंभ आचार्य नरेंद्र देव की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि आजमगढ़ जनपद के सगड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक हृदय नारायण पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। वहीं आचार्य नरेंद्र देव ने समाजवाद, लोकतांत्रिक मूल्यों, शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और मजबूत संकल्प का प्रतीक है। इस अवसर पर यशपाल सिंह, संजय उपाध्याय, सुशील पाण्डेय कान्हजी, चंद्रशेखर सिंह, रामजी गुप्ता, अकमल नईम खान, कामेश्वर सिंह, आनंद यादव, श्रीभगवान वर्मा, रविंद्रनाथ यादव, रामेश्वर पासवान, देवीदत्त यादव, दशरथ यादव, अजय यादव, रामनाथ पटेल, मिंटू खान, जे.डी., महावीर चौधरी आदि मौजूद रहे। संचालन बीरबल राम ने किया।

सूर्यभान सिंह की पहल लायी रंग, तैनात हुए चिकित्सक

बैरिया (बलिया)। गंगा पार नौरंगा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने की मांग को लेकर समाजसेवी एवं भाजपा नेता सूर्यभान सिंह की पहल रंग लाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलिया ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौरंगा पर चिकित्सक की तैनाती कर दी है। सीएमओ की ओर से 30 अक्टूबर को जारी आदेश के अनुसार, डॉ. आनंद वैभव को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीनगर से स्थानांतरित कर पीएचसी नौरंगा में तत्काल प्रभाव से तैनात किया गया है। उन्हें तत्काल कार्यभार ग्रहण कर चिकित्सकीय सेवाएं शुरू करने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि गंगा पार नौरंगा क्षेत्र में लंबे समय से चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी के कारण ग्रामीणों को इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का चक्कर लगाना पड़ता था।

मंच पर जीवंत हुआ १८५७ का स्वतंत्रता संग्राम का गौरवशाली इतिहास

कलाकारों के उम्दा अभिनय ने दर्शको को किया भाव विभोर

बलिया। बलिया स्थापना दिवस के अवसर पर संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था रविवार को मनोरंजन हाल, श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नाटक 'महानायक मंगल पाण्डे' का प्रभावशाली मंचन किया गया। वरिष्ठ रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी द्वारा लिखित एवं निर्देशित इस नाटक के माध्यम से 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक मंगल पाण्डे के साहस, संघर्ष और उनके आत्मबलिदान को कलाकारों ने मंच पर जीवंत कर दिया। नाटक में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध मंगल पाण्डे के विद्रोह, देश की आजादी के प्रति उनके समर्पण तथा मातृभूमि के लिए उनके बलिदान को प्रभावशाली दृश्यों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।



नाटक में मंगल पाण्डे की भूमिका में राहुल चौरसिया के शानदार अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंग्रेज अधिकारी हियरशन की भूमिका में तुषार पांडेय और मुखिया की भूमिका में अनुपम पाण्डेय के अभिनय की भी सराहना हुई। इसके अलावा रितिक गुप्ता, यश गुप्ता, प्रियांशु चतुर्वेदी, रिया वर्मा, भाग्यलक्ष्मी, खुशी कुमारी, लक्की पाण्डेय, रेखा, आरती, सुशील तिवारी, करन, शाहिल चौरसिया भी अपनी भूमिका में शानदार रहे। साहित्यिकार डा. जनार्दन राय, परिवहन मंत्री के अनुज धर्मेंद्र सिंह, धीरज सर्राफ, डा. अमरेंद्र पोत्सायायन, भानु प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम कि उद्घाटन किया।

श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक, सौंपी जिम्मेदारी

हल्दी (बलिया)। विकास खंड बेलहरी के परसिया गांव स्थित भगवान पराशर ऋषि मंदिर परिसर में रविवार को श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इसमें 18 से 26 दिसंबर तक त्रिदंडी स्वामी के शिष्य श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले महायज्ञ को भव्य बनाने पर चर्चा की गई। आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं के संचालन के लिए कमेटी का गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सर्वसम्मति से सूर्य नारायण सिंह को अध्यक्ष, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को मुख्य संरक्षक, विद्याशंकर सिंह को कोषाध्यक्ष और कमलेश सिंह को सचिव बनाया गया। वहीं, पूर्व मंत्री नारद राय समेत अन्य लोगों को संरक्षक मंडल में शामिल किया गया। आयोजकों ने कहा कि महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, आवागमन, प्रसाद वितरण और ठहरने सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमियों और वैष्णव भक्तों से आयोजन में सहभागिता निभाने की अपील की। इस दौरान रमेश चंद्र मिश्र, ऊधौ चौबे, सुनील मिश्रा, रणधीर सिंह, नागेंद्र सिंह, ओमप्रकाश पांडेय, अशोक पाण्डेय, मनीष सिंह, प्रेम ओझा, अशोक त्रिवेणी सिंह, शत्रुघ्न सिंह, उदय प्रताप सिंह, मदद सिंह, चिंटू ओझा, संतोष पासवान, संपूर्णानंद, ओमप्रकाश खरवार, अनिल तिवारी, दिनेश पाठक, रमाशंकर सिंह, कमलदेव सिंह, भरत कुंअर, छितेश्वर यादव, अमरेंद्र मिश्र, वीर संतोष सिंह, कृष्णा सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

खुद के लिए समय निकाले लोग, तभी मिलेगी सही दिशा

श्रीमद्भागवत कथा एवं सांस्कृतिक-आध्यात्मिक महोत्सव में बोलीं जया किशोरी

बलिया। बांसडीहरोड के छोड़हर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं सांस्कृतिक-आध्यात्मिक महोत्सव के चौथे दिन मौसम में बदलाव और बढ़ती ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखकर कथा वाचक जया किशोरी भी अभिभूत नजर आईं। जया किशोरी ने कहा कि तेज रफ्तार जिंदगी, घंटों मोबाइल स्क्रीन पर बीतता समय, रील्स की अंतहीन दुनिया और इंटरनेट पर पलभर में सब कुछ पाने की आदत ने नई पीढ़ी की एकाग्रता के साथ रिश्तों की गहराई को भी कमजोर किया है। लोग अपनों के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। यही वजह है कि रिश्ते जल्दी टूट रहे



हैं और वैवाहिक जीवन में भी स्थिरता कम होती जा रही है। आज परिवार और अपनों को समय देना पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि रुक जाना और ठहरकर सोचना दोनों अलग बातें हैं। जीवन को सही दिशा तभी मिलेगी, जब व्यक्ति खुद के लिए समय निकाले और प्रकृति के करीब रहे। कथा के दौरान परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के अनुज धर्मेंद्र सिंह ने समर्थकों के साथ कथा वाचक जया किशोरी को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजन मंडल की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में ७५० मरीजों का हुआ परीक्षण

बेरुआरबारी (बलिया)। क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ. आफताब अहमद के अस्पताल बेरुआरबारी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 750 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों से जुड़े अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। इनमें डॉ. दुर्गेश, डॉ. फैजान अहमद, डॉ. रोहित कुमार गुप्ता, डॉ. अबू अजीम तथा डॉ. गरिमा कश्यप शामिल रहे। चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। भाजपा नेता विश्राम सिंह, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, भासपा के प्रदेश प्रवक्ता सुनील सिंह, आशीष सिंह, धनजी सिंह आदि मौजूद रहे।

फुटबाल महासंग्राम का आज होगा शंखनाद, तैयारियां पूर्ण

अंडर १७ बालक नेशनल को जनपद पहुंची ३६ टीमें, पांच दिवसीय प्रतियोगिता में खेले जाएंगे ८० मुकाबले



बलिया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में जनपद में आयोजित होने वाली 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता का सोमवार को शंखनाद हो जाएगा। 2 से 6 नवंबर तक आयोजित होने वाली अंडर 17 बालक वर्ग की उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्घाटन वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी 36 टीमें देर रात तक जनपद पहुंच गई। संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ डॉ राजेश आर्य के नेतृत्व में आयोजन समिति के सभी सदस्य पूरे दिन फुटबॉल नेशनल की तैयारियों को अंतिम रूप देते दिखे। नोडल शशि प्रकाश राय एवं इफ्तेखार खान की देख रेख में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास भी किया गया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के फील्ड ऑफिसर द्रोणवीर एवं राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान के पर्यवेक्षक नईम खान की देख रेख में खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन व वेरिफिकेशन का कार्य किया गया। देर शाम सभी टीमों के प्रशिक्षक एवं मैनेजर्स की बैठक भी आयोजित की गई। इस दौरान संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ डॉ राजेश आर्य, क्रीड़ा अधिकारी जवाहर लाल यादव, दिनेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, पंकज सिंह, दिनेश प्रसाद, प्रदीप यादव, शशि प्रकाश राय, अजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

३६ टीमें से ६४४ खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

बलिया। दो से 6 नवम्बर तक जनपद में आयोजित होने वाली 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर 17 बालक वर्ग की कुल 36 टीमों की प्रतिभागिता फाइनल हो चुकी है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कुल 644 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। वहीं प्रत्येक टीम के साथ कोच एवं मैनेजर भी उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन एवं समापन वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जाना है। इसके अलावा टाउन पॉलिटेक्निक पर दो, रामदहीन सिंह इंटर कॉलेज पर एक एवं मिनी स्टेडियम, शेर सहित कुल पांच खेल मैदान आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पांच दिनों में पांच

एक नजर इधर भी

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला,मुकदमा दर्ज

बड़ागांव थानाक्षेत्र के बाबतपुर गांव निवासिनी एक विवाहिता को उसका पति ससुराल में क्रूरता पूर्वक मारता पीटता रहा उसकी प्रताड़ना से त्रस्त जब वह मायके आई तो पति ने यहां भी पहुंच कर मारपीट कर मोबाइल छीन कर चला गया जिससे भयभीत विवाहिता ने पति के विरुद्ध स्थानीय थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उपरोक्त गांव निवासिनी प्रियंका सरोज पुत्री बुद्धिराम सरोज की शादी कुछ वर्ष पहले जौनपुर जनपद के जलालपुर थाना अंतर्गत मझगवां खुर्द गांव निवासी पप्पू सरोज के पुत्र आशीष सरोज के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद उसका पति आयेदिन उसे मारने पीटने के साथ घर का सामान बेचने लगा।हद तब हो गई जब वह गत २० मई को विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने आरोप लगाया है कि उसके पति ने मायके में भी आकर उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते उसका मोबाइल छीन कर भाग गया।

हादसे में घायल युवक की छह दिन बाद हुई मौत

पिंडरा। सिंधोरा थाना क्षेत्र के ओदार रोड पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से ऑटो सवार युवक गंभीर रूप से घायल युवक की रविवार को मौत हो गई। वही घटना के छह दिन बाद पुलिस ने मामले में घायल होने के बाबत एफआईआर दर्ज की। लेकिन दोपहर बाद युवक की मौत हो गई। बताते हैं कि ओदार गांव निवासी सुजीत पाल २५ अक्टूबर की शाम करीब ५.३० बजे ऑटो से सिंधोरा से अपने घर लौट रहा था। वह टीकरा से करीब सौ मीटर आगे ओदार रोड पर पहुंचा था, तभी सामने से आ रहे खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सुजीत के दाहिने पैर व सिर में गंभीर चोटें आईं। घायल के भाई शिवम पाल की तहरीर पर छह दिन बाद सिंधोरा पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा २८१ और १२५ (ए) व १२५ (बी) के तहत मामला दर्ज किया है। लेकिन रविवार को इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई।सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु भेज दिया।

एसी कोच में सफर कर रही महिला का पर्स पार, 10 हजार नकदी और मोबाइल चोरी

नयी दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस की एसी बोगी में सफर कर रही महिला यात्री का उचक्कों ने पर्स पार कर दिया। पर्स में १० हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन और एसबीआई के क्रेडिट व डेबिट कार्ड रखे थे। पीड़िता की तहरीर पर ज्ञानपुर जीआरपी ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के खान मार्केट क्षेत्र निवासी डाक्टर नेहा अखिलेश कुमार सिंह ने तहरीर में बताया कि वह ३१ अक्टूबर को गाड़ी संख्या १२८२ नयी दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस के ए-२ कोच में यात्रा कर रही थीं। सुबह करीब ६.३० बजे भरवारी स्टेशन के पास उन्हें अपना पर्स गायब होने की जानकारी हुई। काफी तलाश के बाद भी पर्स का पता नहीं चल सका।

धूमधाम से सम्पन्न हुआ 'द ओजी डांडिया नाइट गरबा उत्सव '

मड़ौली रोड स्थित शुभारंभ लॉन में ज्योति ताश्या म्यूजिकल इवेंट्स ग्रुप एवं तुलसी कैटरर्स एवं तुलसी टेंट हाउस कीओर से आयोजित 'द ओजी डांडिया नाइट गरबा उत्सव ' भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर दयाशंकर मिश्र 'दयालु' राज्य मंत्री (आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन) की उपस्थिति रही। इस अवसर पर समाजसेवी एवं सलाहकार विपिन चक्रवाल, धानुका के संस्थापक गौरी शंकर एवं समाजसेवी प्रशांत शंकर व्यास सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में रंगारंग गरबा, डांडिया, लाइव



डीजे, गायन ,ढोल एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। उत्साह और उमंग से भरे इस आयोजन में लोगों ने जमकर गरबा एवं डांडिया का आनंद उठाया।कार्यक्रम की संयोजकता ज्योति गुप्ता ने की। मंच संचालन आरजे अमीशा ने किया, जबकि कार्यक्रम का प्रबंधन नागमणि मौर्या एवं हिमांशु कुशवाहा ने संभाला। धन्यवाद ज्ञापन प्रतिभा व्यास ने किया।

त्वचा और बालों की देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर

७५० एडी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड दो पहलों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है। कंपनी सारनाथ में आयोजित वाराणसी ब्यूटी कार्निवल में अपने स्किनकेयर ब्रांड ला रवाया को प्रस्तुत करेगी। साथ ही, चंदौली स्थित के.जी. नंदा हॉस्पिटल में हर सप्ताह



निःशुल्क त्वचा एवं बाल विश्लेषण की पहल शुरू करेगी।श्रेया ब्यूटी कलेक्शन द्वारा प्रस्तुत और ७५० एडी हेल्थकेयर के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय वाराणसी ब्यूटी कार्निवल एक और दो नवंबर को सारनाथ स्थित रोज गार्डन में सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक आयोजित होगा।इसके अतिरिक्त, ७५० एडी हेल्थकेयर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आनंद प्रकाश तिवारी, एमएस, के साथ जुड़ रही है। डॉक्टर तिवारी उत्तर प्रदेश के चंदौली में जी.टी. रोड, बिछिया कलां स्थित के.जी. नंदा हॉस्पिटल के स्वामी एवं निदेशक हैं। इन पहलों पर टिप्पणी करते हुए सीईओ मिथुन मजूमदार ने कहा कि टियर-२ बाजारों में हमारा विस्तार स्थानीय जरूरतों को समझने और भरोसेमंद संबंध बनाने से शुरू होता है। निदेशक शबनम खान कंपनी और ला रवाया का प्रतिनिधित्व करते हुए वाराणसी ब्यूटी कार्निवल में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

सरदार पटेल जयंती पर लोसपा ने दिया सामाजिक एकता का संदेश

पिंडरा। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती लोकजन सोशलिस्ट पार्टी की ओर से धांजयपुर में मनायी गयी। कार्यक्रम में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर वीरेंद्र विश्वकर्मा ने देश की एकता और अखंडता में उनके योगदान को याद करते हुए सामाजिक समरसता, भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव राजेश विश्वकर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सतीश चौहान, शौकत अली, श्यामसुंदरी राम, धनश्याम यादव,राजेश पटेल, राजकुमार विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा तथा दिनेश शर्मा, ग्राम प्रधान संजय पटेल, पूर्व ग्राम प्रधान विनय पांडेय, विनय मिश्रा समेत अनेक संभ्रांत ग्रामीण उपस्थित रहे।

सिपाही पर फायरिंग की घटना में शामिल दो और बदमाश गिरफ्तार, अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़

तीन पिस्टल-१४३ कारतूस, हथियार बनाने वाली मशीनें, उपकरण और कच्चा माल भी बरामद की टीम, पुलिस कमिश्नर ने की टीम को एक लाख रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा

सुंदरपुर स्थित आशुतोष नगर कालोनी में असलहा तस्करों की गिरफ्तारी करने पहुंची पुलिव टीम पर फायरिंग के मामले में शामिल लंका पुलिस ने शनिवार को और दो





बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके निशानदेही पर सामने घाट की शिवाजी नगर कॉलोनी में पुलिस ने अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का खुलासा किया है। एक किराये के मकान की दूसरी मंजिल पर चल रही इस फैक्ट्री से तीन देसी पिस्टल, १४३ जिंदा कारतूस और २४ खोखा कारतूस हथियार बनाने वाली मशीनें, उपकरण और कच्चा माल भी बरामद किया है। यह जानकारी एडीसीपी काशी जोन वैभव बागंर ने लंका थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि फायरिंग के मामले में शामिल पकड़े गये विमल कांत झा और अमन कुमार मिश्र पर आयुध अधिनियम के तहत कारवाई की गयी है। पुलिस के मुताबिक, इस फैक्ट्री का संबंध उन असलहा तस्करों से है, जिन्होंने शुक्रवार को सिपाही के ऊपर हमला किया था। एडीसीपी ने बताया कि असलहा तस्करों की तलाश के दौरान मुख्य आरोपी अंजनी नंदन झा की कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाली गयी। इसमें घटना से कुछ समय पहले अमन कुमार मिश्र से बातचीत सामने आयी। सर्विलांस की मदद से अमन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। शुरुआत में अमन पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन बाद में उसने अंजनी नंदन झा से करीबी संबंध होने और उसके अवैध असलहों एवं कारतूसों की सप्लाई में मदद करने की बात स्वीकार की। उसने पुलिस को सामने घाट स्थित उस मकान का पता भी बताया, जहां हथियार बनाये और रखे जाते थे।

घर में मिले हथियार और मशीनें

पुलिस टीम अमन को लेकर बताये गये मकान पर पहुंची। वहां अंजनी नंदन झा के परिजन मौजूद थे। तलाशी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में अवैध हथियार, कारतूस और हथियार बनाने की सामग्री मिली। बरामद सामान में तीन देसी पिस्टल ३२ बोर, १४३ जिंदा कारतूस, २४ खोखा कारतूस, हथियार बनाने की मशीनें, औजार, लोहे के टुकड़े, धातु, लिक्विड और नाप-तौल की मशीनें शामिल हैं।

बिहार तक फैले नेटवर्क की जांच में जुटी टीम

पुलिस के अनुसार, अंजनी नंदन झा कथित तौर पर अवैध असलहों के निर्माण और सप्लाई के कारोबार में शामिल था। अमन कुमार मिश्र और विमल कांत झा भी इस नेटवर्क से जुड़े हुए थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गिरोह किन-किन लोगों को हथियार सप्लाई करता था और इसके तार कहां तक जुड़े हैं।

मुठभेड़ में पकड़े जा चुके हैं तीन आरोपी

आरक्षी अमित शुक्ल को गोली मारने की घटना के बाद पुलिस ने गैंग लीडर अंजनी नंदन झा समेत राज विश्वकर्मा और राजू तिवारी को भी गिरफ्तार किया था। अब दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या पांच हो गयी है।

महीनों से संचालित अवैध हथियार फैक्ट्री,एलआइयू पुलिस को पता तक नहीं

सामनेघाट इलाके में पिछले तीन महीने से एक घर के भीतर अवैध हथियार फैक्ट्री चल रही थी। इस फैक्ट्री में बनकर न जाने कितने असलहा बाजार में जर्म की कहानी लिखने के लिए बिक गयी हैं। इतने बड़े असलहा रैकेट का संचालन की जानकारी स्थानीय एलआईयू और पुलिस को नहीं होना पुलिस के लिए सवाल खड़ा कर दिया हैं। असलहा फैक्ट्री शिवाजी नगर में पकड़े जाने एलआईयू पुलिस लंका पुलिस के कार्यशैली गोपनीय सूचना को लेकर कितना सजग हैं यह स्पष्ट हो गया। क्षेत्र में चल रही गतिविधियों पर एलआईयू और लंका थाने की पकड़ बहुत कमजोर हैं। जिसको लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। लंका थाना के कुछ पुलिस सूत्रों की मानें तो असलहा तस्करों की जानकारी पकड़े गये आरोपियों की साथी से मनमुटाव होने के बाद हुई। साथी ने बगावत होने पर लंका थाने के क्राइम टीम को मुखबिरी करके जानकारी दें दी थी। इसके बाद पुलिस कर्मी सादे कपड़े में पकड़ने के लिए पहुंचे थे।

राम के प्रति निष्कपट प्रेम और समर्पण ही सच्ची भक्ति का आधार है - साध्वी श्रीनिष्ठा

कौशलेश नगर कॉलोनी नागरिक समिति एवं श्रीराम कथा आयोजन समिति के संयुक्त तत्वावधान में सुंदरपुर स्थित कौशलेश नगर पार्क में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के सातवें एवं अंतिम दिन वृंदावन से पधारीं कथा व्यास साध्वी श्रीनिष्ठा ने भगवान श्रीराम के केवट प्रसंग, माता शबरी की अनन्य भक्ति, हनुमान जी से प्रभु श्रीराम के मिलन, सूर्पणखा प्रसंग तथा माता सीता के



हरण की कथा का अत्यंत भावपूर्ण एवं विस्तारपूर्वक वर्णन किया।कथा व्यास ने केवट प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीराम ने वनवास के दौरान गंगा पार करने के लिए केवट से नाव मांगी। केवट ने प्रभु के चरण पखारकर उन्हें नाव में बैठाया। यह प्रसंग सिखाता है कि भगवान के प्रति सच्चा प्रेम और समर्पण हो तो सामाजिक एवं आर्थिक भेदभाव का कोई महत्व नहीं रह जाता। भगवान श्रीराम अपने भक्तों के प्रेम और भाव के वशीभूत रहते हैं।माता शबरी की भक्ति का वर्णन करते हुए साध्वी श्रीनिष्ठा जी ने कहा कि शबरी ने वर्षों तक प्रभु श्रीराम के आगमन की प्रतीक्षा की। उनके प्रेम और श्रद्धा से भगवान स्वयं उनकी कुटिया में पधारे और उनके प्रेमपूर्वक अर्पित किए गए बेर ग्रहण किए। इससे यह संदेश मिलता है कि भगवान को व्यक्ति की संपत्ति, वैभव या पद नहीं, बल्कि उसका निर्मल हृदय और निष्कपट भक्ति प्रिय है।कार्यक्रम के मुख्य यजमान डॉक्टर आनंद मिश्र नूतन एवं श्रीमती सत्या मिश्रा ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ व्यास पीठ का पूजन एवं तिलक किया। आचार्य आशीष मिश्रा एवं पंडित राकेश कुमार दूबे ने विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न कराया।इस अवसर पर कथा संयोजक वरुण सिंह, प्रमील पाण्डेय एवं अशोक पटेल ने सात दिनों तक कथा में पधारे श्रद्धालुओं एवं संतजनों का सम्मान किया। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने आयोजनकर्ताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कथा संयोजकों ने अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर सम्मान एवं अभिनंदन किया।कथा में प्रमुख रूप से वरुण सिंह, प्रमील पाण्डेय, अशोक पटेल, राजेश नागर, राजीव सिंह पटेल, इंद्रजीत सिंह, फतह बहादुर सिंह, संतोष श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह, कैलाश तिवारी, विपिन सिंह, शत्रुघ्न त्रिपाठी, धीरज सिंह, संजीव सिंह, अंकित ओझा, परितोष पाण्डेय, प्रियांशु, सतीश पाल, हिमांशु, गुड्डू, मंचल मिश्र, रीना त्रिपाठी, प्रियंका पाण्डेय, रीता सिंह, इंदु सिंह, चंदा देवी, शशि , पार्वती देवी , सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

चौबेपुर थाने में निकला दोमुंहा सांप, वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा

चौबेपुर। स्थानीय थाना परिसर में रविवार को एक दोमुंहा रेड सैंड बोआ सांप मिलने से पुलिसकर्मियों में कुछ देर के लिए कौतूहल मच गया। सांप दिखाई देने पर उप निरीक्षक चंद्रमोहन यादव ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सांप को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया। बताया गया कि सांप रेड सैंड बोआ प्रजाति का है, जिसे आम बोलचाल में दोमुंहा सांप कहा जाता है। सांप के मिलने की जानकारी होते ही उसे देखने के लिए पुलिसकर्मियों की भीड़ जुट गयी।

महानगरी एक्सप्रेस की सुपरफास्ट पहचान खत्म, फिर पुराने नंबर से होगी संचालित,बनारस-एलटीटी का भी बदला नंबर

रेलवे ने वाराणसी से मुंबई और लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए अहम बदलाव किया है। महानगरी एक्सप्रेस और बनारस-एलटीटी एक्सप्रेस अब सुपरफास्ट की जगह सामान्य एक्सप्रेस श्रेणी में संचालित होंगी। इसके साथ ही दोनों ट्रेनों के नंबर भी बदल दिये गये हैं। एक जनवरी २०२७ से ये ट्रेनें अपने पुराने नंबरों के साथ पटरी पर दौड़ेंगी। रेलवे प्रशासन के अनुसार, वाराणसी-मुंबई महानगरी एक्सप्रेस (२२१७७) अब एक जनवरी २०२७ से अपने पुराने नंबर ११०९३ से संचालित होगी। वहीं, मुंबई-वाराणसी महानगरी एक्सप्रेस (२२१७८) का नंबर बदलकर ११०९४ कर दिया गया है। इसी तरह लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी)-बनारस एक्सप्रेस (१२१६७) अब ११०६७ नंबर से चलेगी, जबकि बनारस-एलटीटी एक्सप्रेस (१२१६८) को नया नंबर ११०६८ आवंटित किया गया है। ये बदलाव भी एक जनवरी २०२७ से प्रभावी होंगे। दरअसल, संसदीय समिति ने इन दोनों ट्रेनों को सुपरफास्ट श्रेणी में रखे जाने पर सवाल उठाये थे। समिति का कहना था कि ट्रेनों की औसत गति और ठहराव के मानकों के आधार पर इन्हें सुपरफास्ट श्रेणी में रखना उचित नहीं है। इसके बाद रेलवे बोर्ड ने दोनों ट्रेनों की श्रेणी में बदलाव करते हुए इन्हें एक्सप्रेस घोषित कर दिया। इसी के चलते इनके नंबरों को भी सुपरफास्ट की २२ और १२ सीरीज से हटाकर पुरानी ११ सीरीज में वापस कर दिया गया है।

मैनेजर का अपहरण कर डकैती करने और रंगदारी मांगने के मामले में मिली जमानत

संस्था में कार्यरत मैनेजर को बंधक बनाकर उससे डकैती करने और घर वालों से फिरौती मांगने के मामले में दो आरोपितों को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई। अपर जिला जज (प्रथम) संध्या श्रीवास्तव की अदालत ने सुसुवाही, चितईपुर निवासी आरोपित रविशंकर कुमार व सुधीर कुमार यादव को ५०-५० हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा राजकुमार सिंह ने भेलूपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसका पुत्र सम्राट सिंह पिछले लगभग सात महीने से निलांचल जगन्नाथ सेवा एलपीटी, दुर्गाकुंड में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। अचानक छह सितंबर २०२६ को ०९.३० बजे पुत्र के मोबाइल से फोन आया, वह काफी घबराया हुआ लग रहा था और कहने लगा कि पापा हमें बचा लो नहीं तो ये लोग मार डालेंगे और कहने लगा कि पांच लाख ५० हजार रूपये लेकर तुरन्त चले आओं। जब प्रार्थी ने कारण पूछा तो फोन कट गया। प्रार्थी की पत्नी ने जब फोन मिलाया तो सम्राट के मालिक धवल पटेल ने फोन उठाया और कहा कि लड़का काम में कुछ पैसे की हेरा-फेरी किया है, तुरन्त पैसा भेजो, जब तक पैसा नहीं मिलेगा, तब तक लड़का नही मिलेगा और फोन काट दिया। घबराहट मे प्रार्थी और उसकी पत्नी आनन-फानन बस पकड़कर अपने साथ अपने मकान की रजिस्ट्री की मूल प्रति लेकर बनारस गये।



जब हम लोग सुबह वहाँ पहुँचे तो होटल हरे कृष्णा में प्राथी का पुत्र कहीं बन्द कर रखा गया था और उनसे मिलने नहीं दिया गया। लगभग १२ बजे मिलवाया, तो देखा कि उसके पुत्र के सिर से खून बह रहा था और पीठ और हाथ-पैर पर शरीर मे सब जगह चोट के निशान थे। जब हमने बच्चे को ले जाने की कोशिश की तो वहाँ पर मौजूद लोग धवल पटेल, सुधीर यादव, समीर खान, रविशंकर कुमार, कुलशेखर पाण्डेय आदि ने सम्राट को पकड़ लिया और थप्पड़ मारने लगे हमसे कहने लगे कि तुम्हारे पुत्र ने ग्राहको का पैसा अपने खाते में लिया है। उन लोगो ने प्रार्थी एवं पार्थी की पत्नी का मोबाइल जमा करा लिया और रिश्तेदारों को फोन कर पैसा मंगाने का दबाव बनाया। इसके बाद सात सितंबर २०२६ को शाम लगभग ०८.३० बजे प्रार्थी की पत्नी के गहने, चेन, अंगूठी, झुमका, पायल छीन लिया और किसी को बुलाकर एक लाख रूपये में झुमका बेच दिया। वे लोग प्रार्थी उसकी पत्नी व पुत्र को मारना चाहते थे। फिर उसी रात लगभग १२ बजे वे लोग प्रार्थी को लेकर अपने चार पहिया से प्रार्थी के लखनऊ स्थित मकान आये, जहाँ से उनके दबाव पर प्रार्थी ने उनको एक-एक लाख की चार चेक और ४० हजार की एक चेक दिया। उसके बाद लगभग नौ बजे आठ सितंबर २०२६ को उन लोगो ने प्रार्थी के घर का वीडियो बनाया और प्रतापगढ़ स्थित पैतृक गाँव ग्राम बढ़नी पोस्ट पणवासी, थाना लीलापुर जिला प्रतापगढ़ ले गये और पार्थी के घर व जमीन का वीडियो बनाया। शाम लगभग चार बजे वे लोग प्रार्थी को बनारस लेकर पहुंचे। इसी दौरान सोची-समझी योजना के तहत प्रार्थी के पुत्र से एक मनगढन्त स्टाम्प पर पर हस्ताक्षर करवाया। प्रार्थी के मकान की मूल रजिस्ट्री एवं प्रार्थी के पुत्र को मोबाइल को सिम सहित रख लिये। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

जगतपुर पी.जी. कॉलेज जगतपुर वाराणसी सम्बद्ध-महात्मा गांधी काशीविद्यापीठ वाराणसी स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रवक्ताओं, की-रनातकोत्तरस्तर पर भौतिकविज्ञान, मनोविज्ञान 1-1 पद, स्नातकस्तर पर बी.सी.ए., बी.बी.ए. 2-2 पद, सांख्यिकी 01 पद अर्हता यू. जी.सी. एवं विश्वविद्यालय परनियमावली के अनुसार, अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन के 21 दिन के अन्दर अपने समस्त शैक्षणिक अंकपत्रों व प्रमाणपत्रों तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन कर सकते है। **प्रबन्धक**

वर्गीकृत विज्ञापन आज

सूचना

सूचना-मेरा पुत्र मो. रमजान आपके विद्यालय का कक्षा 11वीं का छात्र है, स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम MD Salman पुत्र का नाम MD Ramjan और मेरी पत्नी का नाम Naishari Begum गलत दर्ज हो गया है, जबकि मेरा नाम Salman पुत्र का नाम **Mohd Ramjan** व पत्नी का नाम **Naishari Begam** है, जो शुद्ध व सही है, सही नाम रिकॉर्ड में दर्ज किया जाय। **सलमान** पुत्र स्व. मो. कमरुद्दीन ग्राम व पोस्ट महाराजगंज तहसील व जिला गाजीपुर

सूचना

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2009 अनुक्रमांक 3093868 का अंकपत्र व मूलप्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है। **कैलाश नाथ मौर्य** पुत्र- दया शंकर मौर्य ग्राम व पोस्ट - बनकट (सेवापुरी) जिला - वाराणसी

सूचना-मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2935773 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **सत्यजीत कुमार कश्यप** पुत्र विश्वनाथ कश्यप, माता आशा देवी, ग्राम और पोस्ट नोनहरा, जिला गाजीपुर, उ.प्र.

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी चोपन-सोनभद्र

पत्रांक- 981/लेखा./निविदा सूचना /2026-27 **दिनांक** 31.10.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विधानमण्डल क्षेत्र विकास निधि से वित्तीय वर्ष-2026-27 क्षेत्र पंचायत चोपन के अन्तर्गत कराये जाने वाली निम्नलिखित परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	निधि	वर्ष	लागत जी.एस.टी. सहित (लाख मे)	अर्नेस्ट मनी 2% जी.एस.टी. छोड़कर रू.	निविदा
1	ग्राम पंचायत पनारी के ओबरा गांव में अन्नापूर्ण भवन के पास हाईमास्ट लाईट	वि.नि.	2026-27	4.73	8017.00	1180.00
2	ग्राम पंचायत पनारी के निंगा में इन्द्रमणी गोड के पास भवन के पास हाई मास्ट लाईट	वि.नि.	2026-27	4.73	8017.00	1180.00
3	ग्राम पंचायत कनहरा वन विभाग कार्यालय वि.नि. 2026.27 के पास भवन के पास हाई मास्ट लाईट	वि.नि.	2026-27	4.73	8017.00	1180.00
4	ग्राम पंचायत परसोई नवाटोला चौराहे पर हाई मास्ट लाईट	वि.नि.	2026-27	4.73	8017.00	1180.00
5.	ग्राम पंचायत खरहरा में अन्नापूर्ण भवन के पास हाई मास्ट लाईट	वि.नि.	2026-27	4.73	8017.00	1180.00
6.	ग्राम पंचायत अगोरी पंचायत भवन के पास हाई मास्ट लाईट	वि.नि.	2026-27	4.73	8017.00	1180.00
7.	ग्राम पंचायत अगोरी पटटा करजी महेश बागा के घर के पास हाई मास्ट लाईट	वि.नि.	2026-27	4.73	8017.00	1180.00
8.	ग्राम पंचायत बैरपुर टोला नदहरी हनुमत गुर्जर के घर के पास चौराहे पा हाई मास्ट लाईट	वि.नि.	2026-27	4.73	8017.00	1180.00
9.	ग्राम पंचायत बैरपुर सागरदह में देवी गुर्जर के चौराहे पर हाई मास्ट लाईट	वि.नि.	2026.27	4.73	8017.00	1180.00

इच्छुक ठेकेदार/फर्म दिनांक-31.10.2026 से 07.11.2026 के पूर्वाहन 12:00 बजे तक अपनी दरे तथा वांछित संलग्नक बन्द लिफाफे में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में निविदा बाक्स में किसी भी कार्य दिवस में डाल सकते है। निविदा दिनांक- 07.11.2026 को गठित समिति के द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति में पूर्वाह्न 02:00 बजे खोली जायेगी । निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य अवधि में दिनांक 06.11.2026 को सायं 5.00 बजे तक विकास खण्ड कैशियर से प्राप्त की जा सकती है। आवश्यक नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ सलंग्न होगी। प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग निविदा फार्म भरा जायेगा। निविदा सम्बन्धी जानकारी यथा प्राक्कलन/धरोहर की धनराशि/शर्ते आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु निविदा ब्रिकी के अन्तिम तिथि को निर्धारित समय तक विकास खण्ड कार्यालय चोपन सोनभद्र से प्राप्त की जा सकती है। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी का होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
चोपन-सोनभद्र

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, तीन घायल

दुद्धी(सोनभद्र)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कनहर नदी के समीप जाबर गांव पुरानी बैरियर के पास सड़क हादसे में बाइक चला रहे 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल साथी दीपक अगरिया ने बताया कि वह अपनी बाइक से गांव में घूम रहा था। इसी दौरान उसे गांव का ही धर्मेंद्र कुमार मिला और दोनों बाइक से गुटखा लेने दुकान पर गए। गुटखा लेने के बाद जब वे रास्ते में थे, तभी उन्हें अंजली और सीमा मिल गईं। दोनों बहनें ने कहा कि उन्हें इलाज कराने दुद्धी जाना है और वे बाइक के पेट्रोल का खर्च देंगी, इसलिए उन्हें भी साथ ले चलें। इसके बाद धर्मेंद्र और दीपक दोनों महिलाओं को बैठाकर दुद्धी की ओर आ रहे थे। कनहर नदी के समीप जाबर गांव में पुरानी बैरियर के पास ओवरटेक करते समय बाइक की गति तेज होने के कारण वह अनियंत्रित हो गई और विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आ गई। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक चालक धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तुरंत सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहाँ तैनात चिकित्सक डॉ मनोहर ने जांच के बाद धर्मेंद्र कुमार 25 वर्ष पुत्र विजय निवासी बरखोहरा थाना विंढमगंज को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे में घायल हुए दीपक कुमार पुत्र नागेश्वर प्रसाद अगरिया, अंजली पत्नी अशोक और मंजली कुमारी का अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में इलाज किया जा रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस उपनिरीक्षक श्याम जी यादव पुलिस बल के साथ तुरंत अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

दुद्धी(सोनभद्र)। दुद्धी नगर रेलवे स्टेशन से पश्चिम दिशा में लगभग दो किलोमीटर दूर अप लाइन पर शनिवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आने से सतेंद्र 20 पुत्र सीतल गोंड निवासी ग्राम रजखड़, थाना दुद्धी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सतेंद्र अप लाइन से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर जैसे ही आसपास के क्षेत्रों और गांव में फैली, देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुँची। शव को अपने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

निर्वाचक नामावली में नाम कटवाने के लिए मिथ्या शिकायत करना पड़ेगा भारी

फार्म-७ के माध्यम से झूठी, मनगढ़न्त शिकायत करने वालों के विरुद्ध होगी विधिक काररवाई

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने सर्वसाधारण को अवगत कराया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचकों को व्यक्तिगत रूप से बल्क में फार्म-7 उपलब्ध कराने की सीमा के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-31 में मिथ्या घोषणा करने के संबंध में दंडात्मक प्राविधान निर्धारित किए गए हैं। उक्त धारा के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति निर्वाचक नामावली की तैयारी, पुनरीक्षण अथवा शुद्धि या किसी प्रविष्टि को निर्वाचक नामावली में सम्मिलित अथवा अपवर्जित किए जाने के संबंध में जानबूझकर ऐसा कथन या लिखित घोषणा करता है, जिसके मिथ्या होने का उसे ज्ञान या विश्वास है अथवा जिसके सत्य होने का उसे विश्वास नहीं है, तो ऐसा व्यक्ति एक वर्ष तक के कारावास अथवा जुर्माने या दोनों से दंडनीय होगा।

युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिये डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में बैठक आज

सोनभद्र। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराया जाना है। इस पुनरीक्षण के अंतर्गत वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र मतदाताओं तथा 18 से 19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। उक्त विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 02 नवम्बर को अपराह्न 02 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने संबंधित सभी से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के संज्ञान में यह आता है कि फार्म-7 के माध्यम से की गई शिकायत झूठी अथवा मनगढ़न्त है, तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-31 के प्राविधानों के अंतर्गत जानबूझकर झूठा बयान देने अथवा मिथ्या लिखित घोषणा करने वाले आवेदकों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। अत: सभी नागरिकों से अपील है कि निर्वाचक नामावली से संबंधित शिकायत अथवा फार्म-7 प्रस्तुत करते समय सही एवं तथ्यात्मक जानकारी ही उपलब्ध कराएं।

काश्तकार की जमीन पर खनन माफियाओं द्वारा जबरन कब्जा किये जाने का मामला

ओबरा(सोनभद्र)। जिले के बभनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरवा टोला में काश्तकार की जमीन पर खनन माफ्रियाओं द्वारा जबरन कब्जा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला सोनभद्र, मिर्जापुर एमएलसी विनीत सिंह से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। काश्तकारों का आरोप है कि एमएलसी विनीत सिंह के प्रतिनिधि धीरज सिंह द्वारा पोकलेन मशीन और दर्जनों गुर्गों के साथ मौके पर पहुंच काश्तकारों को डरातेधमकाते हुए जमीन कब्जा किया जाने लगा। मौके पर पहुंचे एसडीएम, तहसीलदार, सीओ दुद्धी सहित बभनी एसएचओ ने कार्य को जायज बताते हुए मौन रहे। बताया गया कि काश्तकारों के निजी भूमि में उपलब्ध पत्थर के खनन कार्य हेतु ई-निविदा प्रकाशित की गयी थी, जिसमें मेसर्स बाबा बैजनाथ इण्टरप्राइजेज द्वारा उच्चतम बोली की गई। भू-स्वामियों के निजी भूमि की ई-निविदा में प्राप्त उच्चतम बोली से अधिक बोली लगाने के अधिकार के प्रस्ताव उपलब्ध कराये बिना ही खान अधिकारी द्वारा उक्त फर्म को टेण्डर दे दिया गया जब कि हम सभी उनसे ज्यादा राजस्व राज्य सरकार को देने में समर्थ है। काश्तकारों ने खनन/राजस्व विभाग पर लगाए गंभीर आरोप ग्राम बरवा टोला आराजी संख्या 2035, 203च, 173 रकबा 1.227 हेक्टेयर के भू-स्वामी पुचमणि पाण्डेय, विभवेश पाण्डेय तथा ग्राम चपकी आराजी संख्या 1967, 1968, 1969, 1971 रकबा 1.920 हेक्टेयर की भू-स्वामिनी देवमानिया पत्नी धनराज ने बताया कि जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा 12 जनवरी 2026 में निजी भूमि में उपलब्ध पत्थर के खनन कार्य हेतु ई-निविदा प्रकाशित की गयी थी। उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 में उल्लिखित भू-स्वामियों के निजी भूमि की ई-निविदा में प्राप्त उच्चतम बोली से अधिक बोली लगाने के अधिकार के प्रस्ताव उपलब्ध कराये बिना ही खान अधिकारी द्वारा बाहरी लोगों को टेण्डर दे दिया गया जब कि हम सभी उनसे ज्यादा राजस्व राज्य सरकार को देने में समर्थ है। भू-स्वामी को उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 में दिये गये अधिकार के प्राप्ति हेतु प्रार्थीगण द्वारा 13 अप्रैल 2026 में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में रिट याचिका संख्या 14970/2026 तथा 15066/2026 योजित किया गया था जिसमें माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा 28 अप्रैल 2026 को यथास्थिति बनाये रखने का आदेश पारित किया गया, जिसका अनुपालन नही किया गया। माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा 29 जुलाई 2026 को पारित आदेश के क्रम में तीनों द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में 07 अक्टूबर 2026 को दो अलग-अलग विशेष अनुमति याचिका योजित किया गया। जो वर्तमान में सुनवाई एवं अग्रिम आदेश पारित किये जाने हेतु लम्बित है। बताया कि घर पर 03 से 04 स्कार्पियो से आकर धीरज सिंह निवासी जौनपुर, हर्षित मिश्रा निवासी मीरजापुर एवं शिव कुमार सिंह निवासी धरतीडाड, बभनी, सोनभद्र व अन्य 04 अज्ञात लोगों द्वारा डराया धमकाया जा रहा है एवं जमीन बेचने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। वहीं इस संबंध में उप जिलाधिकारी दुद्धी के सीयूजी नंबर पर फोन किया गया तो उनका मोबाइल रिसीव नहीं हुआ। वहीं बभनी थाना प्रभारी निरीक्षक के सीयूजी नंबर पर हुई वार्ता में उन्होंने ने बताया कि मामला राजस्व/खनन विभाग का है। सूचना मिलने पर शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस टीम के साथ पर मौके पर पहुंचे थे।

२५ गोवंश बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

कोन(सोनभद्र)। गोवंश तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोन पुलिस को रविवार की सुबह अमिलाधाम-गरवान मार्ग पर बहदौरा झरिया के पास घेराबंदी कर 25 गोवंश बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका साथी फरार हो गया। रविवार की अलसुबह मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ लोग गोवंश को क्रूरतापूर्वक हांककर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही कोन पुलिस टीम ने अमिलाधाम-गरवान मार्ग पर बहदौरा झरिया के पास घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने रामविचार पुत्र स्वर्गीय मनोहर निवासी ग्राम बेलछ थाना चोपन को गिरफ्तार कर लिया।

विद्यार्थियों, शिक्षकों को आग से बचाव के सिखाये गये गुर

अनपरा(सोनभद्र)। दीपावली पर्व के मद्देनजर अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को सीआईएसएफ फायर विंग, अनपरा की टीम ने अनपरा टाउनशिप स्थित राजकीय इंटर कालेज में विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आग से बचाव, प्राथमिक अग्निशमन और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के व्यवहारिक तरीके सिखाए गए। कार्यक्रम में सीआईएसएफ फायर विंग के अधिकारियों ने अग्निशमन उपकरणों के संचालन का प्रदर्शन करते हुए उनके सही इस्तेमाल की जानकारी दी। साथ ही एलपीजी गैस रिसाव से होने वाले खतरों, गैस रिसाव की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों तथा आग लगने पर तत्काल किए जाने वाले बचाव कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। दीपावली के दौरान पटाखों के प्रयोग में विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाने की अपील भी की गई। इस जागरूकता अभियान में विद्यालय के लगभग 21 शिक्षक एवं 145 छात्र-छात्राओं सहित कुल 166 लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस मौके पर उप कमांडेंट अग्नि आरके शर्मा, सहायक कमांडेंट बृजेश कुमार, कंपनी कमांडर अग्नि अरुण कुमार मिश्रा एवं फायर प्रीवेंशन इंचार्ज निरीक्षक अग्नि पी. श्रीधर मौजूद रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी कमांडेंट नीतीश कुमार तोमर ने किया।

दीपावली पर सुरक्षा का संदेश लेकर जीआईसी स्कूल पहुंची सीआईएसएफ फायर टीम

दुरासनी मंदिर युवा कमेटी भंग

अनपरा(सोनभद्र)। मां दुरासनी सेवा समर्पण संस्थान (रजि.) ने पूर्व में गठित युवा विंग युवा कमेटी को भंग किए जाने के संबंध में सार्वजनिक रूप से अपना आधिकारिक पक्ष स्पष्ट किया है। संस्था के महामंत्री दशाराम यादव ने बताया है कि भंग की जा चुकी युवा विंग अब संस्था की अधिकृत इकाई नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त विंग को संस्था के नाम से बैठक आयोजित करने, कोई निर्णय लेने, चंदा अथवा आर्थिक सहयोग एकत्र करने, सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने या संस्था के नाम, पद, पहचान, मोहर एवं प्रतिष्ठा का उपयोग करने का कोई अधिकार नहीं है। शिकायतों और विवादित विषयों के बाद निर्णय लिया गया है।

सीईटीआई गेट के पास बरामद युवक की हुई शिनाख्त

सिंगरौली। मोरवा थाना क्षेत्र के सीईटीआई कालोनी के समीप मिले एनसीएल के पहचान पत्र के आधार पर हुई। पुलिस के अनुसार रजत एनसीएल झिंगुरदह परियोजना क्षेत्र में ही निवास करता था। ऐसे में उसका शनिवार देर शाम रेलवे फाटक से महज 20 से 25 मीटर की दूरी पर मिले युवक के शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान रजत प्रताप सिंह पुत्र शिव कुमार के रूप में हुई है। वह मूलत: उत्तर प्रदेश के कानपुर के आसपास का निवासी बताया जा रहा है तथा एनसीएल के झिंगुरदह परियोजना में ई एंड एम विभाग में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत था। मृतक की पहचान उसके पास से सीईटीआई गेट के समीप रेलवे ट्रैक तक पहुंचना कई सवाल खड़े कर रहा है। सबसे अहम बात यह है कि मृतक का मोबाइल फोन घटनास्थल अथवा उसके पास से नहीं मिला है। युवक झिंगुरदह से मोरवा कैसे पहुंचा और घटना से पहले वह किन परिस्थितियों में था, फिलहाल यह पुलिस के लिए पहेली बना हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अपने बेटे की असमय मौत की खबर सुनकर परिजन बदहवास हो गए और सिंगरौली के लिए रवाना हो रहे हैं। परिजनों के पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद ही मृत्यु के कारणों को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

एनसीएल झिंगुरदह में था असिस्टेंट मैनेजर, रजत प्रताप के रूप में हुई मृतक की पहचान, मोबाइल गायब होने से उलझी पुलिस की जांच

मोबाइल की तलाश, सीडीआर से खुल सकते हैं राज

घटना को लेकर आत्महत्या की आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि फिलहाल इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। मृतक का मोबाइल फोन बरामद करना जांच की अहम कड़ी माना जा रहा है। पुलिस मोबाइल की तलाश के साथ कॉल डिटेल रिकॉर्ड के जरिए यह पता लगाने का प्रयास करेगी कि घटना से पहले रजत ने किन लोगों से बातचीत की थी और उसकी आखिरी गतिविधियां क्या थीं। फिलहाल पुलिस के लिए यह पता लगाना प्राथमिकता है कि युवक रेलवे ट्रैक तक किन परिस्थितियों में पहुंचा और उसकी मौत किन हालात में हुई।

स्मार्ट हेल्थकेयर, वेहिकुलर नेटवर्क्स की सुरक्षा पर मंत्रणा

साइबर सुरक्षा के आधुनिक आयाम मल्टीमीडिया

चुर्क(सोनभद्र)। आरईसी में चल रहे तकनीकी कार्यक्रम के दूसरे दिन साइबर सुरक्षा के समकालीन आयामों और विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोगों पर विशेषज्ञों ने विस्तृत व्याख्यान दिए। सत्रों के दौरान डिजिटल युग में डेटा सुरक्षा, गोपनीयता और नेटवर्क रेजिलिएंस से जुड़ी वर्तमान चुनौतियों और उनके व्यावहारिक समाधानों पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम के प्रारंभिक तकनीकी सत्र में डा. मैनेजर यादव ने श्मल्टीमीडिया कंटेंट सिक्योरिटी विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि संचार माध्यमों से होने वाले दैनिक डेटा ट्रांसमिशन को विजुअल क्रिप्टोग्राफिक एल्गोरिदम के माध्यम से किस प्रकार सुरक्षित किया जा सकता है, जिससे संवेदनशील सूचनाओं की गोपनीयता और अखंडता बनी रहे। डा. अजय प्रताप ने स्मार्ट हेल्थकेयर में गोपनीयता संरक्षण विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों में मरीजों के व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स की सुरक्षा अत्यंत संवेदनशील विषय है। उन्होंने बताया कि मशीन लर्निंग तकनीकों के प्रभावी समन्वय से स्वास्थ्य डेटा की गोपनीयता बनाए रखते हुए भी नैदानिक उपयोगिता को सशक्त बनाया जा सकता है। अपराह्न के तकनीकी सत्र में डॉ. अजय प्रताप ने वेहिकुलर नेटवर्क्स की सुरक्षा के बारे में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने वेहिकुलर एड-हॉक नेटवर्क्स में होने वाले सिबिल अटैक्स से बचाव और नेटवर्क की मजबूती पर विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षक डॉ. आमोद कुमार तिवारी, डॉ. आशीष रंजन मिश्रा, डॉ. कल्पना सिंह, सिकंदर, नवनीत उपाध्याय मौजूद रहे।



किसानों के खातों में पहुंचे १८,६८४ करोड़ रुपये

लिलासी(सोनभद्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के तहत देश के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,684 करोड़ रुपये से अधिक की सम्मान राशि हस्तांतरित की गई। शुक्रवार को सुबह 10 बजे वाराणसी से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण म्योरपुर ब्लाक सभागार में किया गया। इस दौरान ब्लॉक क्षेत्र के लगभग 180 किसान उपस्थित रहे और उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोंड़ मौजूद रहे। उनके साथ बीडीओ राम विशाल चौरसिया, एडीओ एजी सहित कृषि विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

त्योहारों को लेकर सीओ ने गणमान्यजनों के साथ की बैठक

सोनभद्र। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने तथा बाजारों में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा ने कोतवाली रॉबर्ट्सगंज परिसर में व्यापारियों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ बैठक आयोजित किया। बैठक के दौरान उन्होंने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं पुलिस की सतर्कता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया। क्षेत्राधिकारी नगर ने व्यापारियों एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों से आपसी सौहार्द एवं सामाजिक समन्वय बनाए रखने तथा त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया।उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहने, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे सुचारु रखने, दुकानों के सामने अनावश्यक अतिक्रमण न करने एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया।

सीओ ने नगर में गस्त के दौरान स्वर्ण व्यवसायियों से किया संवाद

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा ने प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज के साथ कस्बा रॉबर्ट्सगंज में पैदल गश्त किया। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बाजार क्षेत्र एवं प्रमुख प्रतिष्ठानों का भ्रमण किया। इस दौरान स्वर्ण व्यवसायियों के प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर उनसे संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने एवं आवश्यकता पड़ने पर त्वरित संपर्क हेतु मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान किया। इसके साथ ही सीओ प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर उन्हें सदैव क्रियाशील एवं दुरुस्त रखने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सतर्कता बरतने, प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील किया। जनपद पुलिस द्वारा त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्कता के साथ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

मेधावी बच्चे मेडल, प्रशस्ति पत्र के साथ हुए सम्मानित

अनपरा(सोनभद्र)। पटेल सेवा समिति अनपरा के तत्वाधान में अखंड भारत के निर्माता भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 151वीं जयंती एकता एवं अखंडता दिवस के रूप में पटेल उद्यान अनपरा में शनिवार देर शाम को मनाई गई। मुख्य अतिथि एवं मुख्य महाप्रबंधक अनपरा तापीय परियोजना इं अजय कुमार कटियार तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा सरदार पटेल जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महाप्रबंधक प्रशासन इं शोभनाथ मिश्रा, महाप्रबंधक द ताप इं प्रशांत त्रिपाठी, महाप्रबंधक प्रशासन ओबरा इं निखिल चतुर्वेदी, महाप्रबंधक ब ताप इं चंद्र प्रकाश, महाप्रबंधक अ ताप इं डीके सिंह, महाप्रबंधक इं निशीथ शर्मा मौजूद रहे। सरदार पटेल को एकता का प्रतीक और भारत के प्रति योगदान को नमन करते हुए मुख्य अतिथि इं अजय कटियार ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस दृढ़ संकल्प और दूरदृष्टि से भारत की 562 छोटी बड़ी रियासतों को एकसूत्र में जोड़ा वह उनके अटूट राष्ट्रभक्ति भाव का प्रतीक है।हमें उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में एकता,अनुशासन और सेवा की भावना को सशक्त बनाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं अदालत वर्मा तथा संचालन इं धर्मेंद्र रामकरन व अभिषेक सिंह ने किया। इस मौके पर इं प्रवीण वर्मा, इं बीआर पटेल,इं सुभाष पटेल, इं प्रभाकर सिंह, इं रामप्यारे वर्मा, इं मनोज यादव मौजद रहे।

फरार चल रहे तीन वारंटी गिरफ्तार

रेणुकूट(सोनभद्र)। पिपरी थाने की पुलिस ने फरार चल रहे तीन वारंटियों को रविवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मेविस टाक एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष कुमार पाण्डेय के दिशा-निर्देशन में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारंटियों में महताब अंसारी पुत्र अमीनुद्दीन अंसारी निवासी वार्ड नंबर 12 शिवा पार्क रेनुकूट, सिकंदर साहनी पुत्र लच्छनधारी निवासी मकरा थाना पिपरी, राकेश गोंड उर्फगुड्डु पुत्र लक्ष्मण गोंड, निवासी मकरा को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

रंगयात्रा सांस्कृतिक समूह ने किया 'आज का सुदामा' नाटक का मंचन

शक्तिनगर(सोनभद्र)। एनटीपीसी सिंगरौली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन पुरस्कार वितरण एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। कर्मचारी विकास केंद्र में आयोजित समारोह में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक कार्यसंस्कृति को जीवन एवं कार्यव्यवहार का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण अगम प्रकाश तिवारी मौजूद रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ। अपर महाप्रबंधक सतर्कता सुशोवन दास ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्देश्यों एवं इस दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने संस्थान में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं ईमानदारी की कार्यसंस्कृति विकसित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अंबेडकर विद्यालय, विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं सेंट जोसेफ स्कूल के विद्यार्थियों ने आकर्षक समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, रंगयात्रा सांस्कृतिक समूह की ओर से श्री ज्ञानेश्वर मिश्रा 'ज्ञानी' के निर्देशन एवं परिकल्पना में संगीतमय नाटक 'आज का सुदामा' का प्रभावशाली मंचन किया गया। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता को आधुनिक सामाजिक परिस्थितियों से जोड़कर प्रस्तुत नाटक ने मित्रता, विश्वास, नि:स्वार्थता एवं मानवीय संवेदनाओं का संदेश दिया।

सुरक्षित खनन के साथ उत्पादन वृद्धि एनसीएल की प्राथमिकता

धूमधाम से मना कोल इंडिया का ५२वां स्थापना दिवस

सिंगरौली। नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड का 52वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। एन. फ्रैंक्लिन जयकुमार ने कहा कि वर्ष 1975 में स्थापना के बाद से ही कोल इंडिया देश की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वर्तमान भू-राजनीतिक तनावों से प्रभावित वैश्विक परिदृश्य में कोयला सहित ऊर्जा क्षेत्र का महत्व और भी बढ़ गया है। एनसीएल सीएमडी ने कर्मियों से एकजुट होकर देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनसीएल के कोयले से देश की 9.2 प्रतिशत बिजली बनती है। इसके साथ ही उन्होंने उत्पादन क्षमता में वृद्धि, संसाधनों के जिम्मेदार एवं अनुकूलतम उपयोग, सुरक्षित खनन प्रथाओं को अपनाने, परिचालन दक्षता बढ़ाने तथा समयबद्ध और निर्बाध गुणवत्तायुक्त कोयला प्रेषण को एनसीएल की प्राथमिकताएँ बताया। इस मौके पर अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक एन. फ्रैंक्लिन जयकुमार निदेशक मानव संसाधन, मनीष कुमार, निदेशक तकनीकी,संचालन आशुतोष द्विवेदी, निदेशक तकनीकी/परियोजना व योजना संजय कुमार मिश्रा मौजूद रहे।



चैनल गेट में उतरा करेंट, चपेट में आने से महिला की मौत

अतरौलिया क्षेत्र के बसहिया पुरवा गांव में घर की सफाई के दौरान हुआ हादसा

अतरौलिया, आजमगढ़। थाना क्षेत्र के बसहिया पुरवा गांव में रविवार सुबह करेंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के समय महिला अपने नवनिर्मित मकान में झाड़ू-पोछा कर रही थी। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। दो मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। जानकारी के अनुसार, बसहिया पुरवा गांव निवासी 35 वर्षीय इंदु शर्मा पत्नी जोखू शर्मा रविवार सुबह करीब 11 बजे अपने नवनिर्मित मकान में साफ-सफाई कर रही थीं। इसी दौरान

दुःखद

दो बच्चों के सिर से उठा मां का साया, परिवार में मचा कोहराम



मकान के चैनल गेट में सटे कटे हुए बिजली के तार के संपर्क में आने से गेट में करेंट उतर आया। इसकी चपेट में आने से इंदु गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजन आनन-फानन में उन्हें स्थानीय 100 शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति जोखू शर्मा नाई का काम कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके दो बच्चे हैं, जिनमें 13 वर्षीय बेटी माला और सात वर्षीय बेटा शिवा शर्मा शामिल हैं। मां की असमय मौत से दोनों बच्चों के सिर से ममता का साया उठ गया। घटना के बाद से पति और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पति जोखू शर्मा की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। थाना अध्यक्ष अश्वनी कुमार दुबे ने बताया कि परिजनों के तहरीर पर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

मालगाड़ी की चपेट में आने से एक की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। सरायमीर थाना क्षेत्र के स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास रविवार की सुबह मालगाड़ी की चपेट में आने से 51 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वह रेलवे लाइन पार कर रहे थे, तभी शाहगंज की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरायमीर थाना क्षेत्र के टंडवा (राजापुर सिकरौर) गांव निवासी साहब लाल यादव उर्फ झिनक ने शनिवार की शाम परिवार के लोगों को बताया था कि रविवार की सुबह दवा लेने जाना है। रविवार की सुबह वह घर से दवा लेने के लिए निकले थे। इसी दौरान सरायमीर रेलवे स्टेशन के पूर्वी आउटर के पास रेलवे लाइन पार करते समय शाहगंज की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें एंबुलेंस से फूलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

खाना बनाते समय सिलेंडर में आग से ट्रक का केबिन धू-धूकर जला



लालगंज, आजमगढ़। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के लालगंज में वाराणसी-आजमगढ़ हाईवे पर सुभाष फिलिंग स्टेशन के समीप सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में शनिवार को अचानक भीषण आग लग गई। ट्रक के केबिन में खाना बनाते समय छोटे गैस सिलेंडर में आग लगने से हादसा हुआ। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और सिलेंडर भी फट गया। आग की लपटें उठती देख चालक और खलासी अपनी जान बचाकर मौके से भाग निकले।

चालक और खलासी ने भागकर बचायी जान, पुलिस और फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

बताया जा रहा है कि ट्रक चालक और खलासी ने लालगंज स्थित सुभाष फिलिंग स्टेशन के पास ट्रक खड़ा किया था। दोनों ट्रक के केबिन में ही खाना बना रहे थे। इसी दौरान छोटे गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही दोनों घबरा गए और सिलेंडर को बुझाने का प्रयास करने के बजाय केबिन से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान की ओर भागे। कुछ ही देर बाद सिलेंडर फट गया, जिससे आग और तेजी से फैल गई। देखते ही देखते ट्रक का केबिन आग की लपटों से घिर गया। हाईवे पर खड़े ट्रक में आग लगने की घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। जानकारी मिलते ही देवगांव कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। अग्निशमन कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

पटिया विहीन नाले में गिरा बछड़ा, ग्रामीणों ने निकाला

बिलरियागंज, आजमगढ़। क्षेत्र के बघैला गांव में पटिया विहीन नाले में गिरकर एक बछड़ा रातभर तड़पता रहा। सुबह ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस घटना ने गांव में खुली नालियों की समस्या को एक बार फिर उजागर कर दिया है। घटना के बाद ग्रामीणों में खुली नालियों को लेकर नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कई स्थानों पर नालियां खुली हुई हैं, जो बेजुबान पशुओं के साथ-साथ राहगीरों और छोटे बच्चों के लिए भी खतरा बनी हुई हैं। रात के अंधेरे में खुली नालियों का पता नहीं चलने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नालियों को पटिया से ढका गया होता तो बछड़े को रातभर इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। समय रहते ग्रामीणों की नजर नहीं पड़ती तो बछड़े की जान भी खतरे में पड़ सकती थी।

पशु तस्करी में प्रयुक्त ट्रक और डस्टर कार जब्त

आजमगढ़। कन्धरापुर पुलिस की प्रभावी पैरवी पर प्रतिबंधित पशु तस्करी में प्रयुक्त ट्रक एवं रेकी में प्रयुक्त डस्टर कार जिला मजिस्ट्रेट द्वारा राज्य सरकार के पक्ष में जब्त करने का आदेश पारित किया। पिछले वर्ष 30 नवंबर को एसओजी प्रभारी संजय कुमार सिंह एवं थाना कन्धरापुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एक ट्रक में अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 8 प्रतिबंधित पशु बरामद किए गए थे। ट्रक के आगे एक डस्टर कार चल रही थी, जिसके माध्यम से ट्रक की रेकी की जा रही थी। पुलिस द्वारा दोनों वाहनों को कब्जे में लेते हुए इस संबंध में कन्धरापुर में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

दीवानी न्यायालय परिसर में लगा शिविर, ८७८ लोग लाभान्वित

आजमगढ़। दीवानी न्यायालय परिसर में रविवार को शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस मेगा कैंप में विभिन्न योजनाओं से लगभग 878 लोगों को लाभान्वित किया गया। इससे पूर्व दीवानी न्यायालय के हॉल ऑफ जस्टिस में जिला जज जयप्रकाश पांडेय ने देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर मेगा कैंप की विधिवत शुरुआत की।

लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, प्रतीकात्मक चेक, दिव्यांगों को मिली ट्राईसाइकिल



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस मेगा कैंप का उद्देश्य यही है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को अवश्य मिले। जिला जज और अन्य न्यायिक अधिकारी विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टॉल पर गए और लाभार्थियों से बात की और उन्हें लाभान्वित किया। स्वास्थ्य विभाग के कैंप पर कई न्यायिक अधिकारियों ने शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच कराई। वहीं नेत्र परीक्षण कैंप भी लगाया गया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अंकित वर्मा ने बताया कि मेगा कैंप में जिला जज तथा एएसपी सिटी व अन्य न्यायिक अधिकारियों ने लाभार्थियों को प्रमाणपत्र, प्रतीकात्मक चेक, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल वितरित किया। मेगा कैंप में कुल 34 विभागों के स्टॉल लगाए गए थे।

इस अवसर पर एएसपी सिटी मानुष पारीक, डीडीओ संजय कुमार, अपर जिला जज विजय कुमार वर्मा, ओम प्रकाश मिश्रा, अजय श्रीवास्तव, बालकृष्ण एन रंजन, अनुपम कुमार त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सत्यवीर सिंह, सिविल जज सीनियर रश्मि चन्द, एसीजेएम नीतिका राजन, केआर आनंद, अतुल पाल, सिविल जज जूनियर डिवीजन के फराज हुसैन, रविकांत, आशुतोष मणि, वीनस कुमार, कामाक्षी सागर, प्रवीण प्रियदर्शी, सौरभ कुमार, निहारिका यादव, रिपुदमन सिंह, अभिषेक स्वामी, आदेश प्रताप सिंह, अक्षत सोनकर, रामेष्टधर द्विवेदी, वंशिका श्रीवास्तव, अनामिका सिंह, जाह्नवी, अंकिता गोंड आदि न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

६३३ जोड़ों का सामूहिक विवाह अब पांच को

आजमगढ़। समाज कल्याण विभाग की संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत जिले में तीन नवंबर को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन सावित्री बाई फूल राजकीय पालिटेक्निक में कराया जाना प्रस्तावित था। अपरिहार्य कार्यों से उस दिन के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ सिंह ने बताया कि अब पांच नवंबर को पूर्व के निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर 633 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा।

पुलिस की संस्तुति पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त

आजमगढ़। महाराजगंज थाना क्षेत्र के शस्त्र लाइसेंस धारक राजबहादुर पुत्र धननाथ निवासी ग्राम नोबरार देवारा जदीद के विरुद्ध पंजीकृत आपराधिक अभियोगों एवं शस्त्र के दुरुपयोग की प्रबल संभावना के दृष्टिगत पुलिस द्वारा शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति की गई थी। पुलिस आख्या एवं उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षण के उपरांत जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश के क्रम में शस्त्र धारक का डीबीबीएल शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। राजबहादुर के खिलाफ तीन अभियोग न्यायालय में विचाराधीन बताए गए हैं।

गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। कसानगंज थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार की टीम ने क्षेत्र भ्रमण एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर छाता का पूरा ओवरब्रिज के पास से रविवार को सुबह लगभग आठ बजे गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित गुलशन गुप्ता पुत्र सुरेन्द्र गुप्ता निवासी कस्बा कसानगंज को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। वादिनी प्रमिला प्रजापति के पुत्र गुंजन को घर से ले जाकर हत्या करने एवं शव छिपाने जैसे जघन्य अपराध कारित करने तथा लोक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने के संबंध में गैंग लीडर प्रिन्स गुप्ता एवं गैंग सदस्य गुलशन गुप्ता के विरुद्ध जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के अनुमोदन के उपरांत उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

युवक पर फायरिंग करने के मामले में एक चढ़ा हत्थे

आजमगढ़। नगर कोतवाली के बलरामपुर चौकी प्रभारी मिथिलेश प्रजापति ने रविवार को सुबह लगभग साढ़े नौ बजे घर से बुलाकर युवक पर फायरिंग के मामले में प्रकाश में आए वांछित शरद यादव पुत्र स्व. वीरेन्द्र यादव निवासी ग्राम मनचोभा को मोजरापुर से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में 27 अक्टूबर को इन्द्रदेव यादव पुत्र विश्वनाथ यादव निवासी ग्राम ककरहटा द्वारा तहरीर दी गई थी कि उनका पुत्र निखिल यादव गांव के पास लगे मेले में गया था। मेले में सौरभ यादव एवं अजीत यादव के बीच गाली-गलौज हो रही थी, जिस पर उनके पुत्र ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग कर दिया। इसी बात को लेकर रंजिश रखते हुए सौरभ यादव ने उनके पुत्र को फोन कर बातचीत के लिए बुलाया तथा वापस जाते समय जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिससे गोली उसके दाहिने पैर की जांघ में लग गई।

पुलिस लाइन में यातायात माह का शुभारंभ

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार के निर्देशन में पुलिस लाइन में यातायात माह नवंबर का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज श्रीवास्तव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अतुल यादव, क्षेत्राधिकारी यातायात किरण पाल सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा एवं प्रभारी निरीक्षक यातायात संजय कुमार पाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके उपरान्त अपर पुलिस अधीक्षक यातायात पंकज श्रीवास्तव द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली पुलिस लाइन से प्रारम्भ होकर कलेक्ट्रेट चौराहा, अग्रसेन चौराहा, विशाल मेगा मार्ट, घंटाघर सहित नगर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों से गुजरते हुए पुनः पुलिस लाइन पहुंचकर सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से आमजनमानस को यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। यातायात माह का आयोजन 30 नवंबर तक किया जाएगा।

युवक पर चाकू से हमला करने का आरोपी पकड़ा गया

आजमगढ़। नगर कोतवाली के पहाड़पुर पुलिस चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार यादव ने शनिवार को रात लगभग पौने ग्यारह बजे युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में आरोपी राहुल मोदनवाल पुत्र स्व. रामजीत प्रसाद मोदनवाल निवासी पहाड़पुर को हथिया पुल से गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया। इस मामले में 30 अक्टूबर को गुड्डू कुमार सोनकर पुत्र स्व. रामदुलारे सोनकर निवासी मुहल्ला पहाड़पुर द्वारा तहरीर दी गई थी कि उनके भाई मनोज सोनकर अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान दुकान के बगल में राहुल मोदनवाल एवं एक अज्ञात व्यक्ति आपस में लड़ रहे थे, जिन्हें उनके भाई द्वारा बीच-बचाव कर अलग कराया गया। इसके बाद राहुल मोदनवाल पुनः चाकू लेकर आया तथा मिन्टू एवं उसके दामाद अमित मोदनवाल के कहने पर गाली-गलौज करते हुए उनके भाई मनोज सोनकर की गर्दन पर जान से मारने की नीयत से चाकू से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

लड़कियों के बिना समाज की कल्पना नहीं

जहानागंज, आजमगढ़। बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत इटौरा में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि फरदीन जावेद ने कहा कि लड़कियां हमेशा समाज का एक स्तंभ होती हैं। एक लड़की हमेशा समाज के लिए आशीर्वाद और इस संसार में निरंतरता का कारण रही हैं। बेटियों के बिना किसी समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। समाज में जागरूकता के अभाव में आज भी बेटियों को अपने दहलीज के अंदर रखने का काम किया जा रहा है, जबकि आज बेटियां देश के सभी क्षेत्रों में सर्वोच्च पदों पर आसीन होकर अपना नाम रोशन कर रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियां को अबला समझकर पढ़ने के लिए बाहर नहीं भेजी जाती हैं। उनकी पढ़ाई सिर्फ गांव तक सिमट कर रह जाती है।

रघुनाथपुर के मेले में सीता और लखन संग रघुनंदन का भी दर्शन

रानी की सराय, आजमगढ़। क्षेत्र के रघुनाथपुर में लगने वाला मेला धूमधाम से सम्पन्न हुआ। मेले में स्थापित मां दुर्गा प्रतिमाओं का लोगों ने जहां दर्शन-पूजन किया, वहीं परंपरागत राम-रावण युद्ध के बाद सीता और लखन के साथ रघुनंदन की झांकी का दर्शन किया।

दुर्गा प्रतिमाओं की पूजा-अर्चन के बाद लोगों ने चखी बिहार की जलेबी

निजामाबाद मार्ग पर स्थित बाबा ब्रम्हदेव स्थली पर लगने वाले मेला का लोगों का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस बार 29 अक्टूबर को मेले का आयोजन था परन्तु अर्नव तूफान के चलते स्थगित हो गया था। ज्यादातर दुकानें उसी दिन से मेले में पहुंच गई थीं। रविवार को आसपास के भी दुकानदारों ने पहुंचकर जगह सुरक्षित कर ली थी। मेले में बच्चों ने झूले, चरखी का आनंद लिया, वहीं लोगो ने जरुरत की सामानों की खरीदारी की। बिहार से आने वाली जलेबी की दुकानें भी चर्चा में रहीं। एक किमी की परिधि मे लगने वाले मेले में काफी भीड़ रही। दोपहर से देर शाम तक मेले का आनंद उठाते रहे। इस बार पांच पूजा कमेटियों द्वारा पांडालों मे प्रतिमा स्थापित की थी। लोगों दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन किए। राम-रावण युद्ध भी हुआ और उसके बाद रावण का पुतला दहन होते ही जय श्री राम के जयघोष होते रहे। मेले में समिति के अखिलेश तिवारी, नीरज तिवारी, सोनू यादव, पूर्व प्रधान धीरेंद्र नाथ त्रिपाठी आदि संचालन में रहे।



समझौते के हथियार से जोड़ा दो टूटता परिवार

आजमगढ़। मिशन शक्ति-6.0 अभियान के अंतर्गत रविवार को थाना कोतवाली परिसर स्थित परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई-किरण में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 8 पत्रावलियों में दोनों पक्षों को दूरभाष एवं नोटिस के माध्यम से सूचित कर मध्यस्थता हेतु बुलाया गया, जिसमें सभी पत्रावलियों के पक्षकार उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान 3 पत्रावलियों में दंपतियों ने आपसी कुशलता एवं पारिवारिक संबंधों में सुधार की जानकारी दी। वहीं 2 प्रकरणों में काउंसलिंग टीम द्वारा अथक प्रयास कर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर आपसी सहमति से समझौता कराया गया। इन प्रकरणों में ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, गाली-गलौज, मारपीट करने तथा घर में न रहने देने संबंधी शिकायतें अंकित थीं। 1 पत्रावली अन्य कारणों से बंद की गई तथा शेष 2 पत्रावलियों में अग्रिम सुनवाई हेतु तिथि नियत कर पक्षकारों को नोटिस/दूरभाष के माध्यम से सूचित किया जाएगा। समझौता कराए गए प्रकरण में सन्जू सोनकर पुत्री नन्दू सोनकर निवासी ग्राम जोलहापुर, थाना कंधरापुर तथा अभिषेक सहानी पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम फराशटोला का मामला शामिल रहा। इसमें काउंसलर डॉ. उमेशचन्द्र पाण्डेय, नेहा जायसवाल, एसआई महेन्द्र तिवारी, सत्यनारायण यादव, आरक्षी जितेन्द्र कुमार साह, सुनील कुमार गुप्ता एवं नेहा सिंह ने योगदान दिया।

वार्षिकोत्सव पर याद किये गये सरदार पटेल

अतरौलिया, आजमगढ़। पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज का 75वां वार्षिकोत्सव पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। अतिथियों एवं शिक्षकों ने सरदार पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। आयोजन में विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र सिंह गुड्डू तथा प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संचालन डॉ. दिनेश सिंह ने किया। वक्ताओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्रसेवा, दृढ़ इच्छाशक्ति और सामाजिक एकता की प्रेरणा देता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य अरुण कांत सिंह, प्रभाकर तिवारी, देवनारायण मिश्र, वीरेंद्र पांडेय, संजय तिवारी, रमेश सिंह, अखंड प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

नीलाम होगी गांधी आश्रम की कुर्क संपत्ति

आजमगढ़। एसडीएम सदर अविनाश कुमार गौतम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार राजस्व वसूली वसूली के क्रम में कर्मचारी भविष्य निधि पहड़िया वाराणसी सहायक श्रमायुक्त, मऊ उपश्रमायुक्त व विद्युत वितरण खंड प्रथम की जारी आरसी में कुल बकाया सात एक करोड़, 88 लाख, 89 हजार, 941 रुपये की वसूली क्रम में 14 फरवरी 2019 को क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम राहुल नगर मड़या की अचल संपत्ति कुर्क की गई थी। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के तहत अचल संपत्तियों की नीलामी 16 नवंबर दो बजे तहसील सदर सभागार में शर्तों/प्रतिबंधों के अधीन किया जाएगा।

युवा शक्ति की एकजुटता से ही तय होगी सफलता

आजमगढ़। श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय प्रांगण में अग्रवाल युवा समाज की हुई बैठक में कोषाध्यक्ष आदर्श अग्रवाल और सहायक कोषाध्यक्ष अक्षत अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन जयंती के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति मिली। कई नए युवाओं ने सदस्यता ग्रहण की, जिनका ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने महाराजा अग्रसेन का पटका पहनाकर स्वागत किया। प्रबंधक सुधीर अग्रवाल ने समाज की प्रगति और युवाओं के इस संगठित प्रयास की सराहना की। श्री अग्रवाल हितकारिणी न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष अतुल कुमार अग्रवाल मुन्ना बाबू ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में युवा शक्ति की भूमिका सबसे अहम है और लक्ष्मीपुत्र होने के नाते बिना किसी आरक्षण के अग्रवाल समाज ने अपनी मेहनत से प्रगति की है।

रोजगार मेले में उमड़ी युवाओं की भीड़, ५४३ को मिली नौकरी

अतरौलिया, आजमगढ़। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत रविवार को अतरौलिया क्षेत्र के पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में आयोजित इस मेले में नौकरी पाने के लिए सुबह से ही युवक-युवतियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मेले में करीब दो हजार बेरोजगार अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 543 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों में रोजगार के लिए चयन किया गया।

अतरौलिया में ३२ नामी कंपनियों ने लिया हिस्सा, दो हजार ने कराया पंजीकरण



रोजगार मेले में मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थ, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल और मार्केटिंग समेत विभिन्न क्षेत्रों की 32 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों की योग्यता, शैक्षिक प्रमाणपत्र और साक्षात्कार के आधार पर उनका चयन किया। रोजगार मिलने की खुशी चयनित युवक-युवतियों के चेहरों पर साफ झलक रही थी। शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा लालगंज जिलाध्यक्ष विनोद राजभर ने फीता काटकर किया। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सहायक निदेशक सेवायोजन राममूर्ति, जिला सेवायोजन अधिकारी राहुल गोंड, अनुदेशक अवधेश कुमार, अरुण कांत सिंह प्रधानाचार्य, कार्यक्रम संचालक दिनेश सिंह तथा डॉ. शैलेश जायसवाल सहित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय और विद्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

मुबारकपुर के बाद अतरौलिया में मिला पटाखे का अवैध भंडारण

दो गिरफ्तार, पौने छह लाख के ६७२ किलोग्राम विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद

आजमगढ़। दीपावली के पहले ही पटाखा के अवैध कारोबारी अपनी तैयारी में जुट गए हैं। काले कारोबार और भंडारण के लिए किराए के मकान का सहारा लिया जा रहा है। मुबारकपुर के बाद अतरौलिया क्षेत्र में भी अवैध भंडारण की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत अवैध पटाखों के भण्डारण एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार

छापेमारी

दीपावली के दृष्टिगत पुलिस ने शुरू किया अवैध पटाखों के भण्डारण के विरुद्ध अभियान



को थाना अतरौलिया पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कस्बा अतरौलिया में अलग-अलग स्थानों पर किराये के मकानों में अवैध रूप से पटाखों का भण्डारण किया गया है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए सम्मो माता मंदिर के निकट आकाश कुमार सिंह के मकान में किरायेदार विरेन्द्र कुमार गुप्ता गुप्ता पुत्र खेदन राम निवासी वार्ड नंबर नौ हनुमानगढ़ी मंदिर के पास के कमरे की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कमरे से विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद हुए, जिनका कुल वजन 24 गत्तों में 325 किलोग्राम पाया गया। बरामद पटाखों की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 65 हजार रुपये है। बिना वैध लाइसेंस पटाखों का भण्डारण करने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा पटेल तिराहे के पास मिस्त्री चाचा के मकान में किरायेदार प्रवीण गुप्ता उर्फ पिन्टू पुत्र खेदन राम गुप्ता निवासी वार्ड नंबर नौ बरन चौक के कमरे की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 10 बोरियों एवं 9 गत्तों में विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद हुए, जिनका कुल वजन 347 किलोग्राम पाया गया। बरामद पटाखों की अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 82 हजार रुपये है। बिना वैध लाइसेंस पटाखों का भण्डारण करने के आरोप में प्रवीण को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया और पटाखों को जब्त कर लिया। इस प्रकार दोनों के कब्जे से कुल 672 किलोग्राम विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद, अनुमानित कीमत करीब 5,47,000 रुपये बरामद हुए। इस कार्रवाई में एसआई विश्राम गुप्ता, संजय कुमार सिंह व देवी शंकर पाण्डेय की टीम शामिल रही।

काले कारोबार के लिए कस्बों में किराये के मकान का भी लिया जा रहा सहारा

पिंक प्रेरणा स्वरोजगार से महिलाओं को मिलेगा आत्मनिर्भरता का नया अवसर



आजमगढ़। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित पिंक प्रेरणा स्वरोजगार पहल के तहत रविवार को विकास खण्ड परिसर तहबरपुर में महिला स्वरोजगारियों द्वारा लगाए गए स्टालों का उद्घाटन जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इस पहल के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर उनकी आय में वृद्धि करने तथा उन्हें आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। पिंक ठेला स्वरोजगार योजना के तहत कुल 10 महिला स्वरोजगारियों का चयन कर उन्हें व्यवसाय संचालन के लिए ठेले उपलब्ध कराए गए हैं। विकास खण्ड परिसर के सामने इन महिलाओं द्वारा अपनी दुकानें स्थापित की गई हैं, जहां वे विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी आजीविका अर्जित कर सकेंगी। इससे महिलाओं को स्वयं का रोजगार शुरू करने का अवसर मिलने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने स्टालों का उद्घाटन कर उनके द्वारा संचालित की जाने वाली व्यावसायिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने इस पहल को ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से महिलाएं अपनी आजीविका के लिए स्वयं सक्षम बनेंगी तथा परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी। इस मौके पर सीडीओ कमलकिशोर देशभूषण कंडारकर, एसडीएम निजामाबाद, अपर पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त स्वत: रोजगार आराधना त्रिपाठी, बीडीओ तहबरपुर सिद्धार्थ सिंह, प्रमुख क्षेत्र पंचायत तहबरपुर प्रतिनिधि अजीत यादव आदि उपस्थित रहे।

खड़े कंटेनर में भिड़ा आक्सीजन टैंकर, दोनों चालकों की मौत

कंटेनर के नीचे बैठकर खराबी ठीक कर रहा था चालक



गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के गिराई के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से तेज रफ्तार ऑक्सीजन से भरा टैंकर जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑक्सीजन टैंकर के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दोनों वाहनों के चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, प्रयागराज की ओर से वाराणसी जा रहे कंटेनर में रास्ते में तकनीकी खराबी आ गई थी। इस पर चालक नूर मोहम्मद (40) निवासी बादली, जिला मेवात (हरियाणा) ने वाहन को राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़ा कर दिया। वह कंटेनर के नीचे बैठकर खराबी ठीक कर रहा था। इसी दौरान प्रयागराज की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहा ऑक्सीजन से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर खड़े कंटेनर में पीछे से टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से चपेट में आ गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों की सांसें थम चुकी थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस और नेशनल हाईवे की क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। इसके बाद दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कंटेनर के पास मिले ड्राइविंग लाइसेंस से चालक की पहचान नूर मोहम्मद के रूप में हुई, जबकि ऑक्सीजन टैंकर चालक की पहचान रामप्रीत यादव (50) निवासी मिठनपुर, निजामाबाद, आजमगढ़ के रूप में की गई। एंबुलेंस पायलट राजेश यादव और ईएमटी सुरेंद्र यादव ने शवों को अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया।

खड़ी डीसीएम में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक की मौत

ऊंज। ऊंज थाना क्षेत्र के नवधन गांव निवासी 30 वर्षीय अमरेश कुमार यादव की सड़क हादसे में मौत हो गई। गाजीपुर-जंगीपुर-मऊ मार्ग पर पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में डीसीएम चालक अमरेश की जान चली गई। जानकारी के अनुसार अमरेश कुमार यादव अपनी डीसीएम लेकर सामान पहुंचाने गाजीपुर गए थे। रास्ते में वाहन सड़क किनारे खड़ा कर वह डीसीएम में आराम कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने खड़ी डीसीएम में टक्कर मार दी। हादसे में अमरेश गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना नवधन गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पिता लालचंद यादव के पांच पुत्रों में सबसे छोटा था। पत्नी निशा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार की खुशियां अभी दो माह पहले ही बढ़ी थीं, जब अमरेश के घर पुत्र का जन्म हुआ था। मासूम के सिर से पिता का साया उठने से गांव में भी शोक की लहर है।

पीईटी परीक्षा केंद्रों का मंडलायुक्त और डीआईजी ने किया निरीक्षण

ज्ञानपुर। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार को मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल और डीआईजी विंध्याचल परिक्षेत्र ने जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने काशी नरेश विश्वविद्यालय सहित अन्य केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों, कंट्रोल रूम, बैठक व्यवस्था, अभ्यर्थियों की चेकिंग और बायोमेट्रिक इंतजामों का जायजा लिया। इस दौरान केंद्र व्यवस्थापकों और संबंधित अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने तथा सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।

९२ प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में एग्री स्टैक योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर डिस्ट्रिक्ट लेवल टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण, डिजिटल क्रॉप सवेज़ और फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जनपद में अब तक करीब 92 प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। जिलाधिकारी ने शेष किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के आंकड़ों का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। इससे किसानों को उर्वरक, बीज, कृषि ऋण और सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से मिल सकेगा। साथ ही बार-बार दस्तावेज जमा करने की जरूरत भी कम होगी।

भदोही में धान खरीद के लिए आठ नये केंद्र स्वीकृत

ज्ञानपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीद के लिए जनपद में आठ नए क्रय केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। अब कुल 36 केंद्रों पर एक नवंबर से खरीद शुरू होगी। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2441 रुपये और ग्रेड-ए का 2461 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष से 72 रुपये अधिक है। जनपद के लिए 28,500 मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने एजेंसियों को सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। किसानों को आधार लिंक्ड एवं एनपीसीआई मैप्ड बैंक खातों में भुगतान किया जाएगा। अब तक 375 किसान पंजीकरण करा चुके हैं।

ब्याज माफी योजना से व्यापारियों को मिलेगी राहत

ज्ञानपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में ब्याज माफी योजना-2026 को लेकर बैठक हुई। मिर्जापुर के ज्वाइंट कमिश्नर दिनेश दुबे ने व्यापारियों को योजना के प्रावधानों और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के मूल बकाये पर 100 प्रतिशत, एक करोड़ तक 90 प्रतिशत, पांच करोड़ तक 75 प्रतिशत और इससे अधिक पर 50 प्रतिशत ब्याज माफी मिलेगी। केवल बकाया जमा न करने पर लगे अर्थदंड में भी 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। योजना 16 अक्टूबर से तीन माह तक प्रभावी है। आवेदन विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन करना होगा। जिलाधिकारी ने व्यापारियों से योजना का लाभ उठाकर पुराने कर बकाये का निस्तारण करने की अपील की।

गुरुकुलम में आरएसएस के प्राथमिक शिक्षा वर्ग का समापन

गोपीगंज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भदोही की ओर से गुरुकुलम शिक्षण संस्थान, ननवगपुर जखांव में आयोजित प्राथमिक शिक्षा वर्ग का शनिवार को समापन हुआ। वर्ग के अंतिम दिन सायंकाल कुटुंब मिलन सहभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज के 200 से अधिक परिवारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताएं और बहनें भी शामिल हुईं। सभी परिवार अपने-अपने घरों से भोजन लेकर पहुंचे और स्वयंसेवकों के साथ एक स्थान पर बैठकर सामूहिक रूप से भोजन किया। इस आयोजन के माध्यम से पारिवारिक एकजुटता, आपसी मेलजोल और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। प्राथमिक शिक्षा वर्ग का संचालन जिला प्रचारक कमलेश जी, सह जिला शारीरिक प्रमुख परीश जी, मुख्य शिक्षक ऋषि जी, खंड प्रचारक ज्ञानपुर एवं सह मुख्य शिक्षक अरुण जी तथा वर्गाधिकारी विनय जी के मार्गदर्शन में किया गया।

धान क्रय केंद्र पर प्रभारी नदारद, आज से शुरू होगी खरीद

ऊंज। क्षेत्र के सूफीनगर स्थित धान क्रय केंद्र पर जंगीगंज के नाम से दो क्रय केंद्र बनाए गए हैं। केंद्र पर विपणन निरीक्षक पंकज भारती को प्रभारी तथा आनंद कुमार को कर्मचारी नियुक्त किया गया है। रविवार को कर्मचारी पहुंचे, लेकिन प्रभारी अनुपस्थित रहे। बताया गया कि रविवार को अवकाश होने के कारण सोमवार से खरीद शुरू होगी। केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक यंत्र, बोरे, गोदाम, तिरपाल, बैठने और पेयजल की व्यवस्था की गई है। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2441 रुपये और 20 रुपये पल्लेदारी मिलाकर कुल 2461 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान होगा। भुगतान ऑनलाइन पीएफएमएस से किया जाएगा। किसानों को पंजीकरण पत्र, आधार कार्ड और खतौनी लानी होगी।

अवैध पटाखों के साथ युवक गिरफ्तार

गोपीगंज। दीपावली से पहले अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में गोपीगंज पुलिस ने महुआरी गांव में छापेमारी कर 144 किलो पटाखे बरामद किए। मौके से अमित कुमार चौहान (24) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, पटाखे घर के बाहर टीनशेड के नीचे बोरी और कार्टून में छिपाकर रखे गए थे। पूछताछ में युवक ने बिना लाइसेंस दीपावली पर बिक्री के लिए पटाखे रखने की बात स्वीकार की। बरामद पटाखों में रॉकेट, फुलझड़ी, सुतली बम और मिसाइल सहित कई प्रकार के पटाखे शामिल हैं। पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की। मामला जमानतीय होने पर जमानत मुचलके पर उसे रिहा कर दिया गया।

बीमारियों से बचना है तो बढ़ायें शारीरिक श्रम-प्रतिमा सिंह

गोपीगंज। धरती बचाने और स्वस्थ जीवन का संदेश देने के उद्देश्य से रविवार को भदोही साइकिलिंग क्लब ने जागरूकता साइकिल यात्रा निकाली। साइकिल मैन अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में यात्रा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मुख्य चौराहे से शुरू होकर विभिन्न मार्गों और गांवों से होते हुए विहान बालक आवासीय विद्यालय पहुंची। यहां वार्डन प्रतिमा सिंह ने यात्रियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं पर बढ़ती निर्भरता शारीरिक कमजोरी और बीमारियों का कारण बन रही है। स्वस्थ रहने के लिए साइकिल चलाने और पैदल चलने को दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है। यात्रा में शामिल लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचाने और स्वस्थ भारत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान डॉ. एसएस यादव, प्रवीण श्रीवास्तव, सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

नशे में हंगामा करने वाला युवक गिरफ्तार

गोपीगंज। ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर 31 अक्टूबर की रात शराब के नशे में हंगामा कर रहे युवक को जीआरपी ने हिरासत में ले लिया। युवक पूछताछ खिड़की पर यात्रियों और कर्मचारियों से चिल्लाकर विवाद कर रहा था। समझाने के बावजूद शांत नहीं होने पर पुलिस ने कार्रवाई की। पकड़े गए युवक की पहचान हरिहरपुर, गोपीगंज निवासी प्रदीप पाल के रूप में हुई। जीआरपी ने बीएनएस की धारा 170/126/135 के तहत कारर्वाई करते हुए उसका शांतिभंग में चालान कर दिया।

कार्पेट एक्सपो मार्ट में विधिक सहायता शिविर

ज्ञानपुर। कार्पेट एक्सपो मार्ट में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ जनपद न्यायाधीश दिनेश चन्द ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में 21 से अधिक विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। कुल 378 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। पात्रों को आवास योजना के चेक, आयुष्मान कार्ड, प्रमाण पत्र, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल, बीज मिनी किट और उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरित किए गए। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को निःशुल्क विधिक सहायता और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

सफाई के अभाव में दुर्गंध परोस रहे यूरिनल

गोपीगंज। नगर के अति व्यस्त छोटी चौराहे पर व्यापारियों और खरीदारी के लिए आने वाले लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए सामान्य और पिंक यूरिनल बदहाली का शिकार हैं। नियमित सफाई नहीं होने से दोनों यूरिनल से उठने वाली दुर्गंध आसपास के दुकानदारों और राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। इससे बाजार में आने वाले ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय सभासद आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार पालिका प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन नियमित सफाई की व्यवस्था नहीं हो सकी। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि पालिका प्रशासन अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं करता है तो मोहल्ले के लोगों से चंदा जुटाकर यूरिनल की सफाई कराई जाएगी। स्थानीय निवासी जयंत चौरसिया, सिद्धार्थ गुप्ता, विनोद मोदनवाल, नितिन और अनुज बरनवाल ने बताया कि दुर्गंध के कारण दुकानों पर आने वाले ग्राहकों को परेशानी होती है।

एक किलोमीटर में सौ से अधिक गड्ढे

सुरियावां। ब्लॉक मुख्यालय के सामने से रामबाग के पश्चिम अभिया रोड तक जाने वाली सर्विस रोड पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। करीब एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर सौ से अधिक गड्ढे हो गए हैं। बरसात के पानी से गड्ढों में जलभराव होने के कारण लोगों का आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है। आए दिन राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग होने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से दोपहिया और चारपहिया वाहनों के चालकों को काफी सावधानी बरतनी पड़ती है। क्षेत्र के रामकुमार, आनंद कुमार, शिव कुमार, कमलाकांत और प्रवेश कुमार आदि ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क की स्थिति में सुधार कराने की मांग की है।

विश्वास में लेकर साढ़े चार लाख के आभूषण लेकर युवक फरार

३१.४४० ग्राम सोने के आभूषण लेकर दो-तीन घंटे में लौटने की कही थी बात

सुरियावां। कस्बे में विश्वास का फायदा उठाकर सोने के आभूषण लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। एक सर्राफा कारोबारी ने दूसरे युवक पर 31.440 ग्राम सोने के आभूषण, जिसकी कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये बताई गई है, लेकर गायब होने का आरोप लगाया है। पीडित ने रविवार को सुरियावां कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और आभूषण अथवा उनकी कीमत वापस दिलाने की मांग की है। पुराने परिचय और विश्वास के आधार पर युवक ने आश्वासन दिया कि ग्राहक से नकद भुगतान लेकर वह तुरंत रकम दे देगा। विशाल के अनुसार, युवक के कहने पर उन्होंने एक ज्वेलर्स से उधार लेकर सोने की चेन, लॉकेट, झुमका और अंगूठी सहित कुल 31.440 ग्राम के आभूषण उसे दे दिए। इनकी कीमत करीब 4.50 लाख रुपये बताई गई है। युवक ने आभूषण ग्राहक को दिखाकर दो-तीन घंटे में लौटने और बिक्री नहीं होने पर आभूषण वापस करने का भरोसा दिया था। आरोप है कि इसके बाद वह दुकान बंद कर गायब हो गया। पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज कर आभूषण बरामद कराने अथवा उनकी कीमत दिलाने की मांग की गई है।

हेलमेट, सीट बेल्ट को बनायें आदत, सड़क हादसों से बचेंगी जिंदगियां

ज्ञानपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस लाइन ज्ञानपुर में यातायात जागरूकता माह नवंबर-2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर अभियान की शुरुआत की। जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा यातायात वाहन को हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली रवाना की। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी यातायात राजीव कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन धीरेन्द्र सिंह और यातायात प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम में मौजूद रहे। रैली में शामिल स्कूली बच्चों और एनसीसी कैडेटों ने मुख्य चौराहों और बाजारों में पहुंचकर वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। इस दौरान लोगों से नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीड और ओवरलोडिंग से बचने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की गई। साथ ही नाबालिगों को वाहन नहीं चलाने देने और निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाने के प्रति भी जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल पुलिस की कार्रवाई से नहीं, बल्कि नागरिकों की जिम्मेदारी समझने से संभव है। पूरे नवंबर माह में जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रवर्तन की कार्रवाई भी की जाएगी।

सपा प्रत्याशियों की जीत पर जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत

कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

ज्ञानपुर। वाराणसी स्नातक खंड एवं शिक्षक खंड के चुनाव में समाजवादी पार्टी के दोनों प्रत्याशियों की जीत के बाद रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यकर्ता जनपद के लोकप्रिय जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव के पैतृक आवास ग्राम बसवापुर, गोकुलपट्टी पहुंचे और उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओ ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। स्वागत समारोह में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने इस जीत को पार्टी की एकजुटता, संगठनात्मक मजबूती और सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव को पार्टी कार्यकर्ताओं ने 'लकी मैन' बताते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि वाराणसी स्नातक एवं शिक्षक खंड की यह जीत समाजवादी पार्टी के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं, बेरोजगारों, नौजवानों और सम्मानित बुद्धिजीवी वर्ग की जीत है। सभी के सामूहिक प्रयास और समर्थन से पार्टी को यह सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता इसी एकजुटता और उत्साह के साथ जुटे रहें। वर्ष 2027 में भी सभी मिलकर समाजवादी पार्टी का परचम लहराएंगे।

काशी नरेश विश्वविद्यालय आयेंगी राज्यपाल, प्रोटोकाल जारी

ज्ञानपुर। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के आज के प्रस्तावित जनपद दौरे का विस्तृत प्रोटोकॉल जारी कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल राजकीय हेलीकॉप्टर से सुबह 9:55 बजे पुलिस लाइन ज्ञानपुर पहुंचेंगी। यहां से वह काशी नरेश विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में शामिल होने के लिए रवाना होंगी। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल दोपहर 1:35 बजे पुलिस लाइन से राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी। राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। जेड श्रेणी की सुरक्षा के तहत आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा चिकित्सा दल को जीवनरक्षक दवाओं के साथ तैनात रखने, राजस्व अतिथि गृह के कक्ष आरक्षित करने तथा खाद्य सामग्री और पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राज्यपाल के आगमन की तैयारियों का मंडलायुक्त, डीआईजी और डीएम ने लिया जायजा

काशी नरेश विश्वविद्यालय परिसर और पुलिस लाइन का किया निरीक्षण, साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था समय से दुरुस्त करने के निर्देश

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रस्तावित जनपद आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को विंध्याचल मंडल के मंडलायुक्त राजेश प्रकाश, डीआईजी पूनम, जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने काशी नरेश विश्वविद्यालय परिसर और पुलिस लाइन पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और आधारभूत सुविधाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत ज्ञानपुर और जिला पंचायत राज अधिकारी को विश्वविद्यालय परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। वहीं, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को परिसर और कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले मार्गों की मरम्मत तथा अन्य जरूरी कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए तैयारियों को समय से अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर भी जरूरी इंतजाम पहले से सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान काशी नरेश विश्वविद्यालय की कुलपति उमा श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर ज्ञानपुर में रूट डायवर्जन, सुबह आठ बजे से लागू होगा प्रतिबंध

ज्ञानपुर। काशी नरेश विश्वविद्यालय में सोमवार 2 नवंबर को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था सुबह आठ बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगी। भदोही से गोपीगंज और नेशनल हाईवे जाने वाले वाहनों को वेदपुर तिराहे से सरपतहां, चकमानसिंह, सीएमओ कार्यालय सरपतहां और दुर्गागंज तिराहे होते हुए गोपीगंज की ओर भेजा जाएगा। वहीं, गोपीगंज से भदोही, रजपुरा और नेशनल तिराहे की ओर जाने वाले वाहन दुर्गागंज तिराहा, लखनों तिराहा, सीएमओ कार्यालय सरपतहां, चकमानसिंह और वेदपुर तिराहे से होकर गुजरेंगे। कार्यक्रम के दौरान वेदपुर नहर पुलिया से शहीद शीतल पाल तिराहे तथा दुर्गागंज तिराहे से शहीद शीतल पाल तिराहे तक यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

अधिवेशन के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेशीय कार्यकारिणी का निर्वाचन रविवार को तहसील ज्ञानपुर के सभागार में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में आयोजित अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं मंडलों से आए पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान अशोक कुमार सिंह को प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन में कमला सिंह को प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष, लाखन सिंह चौहान, मार्कंडेय तिवारी, सुशील, बृजेश, इमरान अहमद, सुफिया बानो, रामचंद्र कनौजिया, प्राची मोदनवाल, संतोष कुमार वर्मा, मोहम्मद सैफ परवेज बानो, राधा पंजाबी, सुशीला यादव, श्रीप्रकाश और श्याममोहन सिंह को विभिन्न पदों पर निर्वाचित घोषित किया गया। इसी क्रम में तौकीर अहमद, सालिक राम और किशोरी लाल सहित अन्य पदाधिकारियों को मंडलीय जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लामा, ओपी पांडेय, कमल अग्रवाल, प्रांतीय संरक्षक त्रिवेणी प्रसाद तथा प्रांतीय सलाहकार परमेश्वर सिंह मौजूद रहे। निर्वाचन के उपरांत प्रांतीय संरक्षक त्रिवेणी प्रसाद ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। निर्वाचन अधिकारी प्रभाशंकर मिश्रा ने निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने की जानकारी दी।

संविधान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करेंगे नोडल शिक्षक

ज्ञानपुर। संविधान संवाद अभियान के तहत जनपद न्यायालय के सभागार में 50 विद्यालयों के नोडल शिक्षकों को विधिक साक्षरता का प्रशिक्षण दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और नीति-निदेशक तत्वों की जानकारी दी गई। प्रभारी सचिव हरिकिरण कौर, सिविल जज नीलम सिंह और सहायक प्रोफेसर डॉ. धीरेन्द्र विक्रम सिंह ने शिक्षकों को विधिक साक्षरता क्लबों के संचालन एवं वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। प्रशिक्षित शिक्षक विद्यालयों में विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों, कानून के प्रति सम्मान और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करेंगे।

डीघ और औराई में दो, पांच नवंबर को लगेगा रोजगार मेला

ज्ञानपुर। जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से दो स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि दो नवंबर को पं. बुद्धिराम महिला महाविद्यालय, इटहरा (डीघ) तथा पांच नवंबर को श्री काशीराज इंटरमीडिएट कॉलेज, जीटी रोड औराई में सुबह 10 बजे से मेला लगेगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। साथ में बायोडाटा, शैक्षिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र की छायाप्रति और पासपोर्ट साइज फोटो लाना होगा। मेले में प्रतिभाग करने के लिए कोई शुल्क या यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

आज मनेगी पूर्व केंद्रीय मंत्री की पुण्यतिथि

गोपीगंज। पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित श्यामधर मिश्र की पुण्यतिथि दो नवंबर को कठौता स्थित श्यामधर स्मारक पर मनाई जाएगी। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे आयोजित होगा। इसकी अध्यक्षता विनोद श्यामधर मिश्र करेंगे। पूर्व पीसीसी सदस्य सुरेश चंद्र उपाध्याय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पुण्यतिथि पर पंडित श्यामधर मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित्त कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया जाएगा।

नारद मोह की लीला के बाद अयोध्या में हुआ श्रीराम का जन्म, जयकारों से गूंजा रामलीला परिसर

बाबूसराय। श्री बजरंग रामलीला समिति सारीपुर की ओर से आयोजित रामलीला का शुभारंभ शनिवार की रात मुकुट पूजन के साथ हुआ। समिति के कोषाध्यक्ष समशेर बहादुर यादव ने विधि-विधान से मुकुट पूजन किया। इसके बाद रामलीला का मंचन शुरू हुआ। पहले दिन नारद मोह, देवताओं की प्रार्थना, भगवान विष्णु के राम अवतार की घोषणा और श्रीराम जन्म की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। कथा के दौरान माता पार्वती ने भगवान शिव से प्रभु श्रीराम के नर रूप में अवतार लेने का कारण पूछा। इस पर भगवान शिव ने नारद मोह की कथा सुनाई। बताया कि एक बार नारद मुनि को मोह उत्पन्न हो गया था, जिसे भगवान विष्णु ने दूर किया। उधर, रावण सहित अन्य राक्षसों के अत्याचारों से परेशान होकर देवतागण ब्रह्मा जी के पास पहुंचे। ब्रह्मा जी ने भगवान विष्णु की स्तुति की। इस पर भगवान विष्णु ने अयोध्या में राजा दशरथ के यहां श्रीराम के रूप में जन्म लेने का आश्वासन दिया। इसके बाद राजा दशरथ ने गुरु के निदेज़श पर पुत्रेष्टि यज्ञ कराया, जिसके फलस्वरूप उनके यहां चार पुत्रों का जन्म हुआ। भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य देखकर रामलीला परिसर में मौजूद दर्शक भावविभोर हो उठे। पूरा परिसर प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। अयोध्या में उत्सव और उल्लास का दृश्य प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष श्यामधर पाठक, प्रबंधक सुनील पाठक, अजित यादव, संजय यादव, अजय दुबे, ओमप्रकाश पाठक, विशाल विश्वकर्मा, संतोष दुबे, अभय पाठक, भाई जी दुबे, भुवाल विश्वकर्मा, राज विश्वकर्मा, नागेंद्र विश्वकर्मा, प्रेम पाठक, पीयूष पाठक, गोलू, प्रीत, पार्थ और सत्यम पाठक सहित समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेशीय चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ की प्रदेशीय कार्यकारिणी का निर्वाचन रविवार को तहसील ज्ञानपुर के सभागार में संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में आयोजित अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं मंडलों से आए पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान अशोक कुमार सिंह को प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन में कमला सिंह को प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष, लाखन सिंह चौहान, मार्कंडेय तिवारी, सुशील, बृजेश, इमरान अहमद, सुफिया बानो, रामचंद्र कनौजिया, प्राची मोदनवाल, संतोष कुमार वर्मा, मोहम

बैंकोंमें सुधारको गति

भारतको वर्ष २०४७ तक विकसित राष्ट्र बनानेका लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस दिशामें बहुआयामी सुधारोंके लिए सक्रियता बढ़ा दी गयी है। इसी क्रम में बैंकिंग क्षेत्रमें व्यापक सुधारके एजेण्डेको प्राथमिकता दी गयी है। भारतके बैंकिंग क्षेत्रमें सुधारकी दिशा अब केवल बैंकोंकी वित्तीय स्थिति सुधारनेकी तक सीमित नहीं है। विकसित भारतकी जरुरतोंके अनुरूप बैंकिंग व्यवस्थाको अधिक सक्षम, वैश्विक स्तरपर प्रतिस्पर्धा, डिजिटल, सुरक्षित और समावेशी बनानेकी तैयारी स्वागतयोग्य है। शुक्रवार ३० अक्तूबरको वित्त मंत्रालयने एक उच्चस्तरीय बैठक आहूत की जिसमें बैंकिंग क्षेत्रमें सुधारके एजेण्डेपर गहन मंत्रणा हुई। उसी दिन भारतीय रिजर्व बैंकने भी गवर्नर संजय मेहरोत्राकी अध्यक्षतामें केन्द्रीय बोर्डकी बैठक की, जिसमें बैंकिंग क्षेत्रमें सुधार मुख्य मुद्दा रहा। केन्द्र सरकार और रिजर्व बैंक मिलकर बैंकिंग क्षेत्रको २०४७ तक विकसित भारतके लक्ष्यसे जोड़नेकी दिशामें आगे बढ़ रहे हैं। वस्तुत: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जब २०२६-२७ का बजट संसदमें प्रस्तुत किया था तभी उन्होंने उच्च स्तरीय समिति बनानेकी भी घोषणा की थी। केन्द्र सरकार यह भी चाहती है कि विश्वके शीर्ष पांच बैंकोंमें कम से कम एक भारतीय बैंक भी उसमें शामिल हो। सुधारका नया चरण इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले कुछ वर्षोंमें सार्वजनिक क्षेत्रके बैंकोंकी स्थितिमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है। वित्तवर्ष २०२५-२६ में इन बैंकोंका संयुक्त लाभ १.९८ लाख करोड़ रुपयेपर पहुंच गया और सकल एनपीए १.९३ प्रतिशतके ऐतिहासिक निचले स्तरपर आ गया है। सरकारका नया एजेण्डा इसी परिवर्तनको दर्शाता है कि संकटसे उबरने वाली बैंकिंग से विकासको गति देने वाली बैंकिंगकी ओर ले जानेको हम संकल्पित हैं। इसके साथ ही वैश्विक स्तरपर बैंकको मजबूत बनाना, बैंकिंगमें पूंजी की उपलब्धता, एआई और डिजिटल बैंकिंगसे जुड़े अनेक विषय भी सुधारके क्षेत्रमें आते हैं। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्रके बैंकोंकी कार्यप्रणालीमें उल्लेखनीय सुधार करनेकी जरुरत है। बैंकोंकी स्वायत्तताके साथ जवाबदेही भी सुनिश्चित करना है। कृषि, छोटे उद्योग, स्टार्टअप, महिला उद्यमिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्थापर भी ध्यान केन्द्रित करना होगा। ग्राहक सुरक्षा सबसे बड़ा सुधारका क्षेत्र है। सुधारकी दिशामें अनेक चुनौतियां भी हैं, जिनपर विशेष ध्यान देना होगा तभी हम भारतीय बैंकोंको विकसित भारतके लक्ष्यके अनुरूप बना सकेंगे।

सराहनीय उपलब्धि

अन्तरिक्षमें लगातार बढ़ती भारतकी ताकत हर देशवासीके लिए गर्वकी बात है। भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संघटन (इसरो) का शुक्रवार देर रात नौवहन उपग्रह 'एनवीएस-०३' का सफल प्रक्षेपण और निर्धारित कक्षामें स्थापित किया जाना इसका प्रमाण है। इसीके साथ अब भारतके पास कक्षामें चार नेविगेशन उपग्रह हो गये जो इसरोकी बड़ी उपलब्धि है। इसरो अध्यक्ष बी.नारायणन के अनुसार बेहतर पोजीशनिंग, नेविगेशन और टाइमिंग सेवाओंके लिए कमसे कम चार उपग्रहोंकी आवश्यकता होती है, जिसे इस प्रक्षेपणके बाद भारतने हासिल कर लिया। इससे लोकेशन-नेविगेशन सुविधाएं मजबूत होंगी। अन्तरिक्ष में 'नाविक' के इनचार उपग्रहोंने भारतकी 'दृष्टि' को नयी रोशनी दी है। 'नाविक' के इन चार उपग्रहोंसे १०,४०० रेल इंजन और ६४ हजार मछली पकड़ने वाली नौकाओंकी निगरानीकी जा सकेगी। 'नाविक' जीपीएसका भारतीय संस्करण है जिसका दायरा १,५०० किलोमीटर तक फैला है। तकनीकी बाधाओंसे बचनेके लिए एनवीएस-०३ उपग्रहके तीन पाइरो वाल्व खुले रखकर भेजा गया है, क्योंकि २०२५ में प्रक्षेपित एनवीएस श्रृंखलाका दूसरा उपग्रह एनवीएस-०२ मिशन असफल हो गया था। पाइरो वाल्व अन्तरिक्षयानकी प्रोपल्शान सिस्टमका एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं जो तकनीकी बाधाओंको नियंत्रित करते हैं। इसरो अब अगले पांच महीनेमें एनवीएस-०४ और अगले दस महीनोंमें एनवीएस-०५ का प्रक्षेपण करनेकी तैयारी कर रहा है ताकि उपग्रह समूहको मजबूत किया जा सके। यह इसलिए भी जरूरी है कि निर्बाध सेवाएं और सटीक स्थिति निर्धारण सुनिश्चित करनेके लिए कक्षामें सात उपग्रहोंको तैनात करना होगा। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने इस प्रक्षेपणकी सफलतापर इसरोके वैज्ञानिकों और इंजीनियरोंको बधाई दी है। इससे भारतीय उपमहाद्वीपमें सामरिक और नागरिक सेवाओंके लिए लोकेशन और नेविगेशन सुविधाएं मजबूत होंगी। इसकी सराहना की जानी चाहिए।

लोक संवाद

एकताकी भावना

महोदय,-भारतमें बहुतसे महापुरुष हुए। इन महापुरुषोंने भारतको ही नहीं, बल्कि दुनियाको अच्छे मार्गपर ले जानेके लिए बहुतसे काम किये और दुनियाके लिए प्रेरक बने। इन्हीं महापुरुषोंमेंसे एक थे सरदार वल्लभभाई पटेल, जिनका जन्मदिन एकताकी भावनाको बढ़ानेके रूपमें भी मनाया जाता है, जो कि ३१ अक्तूबरको होता है। सरदार वल्लभ भाई पटेलने देशको आजाद करवानेके साथ-साथ देशकी एकताको मजबूत करनेमें मुख्य भूमिका निभायी थी। इन्होंने किसानोंको उनका हक अंग्रेजोंसे दिलानेके लिए काम किये थे। सरदार वल्लभ भाई पटेलको आज भी जिस मुख्य कार्यके लिए याद किया जाता है वो है देसी रियासतोंका एकीकरण। आज भारतको उनके विचारोंको कार्यरूप देनेकी जरूरत है। **- राजेश, वाया ईमेल।**

गहरी होती सामाजिक विषमताकी खाई

दुनिया आज ऐसे विरोधाभासके दौरसे गुजर रही है, जहां एक ओर विकास और आधुनिकताके नये कीर्तिमान स्थापित किये जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पर्यावरणीय विनाशकी चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। प्रश्न यह है कि जब दुनियाके पास पर्याप्त संसाधन हैं, तब भी करोड़ों लोग जीवनकी बुनियादी आवश्यकताओंके लिए संघर्ष क्यों कर रहे हैं।

❐ ललित गर्ग

अंतरराष्ट्रीय संस्था ऑक्सफैमकी रिपोर्ट डिजास्टर डिवाइड इसी प्रश्नका एक असहज, किन्तु विचारोत्तेजक उत्तर प्रस्तुत करती है। यह रिपोर्ट बताती है कि जलवायु संकट केवल प्रकृतिकी नाराजगी नहीं, बल्कि आर्थिक असमानता, अनियंत्रित उपभोग और संसाधनोंपर मुट्ठीभर लोगोंके बढ़ते नियंत्रणका परिणाम भी है। दुनियाकी लगभग ८० लाख आबादी वाले सबसे धनी ०.१ प्रतिशत वर्गकी जीवनशैली और निवेशसे होने वाला कार्बन उत्सर्जन करोड़ों नहीं, अरबों लोगोंके जीवनको प्रभावित कर रहा है। रिपोर्टके अनुसार यह वर्ग दुनियाके सबसे गरीब ४४ प्रतिशत लोगोंकी तुलनामें अधिक कार्बन प्रदूषणके लिए जिम्मेदार है। यह असमानता केवल आंकड़ोंका अन्तर नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनहीनताका ऐसा दस्तावेज है, जिसमें कुछ लोगोंकी विलासिताकी कीमत पूरी मानवता चुका रही है। निजी विमान, विशाल नौकाएं, अत्यधिक ऊर्जा खपत और प्रदूषणकारी उद्योगोंमें निवेश आधुनिक अमीरीके प्रतीक बन गये हैं, जबकि दूसरी ओर गरीब आबादी स्वच्छ हवा, सुरक्षित पानी और दो वक्तकी रोटीके लिए संघर्ष कर रही है। सवाल यह नहीं कि किसी व्यक्तिके पास कितनी संपत्ति है, बल्कि यह है कि उसकी संपन्नताका सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्य कौन चुका रहा है।



ऑक्सफैमकी 'डिजास्टर डिवाइड' रिपोर्ट दुनियाके सामने एक बुनियादी नैतिक प्रश्न खड़ा करती है-क्या विकासका अर्थ कुछ लोगोंकी असीमित समृद्धि और बहुसंख्यक मानवताकी बढ़ती विवशता है। पृथ्वी किसी एक वर्गकी जागीर नहीं, न ही उसके संसाधनोंपर किसी मुट्ठीभर लोगोंका एकाधिकार हो सकता है। याद रखना होगा कि जब समाजमें विषमताकी खाई बहुत गहरी हो जाती है, तब असंतोषकी आग सीमाओंमें नहीं बंधती। धरतीको बचाना है तो विकासकी दिशा बदलनी होगी, समृद्धिको संवेदनासे जोड़ना होगा और अर्थव्यवस्थाको मानवताके प्रति जवाबदेह बनाना होगा।

इस संकटका सबसे भयावह पक्ष यह है कि जलवायु आपदाएं भी अमीर और गरीबके बीच भेदभाव करने लगी हैं। बाढ़ एक ही समयमें अमीरकी आलीशान कोठी और गरीबकी झोपड़ीतक पहुंचती है, लेकिन दोनोंके परिणाम अलग होते हैं। अमीर सुरक्षित स्थानोंपर चले जाते हैं, बीमा और आधुनिक सुविधाओंसे नुकसानकी भरपाई कर लेते हैं, जबकि गरीब अपना घर, खेत, पशुधन और आजीविका गंवाकर वर्षों पीछे चला जाता है। ऑक्सफैमके अनुसार, अधिक आर्थिक असमानता वाले देशोंमें बाढ़से होने वाली मौतें सात गुनातक अधिक होती हैं। इतना ही नहीं, रिपोर्ट बताती है कि दुनियाके सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगोंका उत्सर्जन भविष्यमें लगभग १९ लाख अतिरिक्त गर्मी-संबंधी मौतोंका कारण बन सकता है। इनमें ७८ प्रतिशत मौतें निम्न एवं निम्न-मध्यम आय वाले देशोंमें होनेका अनुमान है। आर्थिक असमानताका यह अंतर केवल पर्यावरणतक सीमित नहीं है। जब समाजमें संसाधनों, अवसरों और अधिकारोंका वितरण अन्यायपूर्ण हो जाता है, तब असंतोष जन्म लेता है। बेरोजगारी, महंगी, खाद्य संकट, जल संकट और विस्थापन सामाजिक तनावको बढ़ाते हैं। धीरे-धीरे यही तनाव आक्रोश, विद्रोह, अपराध, सामुदायिक संघर्ष और हिंसाका रूप ले सकता है। यह कहना उचित नहीं होगा कि प्रत्येक हिंसाके पीछे केवल अमीरी-गरीबीका अंतर है, लेकिन जब विकासका लाभ सीमित हाथोंमें सिमटता है और संकटका बोझ बहुसंख्यक आबादीपर पड़ता है, तब सामाजिक शांतिकी नींव कमजोर होना स्वाभाविक है। विडंबना यह है कि कुछ बड़े निवेशक पहले प्रदूषणकारी उद्योगोंसे मुनाफा कमाते हैं और फिर उन्हीं आपदाओंसे निबटने, सफाई तथा पुनर्निर्माणके कारोबारमें लाभ अर्जित करते हैं। ऑक्सफैमका 'डिस्ट्रॉय एंड रीबिल्ड इंडेक्स' २१७ कम्पनियोंके माध्यमसे इसी दोहरे मुनाफेकी पड़ताल करता है। यह सचमुच ऐसी व्यवस्थापर प्रश्नचिह्न है, जहां किसीके लिए आपदा भी अवसर बन जाती है और किसीके लिए जीवनभरका अभिशाप।

भारतके संदर्भमें यह चेतावनी और भी गम्भीर है। भारतकी विशाल आबादीका बड़ा हिस्सा कृषि, निर्माण, छोटे व्यवसायों और असंघटित क्षेत्रपर निर्भर है। किसान अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और तापमान वृद्धिसे जूझ रहा है। मजदूर भीषण गर्मीमें काम करनेको विवश है और महानगरोंकी झुग्गी-बस्तियोंमें रहने वाले परिवार जलभराव तथा गर्मीकी दोहरी मार झेल रहे हैं। विश्व बैंकके अनुसार भारतकी ८० प्रतिशतसे अधिक आबादी ऐसे जिलोंमें रहती है जो जलवायु परिवर्तनसे उत्पन्न आपदाओंके जोखिममें हैं। वहीं, देशके ५७ प्रतिशत जिलोंमें रहने वाली लगभग ७६ प्रतिशत आबादी अत्यधिक गर्मीके उच्च या बहुत उच्च जोखिमका सामना कर रही है। भारतके लिए चुनौती केवल आर्थिक विकासकी गति बढ़ाना नहीं, बल्कि विकासको न्यायपूर्ण, समावेशी और पर्यावरणके अनुकूल बनाना है। विकसित भारत २०४७ का स्वप्न तभी सार्थक होगा, जब विकासकी चमक अंतिम पंक्तिमें खड़े व्यक्तिके जीवनतक पहुंचे। यदि एक ओर महानगरोंमें विलासिता और उपभोगके नये कीर्तिमान बनें और दूसरी ओर गांवोंमें किसान पानी, बिजली और आजीविकाके लिए संघर्ष करता रहे तो विकासकी तस्वीर अधूरी ही रहेगी। विश्वगुरु बननेकी आकांक्षा रखने वाले भारतको दुनियाके सामने यह उदाहरण प्रस्तुत करना होगा कि आर्थिक समृद्धि और प्रकृतिके संरक्षणके बीच संतुलन संभव है। इसके लिए कुछ बुनियादी प्राथमिकताएं आवश्यक हैं। संपन्न वर्ग और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगोंकी जवाबदेही तय हो, विलासितापूर्ण उपभोगपर उचित कर व्यवस्था बने, स्वच्छ ऊर्जाको प्रोत्साहन मिले और जल, जंगल तथा जमीनके संरक्षणको विकासकी अनिवार्य शर्त बनाया जाय। साथ ही जलवायु आपदाओंसे प्रभावित किसानों, मजदूरों और कमजोर समुदायोंके लिए सामाजिक सुरक्षा, बीमा, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा पुनर्वासकी प्रभावी व्यवस्था हो। विकासका लाभ केवल पूंजीके स्वामियोंतक सीमित न रहे, बल्कि श्रम करने वाले हाथोंतक भी पहुंचे।

भारतकी सांस्कृतिक चेतनामें 'सर्वे भवन्तु सुखिनः', 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और 'अपरिग्रह' जैसे जीवन-मूल्य सदियोंसे प्रतिष्ठित रहे हैं। महात्मा गांधीका 'सादा जीवन, उच्च विचार' केवल व्यक्तिगत आचरणका संदेश नहीं, बल्कि संसाधनोंके विवेकपूर्ण उपयोग और सामाजिक उत्तरदायित्वका दर्शन है। जैन दर्शनका अपरिग्रह भी यही सिखाता है कि आवश्यकतासे अधिक संग्रह अंतत: समाजमें असंतुलन पैदा करता है। प्रकृति हमारी संपत्ति नहीं, आने वाली पीढ़ियोंकी धरोहर है। अंतत: ऑक्सफैमकी 'डिजास्टर डिवाइड' रिपोर्ट दुनियाके सामने एक बुनियादी नैतिक प्रश्न खड़ा करती है-क्या विकासका अर्थ कुछ लोगोंकी असीमित समृद्धि और बहुसंख्यक मानवताकी बढ़ती विवशता है। पृथ्वी किसी एक वर्गकी जागीर नहीं, न ही उसके संसाधनोंपर किसी मुट्ठीभर लोगोंका एकाधिकार हो सकता है। आज आवश्यकता अमीरीको अपराध माननेकी नहीं, बल्कि अमीरीके साथ जवाबदेही जोड़नेकी है। याद रखना होगा कि जब समाजमें विषमताकी खाई बहुत गहरी हो जाती है, तब असंतोषकी आग सीमाओंमें नहीं बंधती। धरतीको बचाना है तो विकासकी दिशा बदलनी होगी, समृद्धिको संवेदनासे जोड़ना होगा और अर्थव्यवस्थाको मानवताके प्रति जवाबदेह बनाना होगा। क्योंकि जिस विकासमें प्रकृति सुरक्षित नहीं और मनुष्य सम्मानित नहीं, वह विकास नहीं, विनाशकी प्रस्तावना है।

आदिवासियोंके अस्तित्वका संकट

विकास किसी भी देशकी प्रगतिका आधार होता है, लेकिन विकासकी राहमें जब लोगोंके घर, संस्कृति और प्राकृतिक विरासत दांवपर लगने लगें, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर विकास किसके लिए किया जा रहा है।

❐ महेन्द्र तिवारी

अरुणाचल प्रदेशकी सियांग नदीपर प्रस्तावित विशाल जलविद्युत परियोजनाको लेकर उठ रहा विरोध इसी सवालको हमारे सामने रखता है। एक ओर सरकार इसे बिजली उत्पादन, जल सुरक्षा और राष्ट्रीय हितोंसे जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजना मानती है तो दूसरी ओर स्थानीय आदिवासी समुदायोंको अपनी पुश्तैनी जमीन, आजीविका और सांस्कृतिक पहचान खोनेका भय सता रहा है। अरुणाचल प्रदेशके सियांग क्षेत्रमें प्रस्तावित सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजनाकी क्षमता ११,२०० मेगावाट बतायी गयी है। यह भारतकी सबसे बड़ी प्रस्तावित जलविद्युत परियोजनाओंमेंसे एक है। राष्ट्रीय जलविद्युत निगमको इससे संबंधित प्रारंभिक व्यवहार्यता अध्ययनकी जिम्मेदारी दी गयी है। सरकारका तर्क है कि इस परियोजनासे बड़े पैमानेपर बिजली उत्पादन किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त नदीके जलका भंडारण और प्रवाहका नियमन करनेमें भी सहायता मिल सकती है। देशकी बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओंको देखते हुए ऐसी परियोजनाओंका महत्व नकारा नहीं जा सकता। लेकिन किसी परियोजनाकी उपयोगिता केवल उससे मिलने वाली बिजली या आर्थिक लाभसे तय नहीं होती। यह भी देखना आवश्यक है कि उसके निर्माणसे किन लोगोंको लाभ मिलेगा और किन्हें उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। सियांग घाटीमें रहने वाले आदि समुदायके लोगोंकी आशंकाएं इसी बिन्दुसे जुड़ी हैं। स्थानीय संघटनोंके अनुसार प्रस्तावित जलाशयके कारण २७ गांव डूब सकते हैं और अनेक अन्य गांवोंपर भी प्रभाव पड़ सकता है। प्रभावित होने वाले परिवारोंके लिए यह केवल मकान बदलनेका मामला नहीं है, बल्कि अपनी पूरी जीवनशैलीसे बिछुड़नेका संकट है।

आदिवासी समुदायोंका प्रकृतिके साथ संबंध सामान्य आर्थिक संबंधोंसे कहीं अधिक गहरा होता है। उनकी जमीनमें केवल खेत और मकान नहीं होते, बल्कि पीढ़ियोंकी स्मृतियां, पूर्वजोंकी विरासत और सामाजिक परम्पराएं भी जुड़ी होती हैं। नदी उनके लिए पानीका स्रोत भर नहीं होती, बल्कि जीवन और संस्कृतिका अभिन्न अंग होती है। सियांग नदीके आसपास रहने वाले अनेक लोगोंकी आजीविका खेती, बागवानी, पशुपालन और स्थानीय प्राकृतिक संसाधनोंपर निर्भर है। यदि उन्हें अपनी जमीन छोड़नी पड़ी तो उनके सामने रोजगार, भोजन, सामाजिक संबंधों और सांस्कृतिक निरन्तरतासे जुड़े अनेक प्रश्न खड़े हो सकते हैं। परियोजनाको लेकर पर्यावरणीय चिन्ताएं भी कम गम्भीर नहीं हैं। हिमालयका यह क्षेत्र भूकम्पकी दृष्टिसे संवेदनशील है। इतने बड़े बांधके निर्माणसे पहले भूगर्भीय संरचना, भूकम्पीय जोखिम, नदीके प्राकृतिक प्रवाह, वन्यजीवों और जैव विविधतापर पड़ने वाले प्रभावोंका गहन वैज्ञानिक अध्ययन आवश्यक है। बड़े जलाशयोंसे स्थानीय पारिस्थितिकीमें बदलाव आ सकता है। नदीके प्रवाहमें परिवर्तनका असर मछलियों, वनस्पतियों, कृषि और नदीपर निर्भर समुदायोंपर पड़ सकता है। हालांकि इन संभावित प्रभावोंकी वास्तविक सीमाका निर्धारण स्वतंत्र और विस्तृत वैज्ञानिक आकलनसे ही किया जा सकता है। इस विवादका एक महत्वपूर्ण पहलू राष्ट्रीय सुरक्षा भी है। तिब्बतमें चीन यारलुंग त्सांगपो नदीपर विशाल जलविद्युत परियोजना विकसित कर रहा है। यही नदी भारतमें प्रवेश करनेके बाद सियांग कहलाती है और आगे चलकर ब्रह्मपुत्र नदी प्रणालीका हिस्सा बनती है। चीनकी परियोजनाको लेकर भारतमें नदीके प्रवाह, जल प्रबंधन और संभावित रणनीतिक जोखिमोंपर चिन्ता व्यक्त की जाती रही है। ऐसेमें सियांगपर जल भंडारणकी भारतीय परियोजनाको राष्ट्रीय सुरक्षाके दृष्टिकोणसे भी देखा जा रहा है। फिर भी राष्ट्रीय सुरक्षा और स्थानीय लोगोंके अधिकारोंको एक-दूसरेके विरोधमें खड़ा करना उचित नहीं होगा। देशकी सीमाओंकी सुरक्षा जितनी आवश्यक है, उतना ही जरूरी उन नागरिकोंके अधिकारोंकी रक्षा करना भी है जो सीमावर्ती क्षेत्रोंमें रहते हैं। किसी परियोजनाका रणनीतिक महत्व अपने आपमें स्थानीय समुदायोंकी आशंकाओंको समाप्त नहीं कर देता। सरकारको यह स्पष्ट करना होगा कि परियोजनासे होने वाले सम्भावित लाभोंके साथ-साथ उसके सामाजिक और पर्यावरणीय जोखिमोंका समाधान किस प्रकार किया जायगा। अक्तूबर २०२६ में इस परियोजनाके विरोधने व्यापक रूप ले लिया है। स्थानीय संघटनों और युवाओंने सर्वेक्षण रोकने, गिरफ्तार कार्यकर्ताओंको रिहा करने तथा प्रभावित समुदायोंसे सार्थक बातचीत करनेकी मांग उठायी है। २३ अक्तूबरको पासीघाटमें विरोध प्रदर्शनके दौरान हिंसा और संपत्तिको नुकसान पहुंचनेकी घटनाएं भी सामने आयीं। हिंसा किसी समस्याका समाधान नहीं है और सार्वजनिक संपत्तिको नुकसान पहुंचाना उचित नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन विरोधके दौरान हुई हिंसाके कारण उन मूल सवालोंको भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए, जिनके कारण स्थानीय लोगोंमें असंतोष पैदा हुआ है।

सरकारका कहना है कि फिलहाल परियोजनाकी व्यवहार्यताका अध्ययन किया जा रहा है। सर्वेक्षणका अर्थ अंतिम निर्माण स्वीकृति नहीं है। तकनीकी दृष्टिसे यह अंतर महत्वपूर्ण है, लेकिन स्थानीय लोगोंकी आशंकाको भी समझना होगा। उनके लिए जमीनपर सर्वेक्षण और ड्रिलिंगकी शुरुआत भविष्यमें होने वाले बड़े बदलावोंकी आशंका पैदा करती है। इसलिए केवल यह कह देना पर्याप्त नहीं होगा कि अभी निर्माण शुरू नहीं हुआ है। सरकारको पारदर्शिताके साथ जानकारी साझा करनी चाहिए और स्थानीय लोगोंके प्रश्नोंका स्पष्ट उत्तर देना चाहिए। इस समस्याका समाधान संवाद, विश्वास और न्यायपूर्ण प्रक्रियामें छिपा है। परियोजनासे प्रभावित होने वाले प्रत्येक गांव और परिवारकी स्थितिका निष्पक्ष आकलन किया जाना चाहिए। पर्यावरणीय अध्ययन स्वतंत्र विशेषज्ञोंकी निगरानीमें हों और उनके निष्कर्ष सार्वजनिक किये जायं। स्थानीय समुदायोंकी सार्थक भागीदारी सुनिश्चित की जाय। यदि परियोजना आगे बढ़ती है तो पुनर्वास और मुआवजेकी व्यवस्था केवल आर्थिक भुगतानतक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि प्रभावित परिवारोंकी आजीविका, सामाजिक संबंधों और सांस्कृतिक आवश्यकताओंको भी ध्यानमें रखना चाहिए। विकासका वास्तविक अर्थ केवल बांध बनाना, बिजली पैदा करना या आर्थिक आंकड़े बढ़ाना नहीं है। विकास वह है जो लोगोंके जीवनको बेहतर बनाये, उनकी गरिमाकी रक्षा करे और प्रकृतिके साथ संतुलन स्थापित करे। सियांग परियोजनाके सामने चुनौती यही है कि राष्ट्रीय हितों और स्थानीय अधिकारोंके बीच ऐसा रास्ता निकाला जाय जिसमें किसी एककी कीमतपर दूसरेको लाभ न मिले। नदीकी धाराको नियंत्रित करनेसे पहले उससे जुड़े लोगोंकी आवाज सुनना जरूरी है। आखिर किसी भी लोकतंत्रकी सफलता केवल उसकी बड़ी परियोजनाओंसे नहीं, बल्कि इस बातसे तय होती है कि वह अपने सबसे दूरस्थ क्षेत्रोंमें रहने वाले नागरिकोंकी चिन्ताओंको कितनी गम्भीरतासे सुनता है।



अपरिवर्तनशील धर्म

❐ जग्गी वासुदेव

पंद्रह हजार वर्ष पूर्व आदियोगीने पंचभूतके बारेमें बताया था। वह अपने पहले सात शिष्योंको बताते हैं कि संपूर्ण ब्रह्मांड केवल पांच तत्वोंका खेल है और यह हमारे शरीरमें किस अनुपातमें अपना खेल खेलते हैं और कैसे, यदि आप इनपर महारत हासिल कर लेते हैं तो एक तरहसे आप सृजनपर महारत हासिल कर लेते हैं। सृष्टिके एक तत्वपर महारत होनेसे भी आपकी उसतक सीधी पहुंच हो जाती है, जो सृजनका स्रोत है। जब इस विज्ञानको विस्तारमें बताया जा रहा था तो सप्तऋषि और पार्वती वहां उपस्थित थे। आदियोगी इसके पीछेकी बुद्धिमता बताते हुए कहते हैं सिर्फ चार चीजोंके साथ, आप ऐसे सूपको पका सकते हैं जिसे हम आज ब्रह्मांड कहते हैं। भौतिक रूपसे जो कुछ भी है, वह मुख्यत: चार तत्व हैं। आप अधिकांश समय पांचवें तत्वका अनुभव नहीं करते। यदि मैं आपको सिर्फ चार चीजें दूं तो क्या आप इनसे सांभर भी बना सकते हैं। सांभर बनानेके लिए भी आपको पचीस सामग्रियोंकी आवश्यकता होती है। यदि कोई चार चीजोंके साथ एक पूरे ब्रह्मांडको पका सकता है तो यह चकित कर देनेवाली बुद्धिमता है। आदियोगी इन तत्वोंपर महारत हासिल करनेके विज्ञान और तकनीकका वर्णन कर रहे थे। यह सात और एक (सप्तर्षि और पार्वती) यह सब सुन रहे थे और उन प्रदर्शनोंको देख रहे थे जो कि आदियोगी उनके लिए कर रहे थे। फिर उन्होंने कहा या तो आप इन सभी चीजोंमें महारत हासिल कर सकते हैं या आप इस बुद्धिमताके प्रति समर्पण कर सकते हैं और यह आपका हो जायगा। सातों लोग इसमें महारत हासिल करनेके लिए उत्साहित थे और पार्वतीने इसके प्रति समर्पण करने और इसे खुदका हिस्सा बनानेका फैसला किया। तो इन सातोंको काम करनेके लिए दूर भेज दिया गया। पार्वतीको वहीं रहने दिया गया, क्योंकि उन्होंने इस बुद्धिमताके आगे समर्पण कर दिया था और यह उनका एक हिस्सा बन गया। इन सातोंको ऋषिके रूपमें जाना गया और पार्वती देवी बन गयीं। मैं बात कर रहा हूं कि स्वयंको आगे कैसे बढ़ाया जाय! यदि आप इस बातकी गहनतामें पहुंच जाते हैं कि सब कुछ कैसे प्रकट हुआ है, भले ही आप यहां दस लाख सालोंतक रहें और लगातार अध्ययन करें, यह एक अंतहीन प्रक्रिया होगी। यह रोमांचक है, लेकिन यह एक अंतहीन प्रक्रिया है या आप बस इस अंतहीन प्रक्रियाको एक तरफ रख देते हैं और उस आयामको छूते हैं, जो इस सबका स्रोत है। यदि आप यह खेल खेलना चाहते हैं तो आप खुदको सृजनके तत्वोंके साथ शामिल करते हैं। यदि आप यह खेल नहीं खेलना चाहते हैं, यदि आप एक मैच फिक्सर हैं और सिर्फ जीतना चाहते हैं। आपको खेलमें कोई दिलचस्पी नहीं है, आप बस सफल होना चाहते हैं और आगे बढ़ना चाहते हैं, तब आप केवल उसीको स्पर्श करते हैं जो सृजनका स्रोत है। आपको तत्वोंमें खोनेकी जरूरत नहीं है।

विधान परिषद चुनाव नतीजोंके संकेत

❐ रोहित माहेश्वरी

उत्तर प्रदेश, बिहार, कर्नाटक और महाराष्ट्रकी २८ विधान परिषद सीटोंपर आये चुनावी नतीजोंने देशकी सियासतको कई महत्वपूर्ण और गहरे संकेत दिये हैं। चूंकि ये चुनाव मुख्य रूपसे शिक्षकों, स्नातकों (ग्रेजुएट्स) और स्थानीय निकायों द्वारा बैलेट पेपरके माध्यमसे चुने जाते हैं, इसलिए इनके राजनीतिक संदेश सीधे तौरपर प्रबुद्ध वर्ग, सरकारी कर्मचारियों और जमीनी संघटनकी मनोदशाको दर्शाते हैं। चूंकि ये चुनाव बैलेट पेपरसे हुए थे, इसलिए एनडीएकी इस जीतने विपक्षके उस नैरेटिवको बड़ा झटका दिया है जिसमें अक्सर ईवीएमपर सवाल उठाये जाते थे। भाजपाने इस नतीजेसे यह संदेश दिया है कि उसकी जीतका आधार जनताका समर्थन और मजबूत संघटन है, न कि वोटिंग मशीन। विधान परिषदके चुनावोंमें कांग्रेस 'बड़े शून्य' के धब्बेसे बच गयी। नागपुर स्नातक सीट जीतकर सभीको चौंका दिया। नागपुरकी जीत 'प्रतीकात्मक' है, क्योंकि यहां आरएसएसका मुख्यालय है और केन्द्रीयमंत्री नितिन गडकरी यहांसे सांसद हैं। महाराष्ट्रके मुख्य मंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी नागपुरकी एक सीटसे विधायक हैं। क्या नागपुरमें स्नातक युवाओंपर संघ परिवारका मानसिक और नैतिक प्रभाव कम हुआ है।

उत्तर प्रदेशमें प्रधान मंत्री मोदीके चुनाव क्षेत्र वाराणसीमें शिक्षक और स्नातक सीटें समाजवादी पार्टीने जीती हैं। इस सीटपर प्रधान मंत्रीकी सांसदके तौरपर जीतका अन्तर भी काफी कम हुआ था, लिहाजा यह भाजपाकी नयी चिन्ता होनी चाहिए कि शिक्षक और स्नातक जैसा शिक्षित वर्ग क्या भाजपासे विमुख हो रहा है। आगरामें भी सपाका उच्च जातियोंके बीच समीकरण बैठाना यह संकेत देता है कि भाजपाके कोर वोटर व्यापारी वर्गके भीतर स्थानीय स्तरपर कुछ नाराजगी है जिसे दूर करना भाजपाके लिए बड़ी चुनौती होगा।

लखनऊ केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंहका चुनाव क्षेत्र है और गोरखपुर मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथका गृह-गढ़ है। लखनऊमें भाजपाकी पराजय हुई है और गोरखपुरमें 'दूसरी वरीयता' के स्तरपर मात्र ३०७ मतोंसे जीत पायी है। इलाहाबाद (अब प्रयागराज) भी भाजपाका गढ़ है। वहांसे भी सपाने जीत हासिल की है। उत्तर प्रदेशमें मार्च, २०२७ में विधानसभा चुनाव होने हैं। बेशक विधान परिषदके चुनाव सीमित होते हैं, फिर भी हजारों मतदाता अपने मताधिकारका प्रयोग करते हैं। यह भी जनादेशसे कमतर नहीं माना जा सकता। कमोबेश इनके नतीजोंसे स्पष्ट संकेत मिलते हैं, लिहाजा दल सबक भी ले सकते हैं। उत्तर प्रदेशमें आम विधानसभा चुनावसे पहले ही समीकरण बदलते लग रहे हैं। यदि सपा-कांग्रेसने वाकई गठबंधनमें चुनाव लड़ा तो नतीजे अप्रत्याशित भी हो सकते हैं। उत्तर प्रदेशमें कुल ११ सीटोंमेंसे भाजपाके हिस्से छह और सपाके हिस्से पांच सीटें आयी हैं। भाजपा पिछले चुनावकी तरह ही है, लेकिन सपाने दो सीटोंकी बढ़त बनायी है, लिहाजा संकेत स्पष्ट हैं कि भाजपाके सामने चुनावी चुनौतियां हैं। सबसे चौंकाऊ नतीजा यह रहा है कि कर्नाटकमें कांग्रेसका सूपड़ा साफ हो गया है। सभी चारों सीटोंपर भाजपा-जद (एस) का कब्जा हो गया है। कर्नाटकमें कांग्रेस सत्तारूढ़ है। मुख्य मंत्री डीके शिवकुमार 'चुनावी सियासत' के चाणक्य माने जाते रहे हैं। बेंगलुरुमें पुट्टन्ना परिषदकी शिक्षक वर्ग सीटसे पांच बार निर्वाचित हो चुके हैं और परिषदके उपाध्यक्ष भी रहे हैं, लेकिन इस बार वह सीट जद-एसने छीन ली है। शेष तीनों सीटोंपर भाजपा विजयी रही है। यह २०२८ के विधानसभा चुनावके मद्देनजर 'बदलावका संकेत' है। बेंगलुरु शिक्षक सीट जैसे मजबूत गढ़में मु

मेडिकल उपकरणों के दोबारा इस्तेमाल पर रोक, 75 प्रतिशत तक महंगा हो सकता है इलाज



डायलिसिस सेवाओं में चुनौती, अस्पतालों ने जतायी चिंता

नयी दिल्ली। देश के बड़े अस्पताल समूहों और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी एसोसिएशनों ने इलाज में एक बार इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के दोबारा इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगाने के सरकार के फैसले का विरोध किया है। उनका कहना है कि इस फैसले से जटिल बीमारियों के इलाज का खर्च 25 से 75 फीसदी तक बढ़ सकता है। डायलिसिस सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं और पहले से आर्थिक दबाव झेल रहे अस्पतालों की मुश्किलों में इजाफा हो सकता है। नारायण हेल्थ, मणिपाल हॉस्पिटल्स, फोर्टिस हेल्थकेयर, केआईएमएस हॉस्पिटल्स और मेदांत सहित कई बड़े अस्पताल समूहों के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वास्थ्य क्षेत्र की कई एसोसिएशनों के साथ मिलकर सरकार को विस्तृत ज्ञापन सौंपा है। इसमें मांग की गई है कि एक बार इस्तेमाल होने वाले सभी मेडिकल उपकरणों पर प्रतिबंध लगाने के बजाय कुछ चुनिंदा उपकरणों को तय सुरक्षा मानकों के तहत दोबारा इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाए। दरअसल, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने 16 अक्टूबर को एक निर्देश जारी कर उन चिकित्सा उपकरणों के दोबारा इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी, जिन्हें निर्माता कंपनियों ने केवल एक बार इस्तेमाल के लिए बनाया है। यह प्रतिबंध सरकारी और निजी दोनों तरह के अस्पतालों पर लागू किया गया है। सरकार ने इस फैसले का प्रमुख कारण मरीजों की सुरक्षा को बताया था। उसका कहना है कि ऐसे उपकरणों का दोबारा इस्तेमाल करने से संक्रमण और स्वास्थ्य संबंधी दूसरी समस्याओं का खतरा हो सकता है। इसके अलावा ऐसी शिकायतें भी मिली थीं कि कुछ अस्पताल इस्तेमालशुदा इन उपकरणों के लिए भी मरीजों से नई कीमत वसूलते हैं। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (भारत) के महानिदेशक गिरधर ज्ञानी ने बिज़नेस स्टैंडर्ड से इस बात की पुष्टि की है कि अस्पताल उद्योग की ओर से सरकार को इस संबंध में विस्तृत सुझाव भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि संगठन फिलहाल सरकार के जवाब का इंतजार कर रहा है। नैटहेल्थ के महासचिव सिद्धार्थ भट्टाचार्य का कहना है कि किसी भी तरह का प्रतिबंध लगाने से पहले मरीजों की सुरक्षा, उपकरणों की उपलब्धता और इलाज का खर्च जैसे पहलुओं का व्यापक आकलन होना चाहिए। उन्होंने मरीजों की सुरक्षा और इलाज के खर्च के बीच संतुलन बनाने के लिए एक ऐसा चिकित्सकीय जोखिम आकलन ढांचा तैयार करने की मांग की, जो उन देशों के अनुभवों पर आधारित हो, जहां भारत जैसी स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां हैं। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित आदेश को जल्दबाजी में लागू करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से लागू करने की अपील की। इस फैसले को लेकर सबसे बड़ी चिंता डायलिसिस सेवाओं को लेकर है। उद्योग से जुड़े अनुमानों के मुताबिक भारत में होने वाले 60 फीसदी से अधिक डायलिसिस सत्रों में डायलाइजर का एक से ज्यादा बार इस्तेमाल किया जाता है। देश में करीब 5 लाख मरीजों के लिए हर साल लगभग 4 करोड़ डायलिसिस सत्र होते हैं।

सन फार्मा का मुनाफा दूसरी तिमाही में 36 प्रतिशत घटकर 1,989 करोड़ रुपए पर

नयी दिल्ली। दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 36.36 प्रतिशत घटकर 1,988.53 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 3,124.95 करोड़ रुपए था। सन फार्मा ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2026-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आय बढ़कर 16,198.71 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 14,478.31 करोड़ रुपए थी। देश में दवाओं की बिक्री बढ़ने से आय में वृद्धि हुई। इस दौरान भारत में कंपनी की दवाओं की बिक्री 17.3 प्रतिशत बढ़कर 5,552.3 करोड़ रुपए हो गई। यह तिमाही में कंपनी की कुल एकीकृत बिक्री का 34.5 प्रतिशत थी। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका कुल खर्च बढ़कर 12,287.83 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 10,780.62 करोड़ रुपए था। सन फार्मा के प्रबंध निदेशक कीर्ति गणोरकर ने कहा कि तिमाही के दौरान भारत, उभरते बाजारों और दुनिया के अन्य हिस्सों में मजबूत कारोबार से कंपनी का प्रदर्शन बेहतर रहा।

आम जनता और कारोबारियों पर महंगाई का बोझ बढ़ा

महंगा हुआ कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर

नयी दिल्ली। दिवाली के त्योहार से ठीक पहले आम जनता और कारोबारियों पर महंगाई का बोझ बढ़ गया है। 1 नवंबर से दिल्ली से लेकर चेन्नई और अहमदाबाद से लेकर शिलांग तक कमर्शियल एलपीजी (रुक्कत्र) सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए गए हैं। हालांकि, आम गृहणियों के लिए राहत की बात यह है कि 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें स्थिर रखी गई हैं। इससे पहले 1 अक्टूबर को भी दिल्ली में 19 किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर ?62.50 महंगा हुआ था।

बेंचमार्क राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर अब 2,810 की जगह 2,820 का हो गया है, जबकि 14.2 किलो वाला घरेलू सिलेंडर 942 पर ही टिका हुआ है। अन्य प्रमुख शहरों में भी कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है-

ष्टहृत्र क्कह्म्द्बष्द्ग ।।द्बद्मद्ग- महंगी हुई ष्टहृत्र, अडानी टोटल गैस ने ?4.45



प्रति किलो तक बढ़ाए दाम, चेन्नई- यहां कमर्शियल सिलेंडर ?11.50 महंगा होकर ?2,994.50 का हो गया है (अक्टूबर में यह ?2,983 का था)। चेन्नई में घरेलू सिलेंडर का दाम 957.50 बना हुआ है। अहमदाबाद- अहमदाबाद में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 10.50 बढ़कर 2,842 (पहले 2,831.50) पहुंच गई है। यहां घरेलू सिलेंडर 949 पर स्थिर है।

मुंबई- मुंबई में कमर्शियल सिलेंडर 2,764 और घरेलू सिलेंडर 941.50 का मिल रहा है। पटना और लखनऊ- बिहार के पटना में कमर्शियल सिलेंडर 3,132 पर पहुंच गया है और घरेलू सिलेंडर 1,040 का है। वहीं, उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कमर्शियल सिलेंडर 2,942 का हो गया है, जबकि घरेलू सिलेंडर 979.50 पर स्थिर है। इसके अलावा शिलांग में कमर्शियल सिलेंडर 3,091 और घरेलू सिलेंडर 1,007.50 का है।

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ने का सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों, कैटरिंग और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पड़ेगा। इन स्थानों पर बड़े पैमाने पर 19 किलो वाले सिलेंडर का इस्तेमाल होता है, जिससे कारोबारियों की लागत बढ़ सकती है। हालांकि, बाजार में खाने-पीने की चीजों के दाम पर इसका कितना असर पड़ेगा, यह अन्य व्यावसायिक परिस्थितियों पर निर्भर करेगा।

भारत में एआई को मिलेगी नयी रफ्तार, अस्पतालों और बैंकों का डेटा इस्तेमाल कर सकेंगे स्टार्टअप

नयी दिल्ली। सरकार आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) प्रशिक्षण से संबंधित एक राष्ट्रीय ढांचे का प्रस्ताव देने वाली है। इस ढांचे के तहत स्टार्टअप इकाइयां, शोधकर्ता और कंपनियां अस्पतालों, बैंकों और सरकारी एजेंसियों में एकत्र जानकारियों (डेटा) का इस्तेमाल एआई मॉडल के प्रशिक्षण में कर पाएंगे। एआई प्रशिक्षण के लिए डेटा सशक्तीकरण एवं संरक्षण संरचना (डीईपीए) नाम से इस प्रस्ताव के मसौदा ढांचे में कहा गया है कि च्इसमें वर्ष 2030 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एआई की मदद से 500 अरब डॉलर का इजाफा हो सकता हैज्। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस ढांचे का प्रस्ताव दिया है। इस योजना के तहत एआई मॉडल का प्रशिक्षण सुरक्षित डेटा माहौल, गोपनीयता बनाए रखने की तकनीक और मशीन द्वारा पढ़े जा सकने वाले इलेक्ट्रॉनिक अनुबंधों के जरिये होगा। इससे डेटा उपलब्ध कराने वालों के मूल आंकड़े डेवलपर के हाथों में नहीं जाएंगे। शुक्रवार को बेंगलूरु में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने च्एआई प्रशिक्षण के लिए डीईपीएज् छोटी पुस्तिका जारी की। इस कार्यक्रम में प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद, इन्फोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन, एचडीएफसी बैंक के अंजनी राठौर, आईस्पिरिट फाउंडेशन के सह-संस्थापक शरद शर्मा, इमर्जेंट एआई के कार्यकारी चेयरमैन मानव गर्ग और सर्वम के अश्वनी शर्मा शामिल थे। च्डीईपीए ट्रेनिंगज् नाम के इस ढांचे को इस पुस्तिका में भारत के च्एआई के लिए डिजिटल सार्वजनिक ढांचेज् के रूप में बताया गया है। यह रिपोर्ट आईस्पिरिट फाउंडेशन के साथ मिलकर तैयार की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसमें चेतावनी दी गई है कि ऐसे ढांचे के बिना भारतीय स्टार्टअप इकाइयां और शोधकर्ताओं के लिए नवाचार की राह रुक जाएगी। साथ ही, यह भी चेतावनी दी गई है कि इससे बाजार में कुछ बड़ी कंपनियों का दबदबा बढ़ सकता है। यह ढांचा सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए 20 से 25 लाख करोड़ रुपये की ऋण की कमी से भी जुड़ा है। यह अनुमान भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा गठित एक विशेषज्ञ समिति का है। रिपोर्ट में डेटा डेडलॉक का जिक्र मुख्य समस्या के तौर पर किया गया है। अगली पीढ़ी की समस्याएं हल करने के लिए जरूरी डेटा अलग-अलग क्षेत्रों में बंटे हुए हैं। यह कई तरह की संस्थागत और विनियामक सुरक्षा प्रावधानों के तहत सुरक्षित है। रिपोर्ट में कहा गया है, च्भारत के पास डेटा का भंडार है। असली चुनौती इस भंडार को वास्तविक दुनिया के समाधानों में बदलने की है। इसमें चार बाधाएं यानी निजता से जुड़े जोखिम, संस्थागत और व्यावसायिक जोखिम, भरोसेमंद और सुलभ ढांचे की कमी और लागत-लाभ विश्लेषण अक्सर डेटा साझा करने की राह में मुश्किलें खड़ी करती हैं। इस रिपोर्ट के लेखकों का तर्क है कि केवल नाम और आईडी नंबर हटा देना काफी नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक च्केवल डेटा गुमनाम करने भर से काम नहीं चलेगा क्योंकि इसमें डेटा की पहचान फिर सार्वजनिक होने का जोखिम रहता है और डेटा की उपयोगिता भी कम हो जाती है। यह फ्रेमवर्क च्डीपीपीए इन्फरेंसज् से अलग है। च्डीपीपीए इन्फरेंसज् वित्त क्षेत्र में अकाउंट एग्रीगेटर मॉडल के जरिए काम करता है और इसमें व्यक्ति की सहमति से उसका डेटा साझा किया जाता है। इसके विपरीत, च्डीपीपीए इन्फरेंसज् का लक्ष्य बड़े पैमाने पर मौजूद, गुमनाम (डी-आइडेंटिफाइड) डेटा हैं जिनका इस्तेमाल शुरुआत में मॉडल बनाने के लिए किया जाता है। इसका ढांचा चार तकनीकी स्तंभों पर टिका है जिनमें डेटा एक्सचेंज प्लेटफॉर्म, इलेक्ट्रॉनिक अनुबंध, सुरक्षित डेटा वातावरण और डिफरेंशियल प्राइवेसी शामिल हैं।

वाणिज्य मंत्रालय ने निर्यातकों को रिलीफ योजना का बेहतर लाभ पहुंचाने के लिए गठित की समिति

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने निर्यातकों के लिए शुरू की गई रिलीफ योजना के तहत मंजूर धनराशि का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित करने और अधिक निर्यातकों तक इसका लाभ पहुंचाने के लिए छह सदस्यीय समिति गठित की है। सरकार ने 25,060 करोड़ रुपए के निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) के तहत रेजिलिएंस एंड लॉजिस्टिक्स इंटरवेंशन फॉर एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन (रिलीफ) योजना शुरू की है। इसका मकसद खाड़ी और पश्चिम एशिया के समुद्री व्यापार मार्गों में बाधाओं, माल ढुलाई की बढ़ती लागत तथा बीमा प्रीमियम में वृद्धि से निर्यातकों को राहत देना है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक व्यापारिक अधिसूचना में कहा कि रिलीफ योजना के तहत धनराशि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने और अधिक निर्यातकों को इसका लाभ दिलाने के लिए एक समिति गठित की गई है। इस समिति में डीजीएफटी के तीन अधिकारी तथा वाणिज्य विभाग, वित्तीय सेवा विभाग और भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) का एक-एक प्रतिनिधि शामिल है। अधिसूचना के अनुसार, समिति रिलीफ योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करेगी। इसमें ईसीजीसी की ओर से निपटाए गए दावों और उपलब्ध शेष धनराशि की जानकारी भी शामिल होगी। इसके अलावा, समिति योजना का लाभ उठाने में आ रही बाधाओं और मंजूर धनराशि के इस्तेमाल की स्थिति की समीक्षा करेगी। वह धनराशि के बेहतर उपयोग और अधिक निर्यातकों तक योजना का लाभ पहुंचाने के उपाय भी सुझाएगी।

ओडिशा सरकार ने वेदांत लिमिटेड को 2013 में आवंटित 28.8 एकड़ सरकारी जमीन का पट्टा किया रद्द

नयी दिल्ली। ओडिशा में जमीन संबंधी बाधाओं से कई औद्योगिक परियोजनाओं में देरी हो रही है। इस बीच, राज्य सरकार ने झारसुगुड़ा जिले में वेदांत लिमिटेड को आवंटित 28.8 एकड़ सरकारी जमीन का आवंटन/पट्टा रद्द कर दिया है। सरकार ने यह कदम लंबे समय से जमीन का इस्तेमाल नहीं किए जाने के कारण उठाया है। यह जमीन कंपनी को 2013 में आवंटित की गई थी। कंपनी ने इस पट्टे पर मिली जमीन को गिरवी रखकर बैंक से कर्ज भी लिया था। झारसुगुड़ा तहसील के पंचपाड़ा गांव में स्थित यह जमीन मूल रूप से वेदांत एल्युमीनियम लिमिटेड को आवंटित की गई थी। औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकास निगम (इडको) ने 8 अक्टूबर 2013 को पट्टा विलेख के जरिये कंपनी को इसका कब्जा सौंपा था। बाद में कंपनी का नाम बदलने के बाद 17 जनवरी 2020 को पट्टा वेदांत लिमिटेड के नाम कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, ओडिशा के प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा-1) के निरीक्षण के बाद इडको ने जमीन का आवंटन रद्द किया। इसके बाद झारसुगुड़ा के भूमि अधिकारी और इडको के संबलपुर मंडल के अतिरिक्त भूमि अधिकारी ने भी जांच पाया कि जमीन अब भी खाली पड़ी है। अधिकारियों ने कहा, च्कंपनी मूल पट्टा समझौते की शर्तें पूरी करने में नाकाम रही। आवंटन पत्र के खंड 19 और पट्टा समझौते के खंड 43 के मुताबिक, तय समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य शुरू करना जरूरी था। ऐसा नहीं करने पर जमीन का आवंटन रद्द किया जा सकता था और उसे सभी तरह के दावों और देनदारियों से मुक्त होकर इडको को वापस सौंपा जाना था। आवंटन रद्द करने का आदेश जारी करने से पहले इडको ने 9 अप्रैल को वेदांत को कारण बताओ नोटिस जारी कर जमीन का इस्तेमाल नहीं करने पर जवाब मांगा था। अपने जवाब में कंपनी ने कहा था कि इस जमीन का इस्तेमाल भविष्य में विस्तार, सहायक सुविधाओं, औद्योगिक सहयोगी बुनियादी ढांचे, कल्याणकारी सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी परियोजनाओं के लिए करने का प्रस्ताव है। हालांकि, बाद में मौके पर जाकर की गई जांच में पाया गया कि जमीन पर कोई बड़ा निर्माण या औद्योगिक गतिविधि नहीं हुई थी। इस बीच, वेदांत को निर्देश दिया गया है कि वह तुरंत संबंधित प्राधिकरण को जमीन का शांतिपूर्ण और खाली कब्जा सौंपे। साथ ही कंपनी को जमीन पर किसी तीसरे पक्ष का अधिकार बनाने, आगे निर्माण करने या अन्य गतिविधियां चलाने से भी रोक दिया गया है। वेदांत एल्युमीनियम मेटल के प्रवक्ता ने कहा, च्इस जमीन को गिरवी रखकर लिए गए कर्ज का पूरा भुगतान किया जा चुका है।

नई खबर...

सेबी लचीले पूंजी बाजारों को बढ़ावा दे रहा, निवेशकों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान-चेयरमैन

कोलकाता। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहीन कांता पांडेय ने शनिवार को कहा कि नियामक देश के पूंजी बाजारों को अधिक सुगम, कुशल और लचीला बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि सेबी का मुख्य ध्यान पूंजी निर्माण को सुगम बनाने, कारोबारी सुगमता में सुधार करने और निवेशकों की सुरक्षा को मजबूत करने पर है। उन्होंने यहां %भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स इन्वेस्टर्स फोरम% में पूंजी बाजार के विस्तार पर कहा कि पिछले दशक में बाजार पूंजीकरण में जोरदार वृद्धि हुई है, जिसमें कंपनियां इक्विटी और ऋण निर्गमों के जरिये सालाना औसतन 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक जुटा रही हैं।

उन्होंने कहा, हम व्यवसायों के लिए बाजारों को लगातार मजबूत कर रहे हैं। साथ ही उतनी ही प्राथमिकता निवेशकों की सुरक्षा भी है। विश्व स्तरीय बाजार न केवल सामान्य समय में कुशल होने चाहिए, बल्कि तनाव के दौरान भी लचीले होने चाहिए।%% पांडेय ने कहा कि ये उद्देश्य एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। उन्होंने बताया कि पूंजी बाजार में पश्चिम बंगाल की भागीदारी काफी बढ़ गई है और यहां निवेशकों की संख्या वित्त वर्ष 2014-15 के लगभग 12 लाख से बढ़कर आज 90 लाख से अधिक हो गई है, जिनमें से लगभग 36 प्रतिशत युवा निवेशक 30 वर्ष से कम आयु के हैं।

कोयला खनन करने वाली कंपनियों को सरकार ने दी राहत, भूमिगत खनन के लिए अब नहीं देना होगा अग्रिम भुगतान

देश में भूमिगत खनन को बढ़ावा देने के अहम कदम के तहत कोयला मंत्रालय ने आंशिक रूप से खोजे गए कोयला ब्लॉक के लिए भी अग्रिम भुगतान से छूट का लाभ दे दिया है। अभी जो कंपनियां आंशिक रूप से खोजे गए ब्लॉक में भूमिगत खनन करती हैं, उन्हें वहां मौजूद अनुमानित भूवैज्ञानिक भंडार के मूल्य का 0.2 प्रतिशत हिस्सा अग्रिम भुगतान के रूप में देना पड़ता है। कोयला खदान (विशेष वधान) अधिनियम और एमएमडीआर अधिनियम के तहत कोयले की बिक्री के लिए कोयला ब्लॉक की नीलामी की मौजूदा प्रक्रिया में राजस्व हिस्सेदारी की न्यूनतम सीमा 4 प्रतिशत तय की गई है। इसके अलावा ब्लॉक पाने वाली कंपनी को 2 प्रतिशत की अग्रिम राशि जमा करनी होती है। हालांकि भूमिगत खनन के लिए वर्गीकृत कोयला खदानों के मामले में राजस्व हिस्सेदारी की न्यूनतम सीमा 2 प्रतिशत रखी गई है और साथ ही अग्रिम भुगतान से पूरी तरह छूट दी गई है। आंशिक रूप से खोजी गई कोयला खदानों के मामले में चूंकि पहले से यह तय नहीं किया जा सकता कि खदान भूमिगत खनन, ओपनकास्ट खनन या मिश्रित खनन के लिए उपयुक्त है या नहीं, इसलिए ऐसी खदानों को 4 प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी के न्यूनतम मूल्य पर नीलामी के लिए रखा जाता है। इसलिए जिन मामलों में सफल बोलीदाता ऐसी कोयला खदानों में खोज के बाद भूमिगत खनन करता है, वहां मौजूदा प्रावधानों के तहत अग्रिम राशि का भुगतान करना होता है। मंत्रालय ने माना है कि ओपन कास्ट खनन की तुलना में भूमिगत खनन में शुरुआती निवेश अधिक लगता है, इसकी विकास अवधि लंबी होती है और उत्पादन लागत भी अधिक आती है। हालांकि भूमिगत खनन के पर्यावरणीय लाभ इन वित्तीय पहलुओं पर भारी पड़ते हैं, जिससे यह खनन का एक बेहतर तरीका बन जाता है।

अक्तूबर में विदेशी निवेशकों ने निकाले 34,843 करोड़, लेकिन आखिरी हफ्ते में बदला रुख

नयी दिल्ली। अक्टूबर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से 34,843 करोड़ रुपये निकाले हैं। यह लगातार दूसरा महीना है, जब विदेशी निवेशकों ने इतनी बड़ी रकम की बिकवाली की है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, दुनिया भर में ब्याज दरों और भारतीय कंपनियों की कमाई को लेकर चिंता के कारण विदेशी निवेशकों ने शेयर बेचे हैं। हालांकि, महीने के आखिरी हफ्ते में विदेशी निवेशकों का रुख बदला है। उन्होंने 26 से 30 अक्टूबर के बीच भारतीय शेयर बाजार में करीब 6,300 करोड़ रुपये लगाए हैं। इससे पहले 23 अक्टूबर को खत्म हुए हफ्ते में उन्होंने करीब 2,700 करोड़ रुपये निकाले थे।

सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने सितंबर में भारतीय शेयर बाजार से 35,861 करोड़ रुपये निकाले थे। इससे पहले जुलाई में उन्होंने 20,200 करोड़ रुपये और अगस्त में 29,631 करोड़ रुपये का निवेश किया था। अक्टूबर की बिकवाली को मिलाकर विदेशी निवेशक 2026 में अब तक भारतीय शेयर बाजार से कुल 2.95 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। मीरा मनी के को-फाउंडर आनंद के राठी के मुताबिक, अक्टूबर में विदेशी निवेशकों की बड़ी बिकवाली के पीछे कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, वैश्विक ब्याज दरें और कंपनियों की कमाई को लेकर चिंता प्रमुख कारण रहे हैं। उन्होंने कहा कि कच्चा तेल महंगा होने से भारत में महंगाई बढ़ने और कंपनियों के मुनाफे पर दबाव पड़ने का खतरा रहता है। इसके अलावा अमेरिका में बॉन्ड पर बेहतर रिटर्न मिलने की वजह से भी विदेशी निवेशक अपना पैसा दूसरे बाजारों में लगा रहे हैं। राठी के मुताबिक, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दौरान शेयर खरीदकर बाजार को सहारा दिया है। हालांकि, विदेशी निवेशकों की हालिया खरीदारी आगे भी जारी रहेगी या नहीं, यह कच्चे तेल की कीमतों, वैश्विक आर्थिक हालात और कंपनियों के नतीजों पर निर्भर करेगा। अक्टूबर के आखिरी चार कारोबारी सत्रों में से तीन में विदेशी निवेशकों ने कैश मार्केट में खरीदारी की है। इससे संकेत मिलता है कि भारतीय शेयर बाजार को लेकर उनका नजरिया कुछ बेहतर हुआ है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वीके विजयकुमार के मुताबिक, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने, भारतीय बड़ी कंपनियों के शेयरों की कीमतें आकर्षक होने और घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेत मिलने से विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े शेयरों में निवेश का रुझान कमजोर पड़ना भी एक वजह हो सकती है। विदेशी निवेशकों की खरीदारी बढ़ने से निफ्टी को दोबारा 23,000 के स्तर के ऊपर पहुंचने में भी मदद मिली है। हालांकि, विदेशी निवेशक अभी भी बड़ी फाइनैंशियल कंपनियों के शेयर बेच रहे हैं। दूसरी ओर, वे चुनिंदा फार्मा, हेल्थकेयर और डिजिटल प्लेटफॉर्म कंपनियों के शेयर खरीद रहे हैं।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। ग्राहकी निकलने तथा हाजिर में माल की कमी के कारण काबली चना 500 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गया। दाल मिलों की मांग से दलहनों में चना-मूंग-उड़द-अरहर की कीमतों में 50/100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मांग बढऩे तथा आपूर्ति कमजोर होने से सरसों व इसके तेल के भाव 50/100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। जबकि अखाद्य तेलों में मांग कमजोर होने से राइसफैटी की कीमतों में 100 रुपये की गिरावट रही। आवक कमजोर होने से गुड़-शक्कर की कीमतों में स्थिरता रही। जबकि मांग कमजोर होने से चीनी में कारोबार ढीला रहा। किराना जिंसों में मांग बढऩे से बड़ी इलायची के भाव 20 रुपये तथा छोटी इलायची के भाव 50 रुपये प्रति किलो तेज हो गए। बिकवाली कमजोर होने से जीरे में भी 200 रुपये की सुर्खी रही। आयातकों की बिकवाली घटने तथा त्योहारी मांग निकलने से पिस्ते के भाव 50/100 रुपये तथा बादाम गिरी के भाव 20/25 रुपये प्रति किलो तेज हो गए।

अनाज-दाल

निर्यात व घरेलू मांग बढऩे तथा राइस मिलों की बिकवाली कमजोर होने से बासमती चावल के भाव 100 रुपये बढक़र 1509 चावल सेला 8400/8500 तथा स्टीम 8600/8700 रुपये व बासमती 1718 सेला 9400/9500 तथा 1401 स्टीम के भाव 10000/10100 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। ग्राहकी निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से जौ 110 रुपये बढक़र 2840/2860 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दाल मिलों की मांग बढऩे तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से उड़द 100/200 रुपये बढक़र देसी 8200/9200 रुपये तथा रंगून एफएक्यू 9525/9550 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। बिकवाली कमजोर होने से मूंग भी 100 रुपये तेज होकर राजस्थान 8400/8700 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। आयातकों की बिकवाली सुस्त पडऩे से अरहर लेमन 50 रुपये बढक़र 9150/9175 रुपये तथा देसी के भाव 9550/9600 रुपये व राजस्थानी चना 7000/7025 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दलहनों में तेजी का रुख होने के कारण मिलों की बिकवाली कमजोर होने से अरहर दाल 100 रुपये बढक़र 12100/13000 रुपये तथा चना दाल 8000/8500 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। महाराष्ट्र की मंडियों के तेज समाचार आने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली घटने से काबली चना 500 रुपये बढक़र मीडियम 8000/8200 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गया। राजमा भी पूछपरख बढऩे से 200 रुपये बढक़र ब्राजील इंडियन 11700/11900 रुपये प्रति क्विंटल हो गया।



तेल-तिलहन

तेल मिलों की मांग बढऩे तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से सरसों 50 रुपये बढक़र 8350/8400 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। सरसों में तेजी का रुख होने के कारण मिलों की बिकवाली सुस्त पडऩे से सरसों तेल भी 100 रुपये तेज होकर 17050 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। जबकि ऊंचे भाव पर मांग कमजोर होने से सोया तेल के भाव 15000 रुपये तथा बिनौला तेल के भाव 14800 रुपये प्रति क्विंटल पर सुस्त रहे। अखाद्य तेलों में साबुन निर्माताओं की मांग कमजोर होने से राइसफैटी 100 रुपये घटकर 11800/11850 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। उठाव न होने से सोया एसिड ऑयल भी 100/200 रुपये घटकर 10000/10100 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया।

गुड़-चीनी

सरकार द्वारा अक्तूबर माह के पहले पखवाड़े के लिए 14 लाख टन का कोटा आबंटित किया गया है जो सितंबर की तुलना में अधिक है। कोटा छोड़े जाने व महीने के अंतिम तारीख होने के कारण लिफ्टिंग का दबाव बढऩे के कारण मिल डिलीवरी चीनी के भाव 4500/4600 रुपये पर सुस्ते रहे। महाराष्ट्र में भी मांग कमजोर होने से चीनी के भाव 20 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। जबकि पश्चिम उत्तर प्रदेश की मंडियों से आवक न बढऩे के कारण गुड़ पेड़ी के भाव 5900/6000 रुपये तथा ढैया के भाव 6100/6200 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे।

किराना-मेवे

ग्राहकी निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से छोटी इलायची 50 रुपये बढक़र 2800/3600 रुपये प्रति किलो हो गई। बड़ी इलायची भी पूछपरख बढऩे से 20 रुपये तेज होकर 1450/1490 रुपये प्रति किलो हो गई। जीरा भी स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से 200 रुपये बढक़र 23400/23600 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। दूसरी ओर मांग कमजोर होने से धनिया बादामी 100 रुपये मुलायम होकर 16200/16400 रुपये तथा हल्दी ईरोड गट्ठा 18900/19000 रुपये पर 200 रुपये प्रति क्विंटल नीचे आ गया। मेवों में आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से पिस्ता 100 रुपये तेज होकर ईरानी 2950/3100 रुपये, पेशावरी 3900/4000 तथा पिस्ता डोडी रोस्टिड 1650/1700 रुपये प्रति किलो के उच्च स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली कमजोर होने से बादाम



गिरी कैलीफोर्निया 20/25 रुपये बढक़र 1000/1070 रुपये प्रति किलो हो गई। जबकि मांग कमजोर होने से अंजीर 500/1000 रुपये घटकर 21800/53000 रुपये प्रति 40 किलो रह गया।

सर्राफा

विदेशों के तेज समाचार आने से सोने के भाव 1700 रुपये प्रति 10 ग्राम उछल गए। चांदी की कीमतों में भी स्थिरता रही। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निवेशकों की लिवाली बढऩे से सोना 4142 से बढक़र 4195 डॉलर प्रति ओंस हो जाने के कारण बिवकाली घटने से सोना 1700 रुपये बढक़र किलोबार 152800 तथा स्टैंडर्ड 153600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। बिकवाली घटने से 8 ग्राम वाली गिन्नी 1000 रुपये बढक़र 113000 रुपये हो गई। विदेशों में चांदी के भाव 45 सेंट बढक़र 6135 सेंट प्रति ओंस हो जाने तथा औद्योगिक मांग निकलने से चांदी हाजिर के भाव 231000 रुपये प्रति किलो पर मजबूत रही। हालांकि स्टोरिया लिवाली से चांदी वायदा दिसंबर 226000 से बढक़र 227000 रुपये प्रति किलो हो गया।

मानक विहीन सड़क निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोका

सड़क की जांच करने पहुंचे पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता, अवर अभियंता, ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का दिया निर्देश

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाई जा रही सड़क में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को सड़क निर्माण कार्य रोक दिया। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सूचना देते हुए सड़क निर्माण कार्य की जांच करवाए जाने की मांग की। क्षेत्र के मड़वा गांव से धनावल तक तैंतीस सौ मीटर काली सड़क का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण नही करवाए जाने से सड़क की गिट्टी उखड़ने लगी है, जिसे लेकर ग्राम प्रशासक रमेश सिंह, लवलेश तिवारी, अजय पाल, सिद्धार्थ सिंह, मैसर अली, लालजी शुक्ल, हरिहर प्रसाद, महेंद्र आदि ने निर्माण कार्य रोक दिया और घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किए जाने की सूचना पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता व अवर अभियंता को दी। सूचना पर पहुंचे सहायक अभियंता महेंद्र सिंह व अवर अभियंता सुशील कुमार ने सड़क निर्माण कार्य की जांच की। दोनों अधिकारियों अभियंताओं ने संबंधित ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण ढंग से बनाई गई सड़क का दोबारा निर्माण कराने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क करीब पांच सौ मीटर तक बनाई जा चुकी है लेकिन बनाई गई सड़क की गिट्टी उखड़ने लगी है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप करवाए जाने की मांग की है। इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता सुशील कुमार ने बताया कि मड़वा धनावल गांव में सड़क मरम्मतीकरण व नवीनीकरण योजना के तहत काली सड़क का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। बारिश के दौरान सड़क का निर्माण कार्य करवाए जाने से जगह जगह गिट्टी उखड़ने की ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई है। सड़क की जांच की गई है सड़क का गुणवत्तापूर्ण पूर्ण निर्माण करवाए जाने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। सड़क को मानक के अनुरूप बनवाया जाएगा।



निरीक्षण करती टीम। छाया:आज

अर्नब चक्रवाती तूफान ने तोड़ी किसानों की कमर

अदलहाट। क्षेत्र में अर्नब चक्रवाती तूफान और लगातार हुई बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर की रात तक हुई बारिश और तेज हवाओं के चलते खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल जमीन पर गिर गई। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों के मुताबिक, खेतों में पानी भरने से धान की फसल की चमक खराब हो गई है। पानी सूखने के बाद बालियों में धान के दाने सड़ने का खतरा है। वहीं, तेज धूप निकलने पर बालियों से दाने झड़ सकते हैं। जिन खेतों में धान अभी दूध की अवस्था में था, वहां फसल गिरने से दानों के सड़ने और खराब होने की आशंका बढ़ गई है। किसान रामभूलन सिंह, ओमकार नाथ सिंह, मृत्युंजय पांडेय, सूर्यनारायण पांडेय, विजय शंकर सिंह, पारसनाथ यादव, मुन्नू प्रसाद और सिंटू सिंह ने बताया कि हजारों रुपये की लागत लगाकर तैयार की गई फसल तूफान ने बर्बाद कर दी।

हलिया प्रथम और द्वितीय धान क्रय केंद्र मवई कला में ही होंगे संचालित

हलिया। विकास खंड के मवई कला गांव से धान क्रय केंद्र हटाए जाने को लेकर किसानों के विरोध के बाद रविवार को एसडीएम अजीत कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और धान क्रय केंद्र को लेकर स्थिति स्पष्ट की।किसानों ने एसडीएम को बताया कि हलिया क्षेत्र में धान का सर्वाधिक उत्पादन होता है। ऐसे में मवई कला से क्रय केंद्र हटाकर लालगंज क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने से किसानों को धान बेचने के लिए 10 से 15 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती। इससे किसानों पर परिवहन खर्च का बोझ बढ़ने के साथ ही समय की भी बर्बादी होती। किसानों ने आशंका जताई कि क्रय केंद्र हटने से बिचौलियों को बढ़ावा मिलेगा और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ लेने में भी परेशानी होगी। इस संबंध में किसानों ने जिलाधिकारी एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मवई कला में ही हलिया प्रथम और हलिया द्वितीय धान क्रय केंद्र संचालित कराने की मांग की थी। रविवार को गांव पहुंचे एसडीएम अजीत कुमार ने किसानों की समस्याएं सुनने के बाद संबंधित विपणन अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मवई कला में हलिया प्रथम एवं हलिया द्वितीय के एक-एक धान क्रय केंद्र संचालित कराने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन की ओर से केंद्रों के संचालन का आश्वासन मिलने के बाद किसानों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। किसानों ने उम्मीद जताई कि अब उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए दूसरे क्षेत्र में नहीं जाना पड़ेगा।

समाज कल्याण कार्यालय में लटका मिला ताला, शिकायतकर्ता परेशान

चुनार। नरायनपुर ब्लॉक स्थित एडीओ समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में शनिवार दोपहर दो बजे ताला लटका मिला। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि वे कई बार अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालय पहुंचे, लेकिन हर बार ताला बंद मिला। ग्राम पंचायत रैपुरिया निवासी निशा देवी की बेटी की शादी पांच जुलाई को हुई थी। उन्होंने अगस्त में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना के लिए आवेदन किया था। उनका आरोप है कि अधिकारी उन्हें बार-बार दौड़ा रहे हैं। वहीं परसिया निवासी नंदनी देवी ने विधवा पेंशन के लिए कई बार ऑनलाइन आवेदन किया, लेकिन एक साल बाद भी उनके खाते में पेंशन नहीं पहुंची। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि समाज कल्याण अधिकारी फोन भी नहीं उठाते। खंड विकास अधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए दो से तीन दिन में शिकायतों का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

मुख्य गली पर अव्यवस्था, गमनागमन में परेशानी

जमालपुर। विकासखंड जमालपुर के ग्राम सभा तेतरिया कलां स्थित गोंड़ बस्ती की मुख्य गली बदहाल होकर नारकीय स्थिति में पहुंच गई है। गली में गंदा पानी बहने से ग्रामीणों का आवागमन दूभर हो गया है। वहीं दुर्गंध के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पत्थर के चौकों से बनी गली बेतरतीब है। जलनिकासी के लिए पाइप बिछाए जाने के बावजूद गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। लल्लन गोंड़, प्रभाकर गोंड़, रामअचल गोंड़, लालजी गोंड़, जयप्रकाश गोंड़ और रामकेश गोंड़ ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों की उपेक्षा के कारण गली की हालत खराब है। उन्होंने राजनीतिक विद्वेष के चलते विकास कार्य नहीं कराने का भी आरोप लगाया।

३० बेड के आयुर्वेदिक अस्पताल का भूमिपूजन

छानबे। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बदेवराचौबे में रविवार को 30 बेड के आयुर्वेदिक अस्पताल की आधारशिला रखी गई। उच्च न्यायालय प्रयागराज की न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान एमएलसी श्याम नारायण सिंह, विधायक रिंकी कोल, लोक सेवा आयोग के सदस्य कल्पराज सिंह, एडीएम विनोद कुमार सिंह और परियोजना प्रबंधक योगेश कुमार गुप्ता ने भी संयुक्त रूप से भूमिपूजन किया। न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने कहा कि अस्पताल बनने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने अस्पताल की स्थापना में पूर्व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इसके लिए उन्हें फोन कर बधाई देंगी। कार्यक्रम में एमएलसी श्याम नारायण सिंह और विधायक रिंकी कोल ने अपने विचार रखे तथा शासन की ओर से जनहित में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। परियोजना प्रबंधक योगेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अस्पताल का निर्माण 9 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। इस मौके पर ओम प्रकाश उपाध्याय, राजेंद्र पाठक, राजकुमार दुबे, ग्राम प्रधान प्रशासक माहेश्वरी उपाध्याय, करमेश चंद तिवारी, सिम्पू सिंह, पंच बहादुर सिंह, जगदीश पाठक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक मिठाई की दुकान में घुसी

पटेहरा। संतनगर थाना क्षेत्र के पटेहरा पुल बाजार में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर मिठाई की दुकान में घुस गई। हादसे में दुकानदार का हजारों रुपये का सामान नष्ट हो गया और दुकान का रैक भी टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। बाइक पर सवार तीन लोग बाल-बाल बच गए। भरुहना निवासी 22 वर्षीय बाइक चालक आकाश ने बताया कि वह अपनी 20 वर्षीय पत्नी प्रीति और 19 वर्षीय भाई आनंद के साथ दीपनगर रिश्तेदारी में जा रहा था। पटेहरा पुल पर बाइक मोड़ते समय नियंत्रण बिगड़ गया और बाइक मिठाई की दुकान में जा घुसी। दुकानदार दिनेश मोदनवाल ने बताया कि बाइक पर तीन लोग बिना हेलमेट तेज रफ्तार में सवार थे। टक्कर से दुकान का रैक और उसमें रखा सामान बर्बाद हो गया।

सीएमओ ने पीएचसी हलिया का किया औचक निरीक्षण

जन आरोग्य मेले में मरीजों के उपचार का लिया जायजा, स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी दूर करने के लिए मांगा प्रस्ताव

हलिया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कीर्ति कुमार मिश्रा एवं डिप्टी सीएमओ मुकेश प्रसाद ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया तथा गलरा गांव में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, साफ सफाई और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए सीएमओ ने सबसे पहले पीएचसी हलिया का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में नवनिर्मित भवन का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने, पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध कराने और मरीजों को बेहतर उपचार मुहैया कराने के निर्देश दिए, इसके बाद उन्होंने पीएचसी परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सक डॉ. विवेक खरे मरीजों का उपचार करते मिले। सीएमओ ने मेले में पहुंचने वाले मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली और उपचार व्यवस्था का जायजा लिया। झोला छाप डाक्टरों के लिए कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि झोला छाप डॉक्टर अपना व्यवसाय बदल ले नहीं कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कहा कि पीएचसी हलिया पर स्वास्थ्य सुविधाओं में जो कमियां हैं, उनके संबंध में डिमांड भेजने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान चिकित्सक डॉ. विवेक खरे, डॉ. रीना पटेल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा किशोर, अखिलेश तिवारी, सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



निरीक्षण करते सीएमओ। छाया:आज

ट्रेन से बिहार जा रही शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार

मीरजापुर। रेलवे पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाकर जीआरपी की टीम ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया, उसके कब्जे से करीब 22 हजार रुपये कीमत की 20 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। आरोपी ट्रेन के माध्यम से शराब बिहार ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचने का काम करता था। जीआरपी थाना प्रभारी राजेश कुमार वर्मा के निर्देशन में जीआरपी विंध्याचल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने पुलिस टीम के साथ रविवार को ट्रेन के जनरल कोच में चेकिंग के दौरान सुबह करीब साढ़े 10 बजे आरोपी को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से रॉयल स्टैग व्हिस्की की 10 बोतल और रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट व्हिस्की की 10 बोतल बरामद हुई। सभी बोतलें 750 एमएल की थीं। कुल 15 लीटर अंग्रेजी शराब की अनुमानित कीमत 22 हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनीष कुमार (26) पुत्र लाल बाबू राय, निवासी गढ़ोचक कृपाल टोला, थाना फतुहा, जनपद पटना (बिहार) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बिहार में शराबबंदी के कारण वह उत्तर प्रदेश से शराब खरीदकर बिहार ले जाता था और ऊंचे दामों पर बेचकर आर्थिक लाभ कमाता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई में जीआरपी, आरपीएफ और सीआईबी प्रयागराज की संयुक्त टीम शामिल रही।



गिरफ्तार तस्कर। छाया:आज

ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी को लेकर मुकदमे की मांग

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव द्वारा एक कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज और सनातन धर्म को लेकर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस बयान को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान ने कड़ा विरोध जताते हुए सार्वजनिक माफी और मुकदमा दर्ज कराने की मांग उठाई है। संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित सुनील कुमार पांडेय एडवोकेट ने बयान पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने शिव शंकर यादव से 24 घंटे के भीतर ब्राह्मण समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय में माफी नहीं मांगी गई तो संगठन सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगा। पंडित सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि चार नवंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान के पदाधिकारी और सदस्य शहर कोतवाली मीरजापुर पहुंचेंगे। वहां संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से भी मांग की कि इस तरह की टिप्पणी करने वाले नेताओं के खिलाफ पार्टी स्तर पर कार्रवाई की जाए और उन्हें पार्टी से बाहर किया जाए। साथ ही उन्होंने बयान के पीछे किसी राजनीतिक साजिश की आशंका जताते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। पंडित सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि किसी भी समाज और धर्म के प्रति अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती।

दवा विक्रेता पर अपहरण, एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज

सीखड़। चुनार थाना क्षेत्र के ईश्वरपट्टी गांव निवासी हौशिला शुक्रवार को बाइक से दवा लेने घर से निकला था। वह अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ गया था। गांव के पास तम्मनपट्टी बाजार में एक दवा विक्रेता की दुकान से दवा लेने के दौरान लेन-देन को लेकर उसका विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। इसके बाद से हौशिला घर नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद चुनार थाने में सूचना देकर दवा विक्रेता पर मारपीट कर गायब करने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। इसी बीच शनिवार को परिजनों ने ग्रामीणों के साथ चुनार-वाया कछवां राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव, चुनार थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह और अदलपुरा चौकी प्रभारी कुमार संतोष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

विंध्य विश्वविद्यालय में उत्साह से मना कर्नाटक दिवस

मीरजापुर। मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के अस्थायी परिसर राजकीय महाविद्यालय उमरियां, मझवां में रविवार को राजभवन के निर्देश पर कर्नाटक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शैक्षिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया। कुलपति ने कहा कि कर्नाटक भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, साहित्य, संगीत, कला और स्थापत्य का महत्वपूर्ण केंद्र है। एक नवंबर 1956 को मैसूर राज्य का गठन हुआ था, जिसे एक नवंबर 1973 को कर्नाटक नाम दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत की असली शक्ति विविधता में एकता है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी, भाषण, पोस्टर एवं मॉडल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और रंगोली सहित पांच प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रश्नोत्तरी में उजाला मौर्य प्रथम, कल्पना द्विवेदी और रेनू चौहान संयुक्त रूप से द्वितीय तथा अर्चना कुमारी तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में कल्पना द्विवेदी प्रथम, आयुष यादव द्वितीय और शीलू पाठक तृतीय स्थान पर रहे। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अनामिका प्रथम, वंदना द्वितीय और उजाला तृतीय रहीं। रंगोली में प्रीति यादव प्रथम, उजाला और श्याम जीरा संयुक्त द्वितीय तथा आंचल मौर्य, प्रिया मौर्य और क्षमा तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर एवं मॉडल प्रतियोगिता में सौरभ कुमार, मनीष भारती और आरती मौर्य ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित की।

संक्षेप

पात्र लाभार्थियों को मिलीं सरकारी योजनाओं की सौगात

मीरजापुर। बीएचयू साउथ कैंपस बरकछा में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मेगा विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण अध्यक्ष अनुपम कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी और श्रवण यंत्र वितरित किए गए। वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के स्वीकृति पत्र भी दिए गए। महिलाओं, बच्चों, किसानों, युवाओं, मछुआरों और उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, सीडीओ विजय कुमार सिंह और सचिव आनंद कुमार सहित न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



निरीक्षण करते जनपद न्यायाधीश। छाया:आज

शराब पीने के बाद सड़क पर मारपीट, वीडियो वायरल

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के रतेह चौराहा पर शराब पीने के बाद दो महिलाएं और एक युवक आपस में उलझ गए और कहासुनी के बाद एक दूसरे पर चप्पलों से मारपीट करने लगे। वायरल वीडियो में युवक ने एक महिला के साथ धक्का-मुक्की करते हुए बीच सड़क पर गिरा दिया। शराब के नशे में धुत दोनों महिलाओं और युवक के इस कारनामे को सड़क से गुजरने वाले राहगीर देखते रहे। इसी दौरान किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार बीते शनिवार शाम को भैंसोड़ गांव से आए एक युवक और दो महिलाओं ने कंपोजिट शराब की दुकान पर जाकर शराब खरीदी तीनों आपस में एक साथ बैठकर शराब पी। कुछ देर बाद शराब के नशे में होने पर दोनों महिलाएं और युवक बीच सड़क आपस में कहासुनी करने लगे चप्पल से मारपीट करने लगे। बीच सड़क पर तीनों का उत्पात देख लोगों की डाट फटकार के बाद दोनों महिलाएं और युवक कुछ देर बाद वहां से खिसक लिए।

सोनम चतुर्वेदी बनीं ब्राह्मण महासभा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष

मीरजापुर। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रजि.) ने संगठन के विस्तार और मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सोनम चतुर्वेदी को उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय तिवारी ने नियुक्ति पत्र जारी कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी। यह नियुक्ति राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सहमति से की गई।

पटेल चौक पर धूमधाम से मनी सरदार पटेल की जयंती

मीरजापुर। लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को पटेल चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर सरदार पटेल विचार मंच की ओर से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल सहित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और हजारों लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद अनुप्रिया पटेल रहीं, जबकि अध्यक्षता पूर्व सांसद राम शकल ने की। संचालन हरिशंकर सिंह पटेल ने किया। सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक चले कार्यक्रम में मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल, रत्नाकर मिश्र, रिंकी कोल, आयुक्त राजेश प्रकाश, डीएम पवन कुमार गंगवार, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, सीडीओ विजय कुमार सिंह और कुलपति प्रो. शोभा गौड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

पुलिस पिकेट से ५० मीटर दूर खड़ी ट्रेलर से बैटरी चोरी



चील्ह। थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने पुलिस पिकेट से महज 50 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर से बैटरी चोरी की घटना को अंजाम दिया। पूरी घटना पास की एक हार्डवेयर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार सोनभद्र जनपद के मारकंडी निवासी दीपक कुमार 22 चक्का ट्रेलर में राखड़ लाद कर जौनपुर जा रहा था। रविवार भोर लगभग 3 बजे चील्ह चौराहे के पास पहुंचने पर उसे नींद आने लगी, तो उसने पुलिस पिकेट से करीब 50 मीटर दूरी पर सड़क किनारे ट्रेलर खड़ी कर वाहन में ही सो गया। सुबह करीब 5:30 बजे जब वह उठा तो देखा कि ट्रेलर से बैटरी गायब है। ट्रेलर चालक दीपक कुमार ने तत्काल घटना की जानकारी ट्रेलर मालिक को दी। मालिक ने दूरभाष पर चील्ह पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके के पास स्थित एक हार्डवेयर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली, जिसमें दो लोग ट्रेलर के पास घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष का वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

सीखड़। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह को पार्टी का स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर रविवार को मंगरहा स्थित चुनार विधायक अनुराग सिंह के आवास सरोज सदन में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति उनके योगदान और लंबे राजनीतिक अनुभव को याद किया। ओमप्रकाश सिंह ने जनसंघ के दौर से लेकर भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान स्वरूप तक की संगठनात्मक यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने पुराने कार्यकर्ताओं के संघर्ष, समर्पण और संगठन को मजबूत बनाने में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विधायक अनुराग सिंह ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन, समर्पण और कठिन परिश्रम का परिणाम है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनी है। संगठन की मजबूती में पुराने कार्यकर्ताओं का योगदान हमेशा महत्वपूर्ण रहेगा। इस अवसर पर विधायक की ओर से एक हजार महिलाओं को साड़ी भेंटकर दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, विजय भारद्वाज सिंह, सूरजीत सिंह, बब्बल पांडेय, गणेश सिंह, जितेंद्र प्रकाश सिंह रिंकू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



परोसते विधायक अनुराग पटेल। छाया:आज

दिवंगत खिलाड़ियों को श्रद्धांजलि के साथ टूर्नामेंट का आगाज

मड़िहान। उपकार हॉस्पिटल के पीछे स्थित खेल मैदान में रविवार को क्रिकेट कप मड़िहान सीजन- तीन का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता की शुरुआत चार दिवंगत युवा खिलाड़ियों स्व. नित्या प्रजापति, स्व. अनिकेत सिंह, स्व. आनंद यादव और स्व. इरफान अंसारी की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके बाद आकर्षक ट्रॉफी का अनावरण किया गया और टॉस के बाद उद्घाटन मुकाबला शुरू हुआ। पहला मैच रेहान स्पोर्टिंग क्लब चुनार और संतोष इलेवन कैलहट के बीच खेला गया। टॉस जीतकर रेहान स्पोर्टिंग ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। संतोष इलेवन ने आठ ओवर में 65 रन बनाए। जवाब में रेहान स्पोर्टिंग ने इंदल यादव की 13 गेंदों पर 40 रनों की तूफानी पारी की बदौलत महज चार ओवर में लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। गेंदबाजी में विकास यादव ने हैट्रिक सहित तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। अध्यक्ष अमित बहादुर सिंह उर्फ बंटू भैया के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में पूर्वांचल की 16 टीमें हिस्सा लेंगी। विजेता को 51 हजार और उपविजेता को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर आलोक पांडेय, शिवनाथ गुप्ता, वीरेंद्र सिंह पटेल पटेवर प्रधान पति, राम सिंह, प्रवीण दुबे स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश गुप्ता और विपिन पटेल सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



मेडल देकर सम्मानित करते अतिथि। छाया:आज

धर्म की हानि होने पर भगवान का होता है अवतरण-शिखा तिवारी

जमालपुर। क्षेत्र के बहुआर स्थित रविंद्रालय में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा की दूसरी संध्या पर शनिवार को कथा वाचिका शिखा तिवारी ने राम जन्मोत्सव की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है और धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धर्म की रक्षा और अधर्म का नाश करने के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने कहा कि अधर्म कितना भी बढ़ जाए, लेकिन धर्म का कभी नाश नहीं होता। अंतत: सत्य और धर्म की ही विजय होती है। राम जन्मोत्सव के प्रसंग पर आकर्षक झांकी निकाली गई। भगवान श्रीराम के जन्म की खुशियां मनाते हुए पंडाल में मौजूद महिलाओं ने पारंपरिक सोहर गीत गाए। पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में ६७ मरीजों का हुआ उपचार

छानबे। क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 67 मरीजों का उपचार कर उन्हें आवश्यक दवाएं दी गईं। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में डॉ. डीके मिश्रा और डॉ. कविता पांडेय ने 10 मरीजों का उपचार किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सर्रोई में डॉ. अवनीश सिंह ने 12, नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नरोंइया में डॉ. समित ने चार, विरौरा में डॉ. महेंद्र ने 17, कुशहा में फार्मासिस्ट सिद्धनाथ दुबे ने 15 तथा अकोढ़ी में डॉ. सोनिया दुबे ने नौ मरीजों का इलाज किया। मेले में सर्दी, बुखार, खुजली, पेट दर्द और हड्डियों से संबंधित समस्याओं के मरीज पहुंचे। स्वास्थ्यकर्मियों ने जांच कर मरीजों को परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराईं।

दो बाइक की टक्कर, होमगार्ड घायल

पटेहरा। संतनगर थाने में ड्यूटी करने जा रहे होमगार्ड की बाइक में शराब के नशे में धुत बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया। मड़िहान थाना क्षेत्र के शोभी गांव निवासी 54 वर्षीय हौशला प्रसाद शनिवार रात करीब दस बजे बाइक से संतनगर थाने में ड्यूटी करने जा रहे थे। दीपनगर चौराहे पर सामने से आ रहा नशे में धुत बाइक सवार अपनी बाइक लहराते हुए उनसे टकरा गया। पिकेट ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने पीआरवी वाहन से घायल होमगार्ड को पीएचसी पटेहरा पहुंचाया। वहां डॉ. राजकुमार ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर देखते हुए एंबुलेंस से मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया।

११७ करोड़ की लागत से निर्मित बाईपास की पांच को गडकरी रखेंगे आधारशिला

डीएम-एसएसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण दिये आवश्यक दिशा निर्देश

मुंगराबादशाहपुर। क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मुराद अब धरातल पर उतरने जा रही है। मुंगराबादशाहपुर कस्बे को वर्षों से दंश दे रही भीषण जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए बहुप्रतीक्षित 4.335 किलोमीटर लंबे बाईपास के निर्माण कार्य का आगामी 5 नवंबर को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 197 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखेंगे। शिलान्यास समारोह का आयोजन सुबह 11 बजे से कस्बा स्थित सार्वजनिक इंटर कालेज के प्रांगण में भव्य रूप से किया जाएगा। बताते चलें कि जौनपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मुंगराबादशाहपुर कस्बे में प्रतिदिन लगने वाले लंबे जाम से आम जनता से लेकर व्यापारी तक त्रस्त रहते थे। बाईपास बन जाने से भारी वाहनों का दबाव सीधे कस्बे के बाहर से डायवर्ट हो जाएगा, जिससे न केवल दुर्घटनाओं की आशंका में भारी कमी आएगी, बल्कि स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को भी नया जीवन मिलेगा। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, इस बाईपास निर्माण का आधिकारिक कार्य 23 मार्च 2027 से शुरू होकर 22 सितंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिलान्यास समारोह के आयोजित कार्यक्रम की संवेदनशीलता और वीआईपी आवागमन को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन और एसएसपी डा. यशवीर सिंह ने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ जनसभा स्थल सार्वजनिक इंटर कालेज तथा हेलीपैड स्थल सार्वजनिक पीजी कालेज का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-



निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आम जनता के लिए दो फ्रंट गेट और वीआईपी मूवमेंट के लिए अलग मार्ग चिन्हित किया गया। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई और बिजली विभाग के अधिकारियों को हेलीपैड निर्माण, पंडाल व्यवस्था, यातायात डायवर्जन और सुरक्षा के तमाम इंतजाम समय रहते दुरुस्त करने की सख्त हिदायत दी। निरीक्षण दल में मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार अंबष्ट, एसपी ग्रामीण आतिश कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शुभांशु कटियार, सीओ परमानंद कुशवाहा और एडीएम परमानंद झा समेत जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आगमन को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए नगर स्थित सृष्टि पैलेस मे समीक्षा बैठक कर तैयारियों की रूपरेखा तैयार की। बैठक में राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव, पूर्व विधायक डा. सुषमा पटेल और भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति संतोष मिश्रा, राजीव केशरी, पुष्पा शुक्ला सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने क्षेत्र की जनता का आह्वान करते हुए कहा कि बाईपास का शिलान्यास मुंगराबादशाहपुर के सर्वांगीण विकास के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने 5 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में सार्वजनिक इंटर कालेज पहुंचकर इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने की अपील की है।

वृद्धा ने की आत्महत्या

जफराबाद। क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव निवासी एक 65 वर्षीय महिला ने शनिवार की भोर में आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई तो उनमे कोहराम मच गया। उक्त गांव निवासी उर्मिला देवी पत्नी स्वर्गीय छोटेलाल यादव कुछ दिन से बीमार थी। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नही थी। भोर में वह छत पर लगे बांस के सहारे साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे ने बताया कि मृतका के पुत्र रूपेश यादव ने घटना की जानकारी दिया। पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एक नज़र इधर भी

पटाखा दुकानों पर पुलिस का चेकिंग अभियान



सुइथाकला। दीपावली त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रविवार को क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा के नेतृत्व में सरपतहां पुलिस ने पट्टी नरेंद्रपुर बाजार में पटाखों की लाइसेंसी दुकानों की जांच-पड़ताल की। इस दौरान दुकानों पर भंडारण और बिक्री से संबंधित व्यवस्थाओं की जांच की गई। पुलिस को कहीं भी अवैध पटाखों का भंडारण अथवा बिक्री नहीं मिली। क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा की मौजूदगी में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय और पुलिस टीम ने दुकानों की तलाशी ली। इस दौरान लाइसेंसधारकों को सुरक्षा मानकों का पालन करने, निर्धारित नियमों के अनुरूप पटाखों की बिक्री करने तथा किसी भी स्थिति में अवैध भंडारण नहीं करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों को अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, दुकानों पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक इंतजाम रखने तथा निर्धारित क्षमता से अधिक पटाखे नहीं रखने की हिदायत दी। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने को कहा गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाजारों में निगरानी जारी रहेगी। चेकिंग अभियान में उपनिरीक्षक देवेन्द्रनाथ सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

साठ हजार मूल्य के चार कुंतल लहसुन उठा ले गये चोर

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के शीतला चौकिया स्थित नवीन सब्जी मंडी से चोरों ने एक आढ़त से टटरा काटकर चार कुंतल लहसुन चोरी कर लिया। आढ़ती ने शीतला चौकिया पुलिस चौकी पर तहरीर दिया है। घटना चार दिन पूर्व की है। जबकि एक अन्य चोरी की घटना शनिवार रात्रि को हुई जिसमें चोरों नें सुरेश कुमार की आढ़त से व्यापारी शनि की चार पैकेट लहसुन चोरी कर लिया। लगातार चोरियो व कोई उचित कार्यवाही न होने से रविवार को व्यापारियों नें रोष जताया। नवीन सब्जी मंडी के आढ़ती मो.नईम नें पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया है की उनकी दुकान में पीछे से टटरा काटकर चोरो नें दस पैकेट लहसून कुल मिलाकर चार कुंतल जिसकी क़ीमत लगभग साठ हजार रूपये है चोरी कर लिया। जबकि सुरेश सोनकर नें बताया की व्यापारी शनि नें उनकी आढ़त पर चार पैकेट लहसुन रखा था। शनिवार रात्रि किसी समय चोर लहसुन उठा ले गए। रविवार तड़के ज़ब आढ़त पर पहुंचे तो चोरी होने का संज्ञान हुआ।पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

पीयू की पुरुष हाकी टीम बनी पूर्वी क्षेत्र की चैंपियन, वाइसचांसलर को सौंपी विजेता ट्राफी

रांची विश्वविद्यालय से ८-३ और बीएचयू को ६-२ से दी शिकस्त, शानदार प्रदर्शन के दम पर हासिल किया खिताब

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की पुरुष हॉकी टीम ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी में 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक आयोजित प्रतियोगिता में पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता में खिताबी जीत के बाद टीम के कप्तान बृजेश यादव ने कुलपति प्रो. आर. के. सिंह को विजेता ट्रॉफी भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने टीम के कोच इंद्रदेव, मैनेजर रजनीश सिंह सहित सभी खिलाड़ियों का



उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के दौरान पूर्वांचल विश्वविद्यालय की टीम ने रांची विश्वविद्यालय को 8-3 से पराजित किया। संबलपुर विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के साथ मुकाबला 4-4 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद टीम ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी को 3-0 और मेजबान बीएचयू, वाराणसी को 6-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल रहा। इस अवसर पर खेलकूद परिषद के सचिव प्रो. शेखर सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. गिरधर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में ४३५ शामिल

मछलीशहर। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में 490 में से 435 परीक्षार्थी शामिल हुए। रविवार को नगर के फौजदार इंटर कॉलेज में बने केंद्र पर 21 कमरों में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक परीक्षा हुई। जनपद के करीब आधा दर्जन ब्लॉकों से कक्षा-8 के छात्र-छात्राएं पहुंचे। परीक्षार्थी नितिन कुमार ने बताया कि गणित और रीजनिंग के कुछ प्रश्न कठिन थे, जबकि हिंदी और सामान्य ज्ञान आसान रहा। छात्रा माला ने बताया कि पाठ्यक्रम के अनुसार पेपर था और समय से पहले हल कर लिया। केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य राजेश दुबे ने बताया कि खराब मौसम के बावजूद अधिकांश परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं ने खेली होली, एक-दूसरे को लगाये गुलाल

मुंगराबादशाहपुर। होली पर्व को लेकर उत्साहित छात्र छात्राओं ने बुधवार को स्कूलों कालेजों में होली खेलते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। नगर के कटरा मोहल्ला स्थित सिटी पब्लिक स्कूल, प्राथमिक विद्यालय धौरहरा, आदर्श बाल विद्या मंदिर, प्राथमिक विद्यालय सतहरिया सहित अन्य विद्यालयों में छात्र- छात्राओं तथा शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल से जमकर होली खेलते हुए एक दूसरे को होली की बधाई दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने बच्चों को होली का महत्व बताते हुए पानी बचाने की सलाह दी। वक्ताओं ने कहा कि होली एक ऐसा रंग-बिरंगा त्यौहार है, जिसे लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व छोटे बड़े ऊंच नींच और जाति पाति को परे रखकर भाईचारे का संदेश देता है।

महाराष्ट्र में जफराबाद के युवक की मौत

मृतक का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम



जफराबाद। नगर पंचायत जफराबाद के वार्ड काजी अहमदनगर नूर के नाव घाट निवासी मुकेश कुमार निषाद उम्र 24 वर्ष पुत्र विजय निषाद की महाराष्ट्र के नागपुर शहर में एक प्राइवेट कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्य करते समय दर्दनाक मौत हो गई। मुकेश नागपुर शहर के थाना गणेशपेठ क्षेत्र के कॉटन मार्केट में एक प्राइवेट कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्य करता था। उक्त वार्ड के सभासद प्रतिनिधि जोगेंद्र निषाद और मृतक मुकेश निषाद के बड़े पिता दिनेश निषाद ने बताया कि बीते 30 अक्टूबर को नागपुर के थाना क्षेत्र गणेशपेठ के कॉटन मार्केट चौक के पास में प्राइवेट कंस्ट्रक्शन कंपनी का टेक्सटाइल पार्क और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी निर्माण कार्य मे सुबह लगभग 11 बजे टावर क्रेन की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य किया जा रहा था कि उसी समय दूसरी क्रेन का ऊपरी हिस्सा टूटकर मजदूरों वाले क्रेन से टकरा कर नीचे गिर गया। इस हादसे में क्रेन पर काम कर रहे दो मजदूरों की मौत हो गई जिसमें एक जौनपुर जनपद के जफराबाद थाना क्षेत्र के नगर पंचायत जफराबाद के वार्ड काजी अहमद नूर नाव घाट निवासी मुकेश निषाद की मौत हो गई। घटना की सूचना पर स्थानीय थाना गणेशपेठ की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मुकेश के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर सभासद प्रतिनिधि जोगेंद्र निषाद के साथ मृतक युवक के बड़े पिता दिनेश निषाद, चाचा रिषु निषाद निजी साधन से नागपुर पहुंचे और 31अक्टूबर को पोस्टमार्टम के बाद शव रविवार को एम्बुलेंस से जफराबाद पहुंचे। मुकेश का शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक मुकेश कुमार निषाद दो भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा था और घर का खर्चा उठाता था। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। मुकेश अविवाहित था। घटना के बाद से ही मृतक की मां सरोजा देवी और पिता विजय कुमार निषाद का रो- रो कर बुरा हाल है। रविवार दोपहर में जफराबाद गोमती किनारे घाट पर मृतक मुकेश निषाद का दाह संस्कार किया गया।

नौ दिवसीय श्रीराम कथा के सफल आयोजन पर ज्ञान प्रकाश सिंह ने जताया जनपदवासियों का आभार

जौनपुरवासियों के प्रेम, सहयोग और श्रद्धा ने धार्मिक आयोजन को बनाया यादगार, सेवा भारती सहित सभी सहयोगियों का किया विशेष अभिनंदन

जौनपुर। जनपद की पावन धरती पर आयोजित नौ दिवसीय भव्य श्रीराम कथा के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर भारतीय जनता पार्टी के नेता ज्ञान प्रकाश सिंह ने समस्त जनपदवासियों के प्रति हृदय से आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की असीम कृपा, जनपदवासियों के अपार स्नेह, श्रद्धा, सहयोग और सहभागिता के कारण यह धार्मिक आयोजन भव्यता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि नौ दिनों तक चले इस आध्यात्मिक आयोजन में जिस तरह से जौनपुर के श्रद्धालुओं, माताओं-बहनों, युवाओं, बुजुर्गों और धर्मप्रेमी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, वह उनके लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा। कथा के दौरान उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ और लोगों की आस्था ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

जनपदवासियों के इसी प्रेम और अपनत्व ने आयोजन को केवल धार्मिक कार्यक्रम तक सीमित न रखकर सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना का एक यादगार अवसर बना दिया। उन्होंने विशेष रूप से सेवा भारती, जौनपुर के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयोजन को व्यवस्थित और सफल बनाने में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। इसके साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, विभिन्न संस्थाओं, सहयोगियों और



आयोजन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की व्यवस्थाओं से लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा तक, प्रत्येक स्तर पर लोगों ने जिस निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई, वह प्रशंसनीय है।

ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से समाज में धार्मिक आस्था, संस्कार, सेवा, समरसता और भाईचारे की भावना को और मजबूत करने का अवसर मिला। श्रीराम कथा से प्राप्त आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना ही इस आयोजन की वास्तविक सार्थकता है। अंत में उन्होंने प्रभु श्रीराम से समस्त जनपदवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि आप सभी का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। नौ दिवसीय श्रीराम कथा को ऐतिहासिक और यादगार बनाने में योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति के प्रति वे हृदय से आभारी हैं। उन्होंने सभी को कोटि-कोटि धन्यवाद एवं साधुवाद ज्ञापित किया।

जन आरोग्य मेले के तहत ४२ मरीजों का हुआ इलाज

तेजीबाज़ार। स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री जनआरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, इस स्वास्थ्य मेले में मरीजो की जांच की गयी और निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। डॉ.श्री निवास निगम ने बताया कि मुख्यमंत्री योजना के तहत प्रा.स्वा. केंद्र तेजीबाज़ार प्रांगण में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें कुल 42 मरीज आये थे, सांस, दमा, वायरल फीवर तथा साटिका के मरीज आये थे, रोगियों का क्रमानुसार चेकअप किया गया, मर्ज से संबंधित उन्हें दवा भी उपलब्ध करायी गयी। स्वास्थ्य मेले मे आयी धात्री और पांच गर्भवती महिलाओं का एनम रम्भा सिंह के द्वारा वजन और चेकअप किया गया महिलाओं को विभिन्न सावधानियाँ बरतने की सलाह देते हुए आयरन, कैल्सियम और विटामिन की दवा दी गयी, इस दौरान फ़र्मासिस्ट ओम प्रकाश, वार्डवाय, सहित हास्पिटल सहित हॉस्पिटल के सभी स्टाफ़गण उपस्थित रहे।

रामलीला में शिव धनुष टूटते ही लगे श्रीराम के जयकारे

लक्ष्मण-परशुराम संवाद देख दर्शक हुए रोमांचित

जौनपुर। कचगांव क्षेत्र के सलखापुर गांव में शुरू हुआ 80 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक मौनि बाबा रामलीला समिति में शनिवार को सीता स्वयंवर व परशुराम लक्ष्मण सवांद का भावपूर्ण मंचन किया गया। रामलीला का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य अमरेश रतन सिंह रंगीले ने फीता काटकर एवं सुरेंद्र प्रताप सिंह सेठ व प्रबंधक संत प्रसाद सिंह धुरंधर



ने राम- सीता मइया जी का आरती उतार कर किया। शनिवार की रात रामलीला मंचन में सीता स्वयंवर में जब राजागण धनुष हिला न सके तो राजा जनक के मन मे बेटी विवाह को लेकर चिंता व्याप्त हो गयी। हताश होकर उहोंने कहा कि तजहु आस नजी निज गृह जाहू ,लिखा न विधि वैदेही बीबाहु। इस प्रकार उनके हताशा भरे वाक्य को सुनकर जहाँ लक्ष्मण का क्षत्रिय पुरुषार्थ जागृत हो उठा,वहीं पर विश्वामित्र ने राम को संकेत कर जनक का संताप दूर करने को कहा इस पर रानी जब श्री राम को धनुष शाला की ओर बढते देखती है तो वे राजा से बालक को रोकने का आग्रह करती है। धनुष टूटते ही राजा का प्रण पूरा होता है। और राम के गले मे सीता वरमाला डालकर वरण करती हैं। इस दौरान राम के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजायमय हो जाता हैं। फिर लक्ष्मण व परशुराम के संवाद देखकर दर्शक रोमांचित हो जाते हैं। राम का अभिनय अक्षत श्रीवास्तव, लक्ष्मण रौनक सिंह, सीता जनक प्रवीण सिंह, परशुराम विशाल सिंह, विश्वामित्र संत प्रसाद सिंह, धोधुया राजा विशाल सिंह बिट्टू , बाणासुर सतीश कुमार सिंह व रामण विकास सिंह भोला ने किया। इस दौरान प्रधान प्रमोद कुमार पप्पू, पूर्व प्रधान रडंजय सिंह संजय, प्रबंधक /डायरेक्टर धुरंधर सिंह, कोषाध्यक्ष ध्रुव प्रकाश सिंह, संचालक राजकमल सिंह व उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह सोनू, दीपक श्रीवास्तव पत्रकार मौजूद रहे।

स्टेशन की समस्याओं को लेकर रेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन

शाहगंज। रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर भाजपा नेता एवं पूर्व नगर महामंत्री देवी प्रसाद चौरसिया मंटू ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रयागराज पैसेंजर, कामाख्या-गांधीधाम, ओखा-गुवाहाटी, पटना-इंदौर सहित प्रमुख ट्रेनों के ठहराव तथा नौगढ़ राज्यरानी एक्सप्रेस का शाहगंज तक विस्तार करने की मांग की गई। इसके अलावा सभी प्लेटफॉर्म पर कोच इंडिकेटर, सीसीटीवी कैमरे, टिकट काउंटर, एटीएम और पैदल पुल निर्माण की मांग उठाई गई। साथ ही स्टेशन का नाम मां जानकीपुरम जंक्शन करने का प्रस्ताव भी दिया गया।

भोजपुरी स्टार जितेन्द्र झा को मिला 'बेस्ट परफार्मेंस कला श्री' अवार्ड

सबरंग फिल्म अवार्ड २०२६ में शानदार अभिनय और प्रस्तुति के लिए हुए सम्मानित, फिल्मी सितारों की रही गरिमामयी मौजूदगी

जौनपुर। यमदाग्नि ऋषि की धरती में पले बढ़े मां शीतला चौकिया के आशीर्वाद से भोजपुरी फिल्म जगत के चर्चित स्टार सिंगर एवं अभिनेता जितेन्द्र झा को सबरंग फिल्म अवार्ड 2026 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'बेस्ट परफॉर्मेंस कला श्री' अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुंबई के मलाड में 31 अक्टूबर 2026 को आयोजित इस भव्य समारोह में भोजपुरी सिनेमा और मनोरंजन जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। समारोह में



सांसद एवं भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी, प्रदीप पांडेय चिंटू, यश मिश्रा, रितेश पांडेय सहित अनेक फिल्मी सितारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस अवसर पर जितेन्द्र झा ने अपनी शानदार प्रस्तुति, दमदार अभिनय और कला प्रतिभा से उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्हें मिले इस सम्मान से भोजपुरी कला जगत में खुशी की लहर है। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और कला के प्रति समर्पण का प्रतीक मानी जा रही है। कार्यक्रम के अंत में कुलदीप श्रीवास्तव एवं सबरंग अवार्ड की पूरी टीम ने समारोह में उपस्थित अतिथियों, कलाकारों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

न्याय समागम २.० में लाभार्थियों को बांटे गये योजनाओं के लाभ

जौनपुर। जनपद न्यायालय परिसर में रविवार को मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 'न्याय समागम 2.0' का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित शिविर का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शशि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान जनपद न्यायाधीश ने उद्यान, स्वास्थ्य, कृषि, महिला कल्याण सहित विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण कर संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़

२५० से अधिक लोगों का हुआ उपचार

जौनपुर। रविवार को श्लोक फाउंडेशन के तत्वावधान में दुर्गा सिटी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर तथा श्री कृष्णा हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के सहयोग से नि:शुल्क मेडिकल कैंप, जांच एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में क्षेत्र के 250 से अधिक मरीजों ने पहुंचकर नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार नि:शुल्क जांच एवं दवाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विवेक यादव (समाजवादी पार्टी नेता) की उपस्थिति रही। शिविर में डॉ. आलोक कुमार यादव (एम बी बी एस , एम एस



ऑर्थो), डॉ. स्वाति यादव, डॉ. स्वाति उमर, डॉ. रवि सिंह, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. दीपक विश्वकर्मा एवं डॉ. सतीश यादव सहित विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस पुनीत पहल का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। आयोजकों ने बताया कि समाज सेवा की भावना से आयोजित ऐसे नि:शुल्क चिकित्सा शिविर भविष्य में भी जारी रखने का प्रयास किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। 250 से अधिक मरीजों को नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराना इस शिविर की बड़ी उपलब्धि रही।

त्योहार से पहले आबकारी विभाग की छापेमारी

मुंगराबादशाहपुर। धनतेरस एवं दीपावली से पहले अवैध शराब पर रोक लगाने हेतु आबकारी विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। रविवार को आबकारी निरीक्षक देविका शुक्ला ने पुलिस फोर्स के साथ पवांरा, सरायबीका और मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र की शराब दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, लाइसेंस और अन्य अभिलेखों की जांच कर मौके पर मौजूद स्टॉक से मिलान किया गया। निरीक्षक ने सेल्समैनों को निर्धारित मूल्य पर ही बिक्री करने और दुकान समय से खोलने-बंद करने का निर्देश दिया। नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि त्योहारों पर अवैध शराब की बिक्री, निर्माण और तस्करी रोकने के लिए लगातार गश्त और छापेमारी जारी रहेगी।

बीआरपी कालेज में आज लगेगा रोजगार मेला

जौनपुर। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 2 नवंबर को प्रात: 10 बजे बीआरपी कॉलेज परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय जौनपुर की ओर से किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी जय प्रकाश पासवान ने बताया कि रोजगार मेले में 50 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों के शामिल होने की संभावना है। इनमें अडानी सोलर पावर, डेक्शन टेक्नोलॉजी इंडिया लिमिटेड, जेबी इंडस्ट्रीज, टीएसपीएल ग्रुप सहित अन्य कंपनियां शामिल होंगी। कंपनियों द्वारा मशीन ऑपरेटर, हेल्पर, कंस्ट्रक्शन वर्कर, सेल्स ऑफिसर, सुपरवाइजर, टेक्नीशियन और ट्रेनी सहित विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। मेले में आठवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, एएनएम, जीएनएम उत्तीर्ण तथा कौशल प्रशिक्षित अभ्यर्थी एवं अकुशल श्रमिक भी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी योग्यता के अनुसार कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को 2 नवंबर को सुबह 10 बजे अपने शैक्षिक एवं तकनीकी प्रमाणपत्रों की छायाप्रति और बायोडाटा के साथ बीआरपी कॉलेज परिसर में पहुंचना होगा।

सड़क पर पलटा आटो,चालक की मौत

चहनिया। बलुआ थाना क्षेत्र के मोहरगंज चौकी अंतर्गत रामगढ़ निवासी ऑटो चालक 35 वर्षीय तिलकधारी गोस्वामी की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना शनिवार की शाम करीब सात बजे रामगढ़ स्थित गुलाब सिंह स्मृति द्वार के पास गुरेरा-रामगढ़-नादी मार्ग पर हुई। रामगढ़ के रहने वाले तिलकधारी गोस्वामी स्वयं ऑटो चलाकर जा रहे थे। इसी दौरान अर्धनिर्मित सड़क पर बिखरी गिट्टी पर ऑटो का पहिया चढ़ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चहनिया पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। वहां इलाज के दौरान रविवार की भोर करीब तीन बजे उनकी मौत हो गई। रविवार को शव रामगढ़ स्थित उनके घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी कविता और दो पुत्रियों रितिका (10 वर्ष) तथा आर्या (8 वर्ष) को छोड़ गए हैं। पिता की असमय मौत से दोनों मासूम बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया। वहीं पत्नी कविता का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना बलुआ पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची बलुआ पुलिस एवं डायल 112 की टीम आवश्यक कागजी कार्रवाई में जुटी रही। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

मेगा विधिक सहायता सेवा शिविर का शुभारम्भ

चंदौली। मेगा / बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का शुभारम्भ महेन्द्र टेक्निकल इंटर कालेज चन्दौली के प्रांगण में माननीय प्रभारी जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रामबाबू यादव द्वारा दीप प्रज्जवलित करके शुभारम्भ किया गया। जिसमें किरन पाल सिंह प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय चन्दौली श्रीमती रश्मि नन्दा पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण विकास वर्मा । विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) /नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत चन्दौली, सत्यजीत पाठक अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश एफ.टी.सी. प्रथम, चन्दौली, परितोष श्रेष्ठ अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश एफ. टी. सी द्वितीय, चन्दौली,प्रभाष त्रिपाठी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चन्दौली,श्रीमती इशरत परवीन फारूकी सिविल जज (सी. डि.) चन्दौली,अरूण कुमार गुप्ता अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (पू० म० रे०) मुगलसराय चन्दौली, श्रीमती निकिता गौड़ पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली,नवनीत कुमार सिविल जज (जू.डि.) चन्दौली,श्रीमती एकता सिंह. ।।। न्यायिक मजिस्ट्रेट चन्दौली, विजय रतन गौतम सिविल जज (जू. डि.) चकिया चन्दौली,यज्ञेश कुमार सोनकर अपर सिविल जज ;जूण् डिण्द्ध चकिया चन्दौलीए सुश्री शिवानी सिविल जज (जू. डि.)/एफ. टी. सी. । चन्दौली, सुश्री ईशा राय सिविल जज (जू. डि.) /एफ. टी. सी. ।। चन्दौली, रतन वर्मा अपर जिलाधिकारी चन्दौली,आकाश पटेल पुलिस अधीक्षक, पारितोष मिश्रा मुख्यचिकित्सा अधिकारी,डा० वीरेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्ष सिविल बार एसोसिएशन, तथा शिविर में उपस्थित लाभार्थी गण व जनमानस उपस्थित रहें। उपरोक्त शिविर में विभागों द्वारा चिन्हित लगभग 234 लाभार्थियों को उनके विभाग द्वारा दिये गये योजनाओं के लाभ के परिप्रेक्ष्य में प्रमाण पत्र, आवास की चाभी, चेक का वितरण, आयुष्मान कार्ड, पोषण पोटली, ट्राई साईकिल, कान की मशीन, जॉब कार्ड आदि का वितरण एवं केन्द्र व राज्य सरकार तथा नालसा द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गयी। उपरोक्त शिविर में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली के मध्यस्थ अधिवक्ता अशोक कुमार पाण्डेय द्वारा 138 एन0आई0एक्ट के बारे में उपस्थित जन मानस को जानकारी दी गयी, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम चन्दौली की तरफ से अमरनाथ यादव द्वारा यह बताया गया कि लीगल एड डिफेंस काउन्सिल सिस्टम क्यों बना है और इसके लाभ क्या है के बारे में बताया गया तथा पैनल अधिवक्ता महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा नालसा द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।



दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारम्भ करते सत्र न्यायाधीश। छाया:आज

बारिश से भरभराकर गिरा कच्चा मकान, बाल-बाल बचे दंपती

चकिया। विकासखंड के बोदलपुर गांव में शनिवार की देर रात बारिश के चलते एक कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय मकान में सो रहे मंती देवी और बाबू नंदन बाल-बाल बच गए। मकान गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है कि मंती देवी और बाबू नंदन रात में मकान के अंदर सो रहे थे। इसी दौरान अचानक मकान ढह गया। गनीमत रही कि दोनों लोग सुरक्षित बाहर निकल आए और कोई जनहानि नहीं हुई। मकान गिरने से परिवार के सामने रहने की समस्या खड़ी हो गई है। ग्राम प्रधान रामलाल यादव ने तहसील प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

मांगों को लेकर सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त

सैयदराजा । नगर पंचायत सैयदराजा में पिछले दो दिनों से चल रही सफाई कर्मियों की हड़ताल रविवार को विधायक सैयदराजा के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गई। सोमवार को बड़ी संख्या में नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने सैयदराजा स्थित विधायक सैयदराजा के जनसंपर्क कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान सफाई कर्मियों ने दिवाली बोनस, वेतन में कटौती, छुट्टी तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनके साथ उचित व्यवहार किए जाने सहित विभिन्न मांगों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने सफाई कर्मियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनकी मांगों को जायज बताते हुए तत्काल नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार को फोन कर अपने कार्यालय पर बुलाकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। विधायक ने अधिशासी अधिकारी से कहा कि सफाई कर्मियों की जो भी समस्याएं हैं, उनका तत्काल समाधान कराया जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक और सफाई कर्मियों के बीच हुई वार्ता के बाद सफाई कर्मियों ने अपनी हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया। हड़ताल समाप्त होने से नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था फिर से सुचारु होने की उम्मीद जगी है। इस दौरान विधायक ने भरोसा दिलाया कि सफाई कर्मियों की जायज समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर राजेश जायसवाल प्रतिनिधि नगर पंचायत सैयदराजा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

विश्व हिन्दू महासंघ संघटन के पदाधिकारियों का चयन

चंदौली। विश्व हिन्दू महासंघ की बैठक रविवार को सदर विकास खंड के बिसौरी ग्राम स्थित गणपति स्कूल में हुई। इसमें इस मौके पर राष्ट्रीय मंत्री रघुवीर प्रताप सिंह, प्रदेश मंत्री बच्चा शुक्ला की देखरेख में संगठन के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस दौरान शिवा सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं ऋषिकेश उर्फ राजन सिंह जिला महामंत्री, संतोष सिंह जिला उपाध्यक्ष, पंकज सिंह संगठन मंत्री, अजय सिंह कोषाध्यक्ष, हर्षिता तिवारी संगठन मंत्री चुना गया। जबकि कार्यकारिणी में संधारी यादव, गोविंद दुबे, मनीष कुमार और ब्लाक अध्यक्ष रूद्रप्रताप और प्रदीप बने। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन ने जो दायित्व सौंपा है। उसे संगठन हित में कार्य करते हुए हर तरह से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही संगठन को ऊंचाई पर पहुंचाने में पदाधिकारियों के साथ पूरी ईमानदारी और उर्जा के साथ कार्य किया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रभारी मिथुन चंद्र डे, क्षेत्रीय अध्यक्ष विपिन चंद्र पांडेय, महिला प्रकोष्ठ की सोशल मीडिया प्रदेश अध्यक्ष डा. वंदना सिंह, मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रतिमा पाल, मंडल उपाध्यक्ष रितू चंद्र डे, मंडल मंत्री रजनी देशाई, महानगर अध्यक्ष प्रीति मिश्रा,जितेंद्र पटेल, महानगर मंत्री कृष्णा जायसवाल मौजूद रहे।



संक्षिप्त

दूध उत्पादन से किसानों को मिल रहा लाभ

चहनियां। महुआरी खास गांव में प्रधान सत्येंद्र सिंह के दरवाजे पर दुग्ध उत्पादक एसोशिएशन के सचिव अभय सिंह द्वारा दुग्ध उत्पादकों के हित में रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि द्वारा उपहार और बोनस देकर सम्मानित किया गया । महुआरीखास गांव में सचिव अभय सिंह द्वारा दुग्ध उत्पादक एसोशिएशन बनाकर किसानों को इकट्ठा करके उनके दुग्ध उत्पादक को जिला सहकारी दूध उत्पादक संघ में भेजा जाता है । आज हर किसान खुशहाल है । इनके नेतृत्व में हर वर्ष यह कार्यक्रम कराकर जो सरकार से लाभ मिलता ही है ये अपने तरफ से किसानों को बोनस और देते है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अभिमन्यु सिंह ने कहा कि बनारस की डेयरी से जुड़कर यहां के किसान लाभ ले रहा है ।

९-१० नवम्बर को वार्षिक पूजनोत्सव, कुश्ती दंगल

चहनियां। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री लक्षुब्रम्ह बाबा का वार्षिक पूजनोत्सव एवं विराट कुश्ती दंगल का आयोजन 9-10 नवम्बर को होगा । यह जानकारी देते हुए समिति के संजय कुमार सिंह ने बताया कि 9 नवंबर सोमवार को प्रात: 8 बजे से अखंड हरिकीर्तन प्रारम्भ होगा जो 10 नवम्बर को सुबह 8 बजे समाप्ति के पश्चात 9 बजे से रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन होगा । दोपहर 1 बजे से विराट कुश्ती दंगल आयोजित होगी । जिसमे जनपद, अन्य जनपद, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के पहलवान जोर आजमाइश करेंगे ।

कार गौशाला में घुसी,भैंस की मौत

चकिया। कोतवाली क्षेत्र के अमरा उत्तरी गांव के पास शनिवार की देर रात एक अनियंत्रित कार गौशाला में जा घुसी। इस दौरान गौशाला में बंधी भैंस को कार ने जोरदार टक्कर मार दी,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अमरा उत्तरी गांव निवासी प्रमोद गुप्ता की गौशाला में देर रात अचानक अनियंत्रित कार घुस गई। कार की चपेट में आने से गौशाला में बंधी भैंस की जान चली गई। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक कैलाश आचार्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित पशुपालक से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

कुत्ता बचाने में बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल

कमालपुर। अमड़ा-धीना मार्ग पर शनिवार की देर शाम डिग्घी गांव के पास कुत्ते से बचने की चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। जिससे बाइक चालक अरविंद 25 गिरकर घायल हो गया। पुलिस उसे उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी ले गई। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। धमिना गांव निवासी अरविंद 25 अपनी पत्नी को ससुराल धानापुर छोड़कर वापस गांव लौट रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास अचानक सामने आए कुत्ते से बचने की चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे वह सड़क पर गिर कर घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने धीना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी ले गई।

हनुमान जयंती पर निकली कलश यात्रा

सकलडीहा । क्षेत्र सहरोई गांव में रविवार को श्री हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा सहरोई, दानकेपुरा, टंडिया, सैदपुरवा होते हुए गंगा तट कैली घाट तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मां गंगा घाट पर जल भराव व पूजन-अर्चन करके वापस सैदपुरवा, ककरही, महादेवपुर, कोरी, ताराजीनपुर होते हुए श्री हनुमान मंदिर सहरोई गांव में आकर कलश यात्रा संपन्न हुआ। कलश यात्रा में सैकड़ो बालिकाएं, महिलाएं, और पुरुषों अपनी सहभागिता निभायी। कलश यात्रा में दो जोड़ी बैन्ड बजे की धुन पर लोग थिरकते हुए जय श्री राम जय श्री राम के उद्घोष करते हुए चल रहे थे। वही मुख्य यजमान राहुल मिश्रा ने जानकारी दी की श्री हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। श्री राम कथा पंडित नीरजानंद शास्त्री द्वारा किया जाएगा। श्री राम कथा का आयोजन 1 नवंबर से 7 नवंबर तक आयोजन किया गया है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता

चंदौली। राष्ट्रीय एकता दिवस के शुभ अवसर पर एस.एम.पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 'सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता' तथा कला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम को हर वर्ष की भांति इस बार भी अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इसके पश्चात आयोजित प्रतियोगिताओं के उत्कृष्ट प्रतिभागियों और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए तथा उपस्थित सभी बच्चों में मिठाइयां बांटी गईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ.अलाउद्दीन कादरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महान नेताओं की दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति की वजह से ही आज हमारा देश एक धागे में पिरोया हुआ है। उन्होंने देश की विभिन्न रियासतों का विलय कर अखंड भारत का निर्माण किया और राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने का महान कार्य किया।

काव्य समारोह में अतीक अंजर को मिला चंद्रप्रभा साहित्य सम्मान

चकिया। नगर स्थित आदित्य पुस्तकालय में रविवार को चंद्रप्रभा साहित्यिक संस्था की ओर से डॉ. इनामुल हक इनाम स्मृति काव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसमें साहित्यकारों और कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रेम, सामाजिक सरोकार, मानवीय संवेदना और समसामयिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। समारोह में साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. मोहम्मद अली बक्सी को साहित्य प्रहरी सम्मान तथा अंतरराष्ट्रीय शायर जनाब अतीक अंजर को चंद्रप्रभा साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। वहीं वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्रा और जनाब अब्दुल कय्यूम खान को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साहित्यकार मनोज द्विवेदी मधुर ने वाणी वंदना से किया। इसके बाद पूर्व निर्धारित विषय 'दिया बुझने न पाए' पर कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत कीं। अंतरराष्ट्रीय शायर अतीक अंजर ने अपनी पंक्तियों, उससे एक बार बात हो जाए, फिर वो चाहे जिसके साथ हो जाए से श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी। डॉ. मोहम्मद अली बक्सी ने बेवफा थे वो मगर मुझे वफा करना पड़ा सुनाकर प्रेम की संवेदनाओं को स्वर दिया। संस्था के अध्यक्ष बेचई सिंह मालिक ने अपनी रचना से सामाजिक परिस्थितियों पर प्रहार किया। वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्रा ने धूप ने सर के बालों को इतना पकाया है, कोई नहीं अपना अब जाकर समझ में आया है सुनाकर जीवन के अनुभवों को बयां किया। राजेंद्र प्रसाद गुप्त बावरा, शिवदास अनपढ़, रामावतार कवल, बंधु पाल बंधु, मनोज द्विवेदी मधुर, राजेश विश्वकर्मा राजू,आनंद माया मार्गदर्शक, अलियार प्रधान, वसीम अहमद, प्रदीप पाठक, हरिवंश सिंह बवाल, सहित अन्य कवियों ने अपनी कविताओं और गजलों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद गुप्त बावरा ने की तथा संचालन हरिवंश सिंह बवाल ने किया। इस अवसर पर एडवोकेट भैयालाल सिंह, विनोद सिंह गणित, टोनी खरवार सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।



ईंट की दीवार के मलबे में दबकर मजदूर की मौत, एक घायल

कमालपुर। बरहनी विकास खंड के रामपुर चौकी क्षेत्र औवरइया गांव में शौचालय की टंकी की खोदाई करते समय ईंट की दीवार गिरने से दो मजदूर मलबे में दब गए। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। अवरैइया गांव निवासी प्यारे राम के घर शौचालय की टंकी की खोदाई का काम चल रहा था, इस दौरान रामधनी का पुत्र विमल कुमार 34 और प्यारे राम टंकी खोद रहे थे। अचानक बगल के ईंट की दीवार भर भरा कर उनके ऊपर गिर गई, और दोनों मजदूर मलबे में दब गए। घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने काफी मेहनत कर दोनों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे रामपुर चौकी प्रभारी विजय राय ने घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचवाया। विमल की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया जो रास्ते वाराणसी ले जाते समय में विमल दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही स्वजन में कोहराम मच गया। मां सुदामी देवी, पत्नी रिंकी देवी, पुत्री अनुष्का और पुत्र आयुष्मान का रो-रोकर बुरा हाल रहा। चार भाइयों में विमल तीसरे नंबर पर था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। रामपुर चौकी प्रभारी विजय राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर मर्चरी हाउस चंदौली भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक ने किया विभिन्न रेलखंड का निरीक्षण

मुगलसराय। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने 01 नवंबर रविवार को चंदौली मझवार से कर्मनाशा तक रेल खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिवर्सिबल लाइन पर इंजीनियरिंग विभाग, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग तथा विद्युत कर्षण वितरण विभाग की ओर से किए जा रहे अनुरक्षण कार्यों को देखा। तीनों विभाग अपने-अपने अलग-अलग कार्य एक ही निर्धारित समयावधि में कर रहे हैं। इस व्यवस्था से अलग-अलग कार्यों के लिए बार-बार समय निकालने की आवश्यकता नहीं पड़ती और उपलब्ध समय का बेहतर उपयोग करते हुए कार्यों को पूरा करने में समय की बचत होती है। मंडल रेल प्रबंधक ने कार्यस्थल पर संरक्षा संबंधी इंतजामों और विभागों के बीच तालमेल का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक सैयदराजा स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने स्टेशन की कार्यप्रणाली, उपलब्ध यात्री सुविधाओं और स्टेशन पर व्यवस्था को देखा। ट्रेनों के परिचालन को देखा और स्टेशन पर ट्रेन परिचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने सैयदराजा से कर्मनाशा तक ट्रॉली से निरीक्षण किया। इस दौरान रेलपथ की स्थिति, रखरखाव और अनुरक्षण से जुड़े कार्यों को देखा। रास्ते में कार्यरत गैंगमेट एवं ट्रैक अनुरक्षण कर्मचारियों से बातचीत की। उनसे रेलपथ के रखरखाव, नियमित कार्यों और कार्यस्थल पर आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों से यह संवाद रेलपथ अनुरक्षण की जमीनी स्थिति समझने के लिहाज से महत्वपूर्ण रहा। कर्मनाशा स्टेशन की सीमा में पॉइंट् के पास चल रहे रेल बदलने के कार्य को भी देखा। इस दौरान कार्य की प्रगति, कार्य निष्पादन और संरक्षा संबंधी इंतजामों का जायजा लिया।

रामलीला में दशरथ मरण,भरत मिलाप का भावुक मंचन

सैयदराजा । नगर पंचायत स्थित रामलीला मैदान में श्री रामलीला समिति सैयदराजा (शिवानगर) के तत्वावधान में दशरथ मरण, भरत मनावन और चित्रकूट विश्राम लीला का मनोहारी मंचन किया गया। जय श्री काशी विश्वनाथ रामलीला मंडल लोहता (काशी) के प्रस्तोता विनोद तिवारी ने व्यास गुर्दा महाराज के मार्गदर्शन में मंचन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। लीला में दिखाया गया कि श्रीराम गंगा पार कर प्रयागराज में भारद्वाज ऋषि से मिलते हैं और महर्षि वाल्मीकि के आश्रम पहुंचते हैं। उनके परामर्श पर चित्रकूट में निवास करते हैं। इधर अयोध्या लौटे सुमंत से श्रीराम के न लौटने का समाचार सुन राजा दशरथ शोकाकुल होकर प्राण त्याग देते हैं। गुरु वशिष्ठ के निर्देश पर भरत-शत्रुघ्न को ननिहाल से बुलाया जाता है। पूरी घटना जानकर भरत माता कैकेयी पर रोष व्यक्त करते हैं और राजसिंहासन ठुकराकर श्रीराम को वापस लाने का संकल्प लेते हैं। भरत सभी माताओं व नागरिकों के साथ चित्रकूट पहुंचकर श्रीराम से लौटने की प्रार्थना करते हैं, लेकिन पिता के वचन का सम्मान करते हुए श्रीराम वनवास न छोड़ने का निर्णय लेते हैं। अंत में भरत उनकी चरण पादुकाएं लेकर लौटते हैं और नंदीग्राम में पादुकाओं को सिंहासन पर स्थापित कर राज्य संचालन करते हैं। इस प्रसंग ने भाई प्रेम, त्याग और मर्यादा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजन व मंगला आरती से हुआ। इस दौरान समिति के अध्यक्ष रविन्द्र जायसवाल ने नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सरदार सतनाम सिंह 'मोंगा' को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल,जवाहर पांडेय उर्फ लोटन गुरु, सभासद संतोष जायसवाल, अंकित जायसवाल, समाजसेवी मीना सिंह, वीरेंद्र सिंह भोले, जगदीश प्रसाद केशरी, डा0 रामआशीष मौर्य,चंद्रशेखर प्रजापति सहित बड़ी संख्या में लीला प्रेमी मौजूद रहे।

छठ महापर्व की तैयारियों में जुटी जय मां काली सेवा समिति

चकिया। छठ महापर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को सहदुल्लापुर स्थित मां काली पोखरा परिसर में जय मां काली सेवा समिति की बैठक हुई। इसमें पर्व के दौरान व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के साथ ही आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने की रणनीति बनाई गई। बैठक में सर्वसम्मति से गुरुदेव चौहान को पुन: समिति का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में छठ पूजा के दौरान पोखरे पर सेवा शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। शिविर के माध्यम से व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को बिजली, रोशनी, पेयजल, ध्वनि विस्तारक यंत्र, साफ-सफाई, चाय-कॉफी और रात्रि विश्राम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। समिति के सदस्यों ने सभी व्यवस्थाओं को आपसी सहयोग से पूरा करने का संकल्प लिया।

चोरी के आभूषण, नकदी के साथ एक गिरफ्तार

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर गांव में बीते 28 सितम्बर को जयशंकर यादव के घर से हजारों की सामान व नगदी चोरी होगई थी। घटना को लेकर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे मुखबीर की सूचना पर घरचित नहर मोड़ के समीप एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ और तलाशी के बाद युवक के पास से चांदी के जेवरात सहित चार हजार नगदी बरामद किया गया है। युवक कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर बताया गया है। पुलिस ने चोरी के सामान बरामद करने के बाद विभिन्न धारा के तहत न्यायालय से जेल भेज दिया। बीते दिनों दरियापुर के जलालपुर गांव निवासी जयशंकर यादव के घर में छत के रास्ते से चोर घुसकर सोने चांदी के जेवरात के साथ नगदी लेकर चंपत होगये थे। घटना को लेकर परिवार की ओर से कोतवाली में चोरी की मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर खुलासा में जुटी थी। मुखबीर की सूचना पर कोवताली पुलिस ने सुबह साढ़े आठ बजे घरचित नहर मोड के पास से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान चांदी के कंगन और चार हजार रूपया नगदी बरामद किया । कोतवाल भूपेन्द्र निषाद ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक व भौतिक साक्ष्यों के आधार पर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर विकाश कुमार उर्फ छोटू उर्फ छोटकन के पास से चोरी की चांदी के आभूषण व नगदी बरामद किया गया है। जिसके खिलाफ पूर्व में विभिन्न धारा के तहत कुल सात मुकदमा दर्ज है। जिसे न्यायालय से जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में कोतवाल भूपेन्द्र निषाद, उ0नि0 धीरेन्द्र प्रसाद रावत, विजय शंकर चौहान, हृदय चक्रवती व प्रश्निन दूबे रहे।

डैडीज इंटरनेशनल स्कूल की २१वीं नि:शुल्क अयोध्या यात्रा में २५ श्रद्धालु रवाना

चंदौली। आस्था जब सेवा से जुड़ती है, तो वह केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाली एक प्रेरणादायक पहल बन जाती है। इसी भावना को साकार करते हुए डैडीज़ इंटरनेशनल स्कूल एवं हॉस्टल, बिशुनपुरा-कांटा, चंदौली की ओर से आयोजित 21वीं नि:शुल्क अयोध्या धाम दर्शन यात्रा के अंतर्गत शनिवार को गायत्री चेतना केंद्र, सकलडीहा से 25 श्रद्धालुओं का दल प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या के लिए रवाना हुआ। विद्यालय के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, एलटीपी कैलकुलेटर के आविष्कारक तथा वित्तीय विशेषज्ञ डॉ. विनय प्रकाश तिवारी ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष, पुष्पवर्षा और श्रद्धालुओं के उत्साह से भक्तिमय हो उठा। डॉ. विनय प्रकाश तिवारी द्वारा संचालित इस सेवा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह वातानुकूलित बस के माध्यम से श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के नि:शुल्क दर्शन कराए जाते हैं। अब तक 21 यात्राओं का आयोजन इस बात का प्रमाण है कि निरंतरता और सेवा की भावना से छोटे-छोटे प्रयास भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। इस अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से उन श्रद्धालुओं को तीर्थदर्शन का अवसर उपलब्ध कराना है, जिनके लिए आर्थिक अथवा अन्य परिस्थितियों के कारण स्वयं ऐसी यात्रा की व्यवस्था करना कठिन होता है।



१० साल से जर्जर खड़ंजे पर चलने को ग्रामीण मजबूर

धानापुर । क्षेत्र के धानापुर से चहनिया मार्ग से ग्राम सभा करी पूर्वी छोर पर स्थित दलित बस्ती में जाने वाले खड़ंजा मार्ग जर्जर हो जाने से आवागमन में राहगीरों को काफ़ी परेशानियों क़ा सामना करना पड़ता है जिससे नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने शासन व प्रशासन से खड़ंजा की जगह पक्की सड़क का निर्माण कराने की मांग की। बताया जाता है धानापुर चहनिया मेन रोड से रामाज्ञा तिवारी कटरा के पास निकला खड़ंजा मार्ग जिसकी लम्बाई लगभग एक किमी के आस पास है जो पिछले पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से मरम्मत नहीं कराई गई है। खड़ंजा सम्पर्क मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, जगह जगह खड़ंजे की ईंटें उखड़ चुकी हैं और दोनों तरफ गड्ढे बन गए हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। गांव में दो व चार पहिया वाहन तक नहीं पहुंच पाते हैं। इससे स्कूली बच्चों को आने-जाने में परेशानी होती है। वहीं, किसी महिला या पुरुष के बीमार होने पर उसे चारपाई के सहारे गांव के बाहर तक ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर खंड विकास अधिकारी व जन प्रतिनिधियों तक शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर पक्षपात करने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आगामी विधानसभा और पंचायत चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया जाएगा। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। जल्द ही कार्य सम्पन्न कराया जायेगा।

पीडीए जन चौपाल में उमड़ा जन सैलाब

चन्दौली। विधानसभा सैयदराजा के बरहनी ब्लॉक अंतर्गत ग्रामसभा महमदपुर स्थित राम-जानकी मंदिर प्रांगण में पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भदोही के पूर्व सांसद माननीय डॉ. रमेश चन्द्र बिन्द तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष माननीय सत्यनारायण राजभर जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. रमेश चन्द्र बिन्द ने कहा कि पीडीए की ताकत सामा

बिहार समाचार

घर के दरवाजे से बाइक चोरी

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। कोचस नगर पंचायत के वार्ड संख्या पांच स्थित गांधी नगर मोहल्ले में शुक्रवार देर रात बाइक चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने घर के दरवाजे पर खड़ी होंडा एसपी बाइक चोरी कर ली। घटना के बाद पीड़ित ने शनिवार को कोचस थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।पीड़ित धनजी चौधरी ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह अपनी बाइक घर के दरवाजे के सामने खड़ी कर सो गए थे। सुबह उठने पर बाइक गायब मिली। आसपास काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला।

संक्षिप्त

सीईसी ज्ञानेश कुमार आज मेरठ में, चार मंडलों के अफसरों के साथ करेंगे बैठक

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश में चुनावी तैयारियों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 2 नवंबर को मेरठ आयेंगे। वह चार मंडलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और अलीगढ़ मंडलों के अधिकारी शामिल होंगे। इसमें संबंधित जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तानों के अलावा मंडलायुक्त, एडीजी और डीआईजी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मेरठ में चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसमें मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और अलीगढ़ मंडलों के अंतर्गत आने वाले जिलों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को बुलाया गया है। बैठक में जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान शामिल होंगे। मंडलायुक्त, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस उपमहानिरीक्षक समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी भी रहेगी।मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इससे पहले 25 सितंबर को मेरठ दौरा प्रस्तावित था, लेकिन किसी कारणवश उनका यह दौरा स्थगित हो गया था। अब वह 2 नवंबर को मेरठ पहुंचेंगे। इस दौरान चार मंडलों के अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे।उनके दौरे को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।

एसटीएफ करेगी बेसिक शिक्षकों के अभिलेखों की जांच

लखनऊ (आससे)। बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों के अभिलेखों की जांच के लिए एसटीएफ को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं । अनिल भूषण चतुर्वेदी शिक्षा निदेशक बेसिक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को एसटीएफ के सहयोग से समस्त बेसिक शिक्षकों तथा कर्मचारियों के शैक्षिक अभिलेख की जांच के लिए कहा गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय में प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में भारी पैमाने पर फर्जी डिग्रीधारी शिक्षक कार्यरत होने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत प्राप्त होने के बाद न्यायालय द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग को कक्षा एक से आठ तक के शिक्षकों के नियुक्ति पत्र ,शैक्षिक दस्तावेजों के जांच के लिए निर्देशित किया गया है। अनिल भूषण चतुर्वेदी शिक्षा निदेशक बेसिक के निर्देश के तहत शिक्षकों के हाई स्कूल, इंटर एवं स्नातक बीएड आदि योग्यताओं के संबंध में अभिलेखों के परीक्षण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। शिक्षक अपने अभिलेख के सत्यापन एवं विभाग में उच्च पद पर कार्यरत निकट संबंधियों के संबंध मे शपथ पत्र देंगे।एसटीएफ शिक्षकों के शैक्षिक अभिलेख सत्यापन के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करेगी।

आजम की गिरफ्तारी अत्याचार की पराकाष्ठा-संजय सिंह

सुल्तानपुर (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने आजम खान की रिहाई के तुरंत बाद ईडी की गिरफ्तारी को अत्याचार की पराकाष्ठा बताया। रविवार को गृह जनपद पहुंचे संजय सिंह ने निजी कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि अब कानून और अदालत के आदेशों का कोई मतलब नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि आजम खान को लंबी कानूनी लड़ाई के बाद हाईकोर्ट से जमानत मिली, लेकिन रिहाई के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी की गिरफ्तारी से पहले सम्मन, पूछताछ और कारण बताने की प्रक्रिया होती है, जिसका पालन नहीं किया गया। अमित शाह के अंगद के पैर वाले बयान पर अवधी में पलटवार करते हुए कहा कि अवध रावण की लंका नहीं है। अंगद ने पैर रावण की लंका में जमाया था, इसलिए भाजपा वालों को वहीं जाकर पैर जमाना चाहिए। दिल्ली में इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन में शामिल न होने पर उन्होंने कहा कि आप गठबंधन का हिस्सा नहीं है और अपनी लड़ाई सड़क व संसद में लड़ रही है। संजय सिंह ने ज्ञानेश कुमार पर 13.37 करोड़ वोटों की चोरी का आरोप लगाते हुए इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने बांग्लादेशी, पाकिस्तानी और रोहिंग्या घुसपैठियों के आंकड़े सार्वजनिक करने की भी चुनौती दी।

२०२७ में तीन सौ पार करेगी भाजपा

प्रयागराज (आससे)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि बांटो और राज करो की साजिश दोनों दल कर रहे हैं। भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव में 300 से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनायेगी। 2029 में भी भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने दावा किया कि अगले 30 साल तक राहुल गांधी प्रधानमंत्री और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री नहीं बन पायेंगे। उन्होंने रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम को फ्लॉप बताते हुए कहा कि वहां सत्ता परिवर्तन और सत्ता की अदला-बदली की बातें करने वालों को जनता का समर्थन नहीं मिला। सरदार पटेल का वोट चोरी किये जाने और इंदिरा गांधी के समय राजनारायण का वोट चोरी होने का भी उन्होंने जिक्र किया। केशव मौर्य ने कहा कि भाजपा जनता के आशीर्वाद से चुनाव जीतती है। पार्टी न तो वोट चोरी करती है और न ही कभी ऐसा करेगी। जनता कमल का बटन दबाकर भाजपा को विजयी बनायेगी। उन्होंने कहा कि गरीबों का कल्याण जारी रहेगा। अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वह एक महीने के भीतर राजनीतिक रूप से दिखाई देना बंद कर देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि गलत काम करने वालों के खिलाफ कारवाई की जायेगी। विश्वविद्यालय के निर्माण में गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने जांच एजेंसी की कारवाई का भी उल्लेख किया।

यूपी में तुफान अर्नब चक्रवात का असर खत्म

लखनऊ (हि.स.)। उत्तर प्रदेश में अर्नब चक्रवात और पश्चिमी विक्षोभ के कारण पिछले तीन दिनों से बारिश और ठंड का असर बना हुआ है। इस दौरान बारिश हुई और आंधी भी चली। गोरखपुर में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई लेकिन अब बारिश और तेज हवाओं का दौर अब थमने वाला है। रविवार से अर्नब तूफान और पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर दिखायी पड़ने लगा है। यही कारण है कि राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में आसमान साफ रहा। अर्नब चक्रवात और पश्चिमी विक्षोभ का असर प्रदेश भर में पिछले तीन दिनों से दिखायी पड़ रहा है। जगह-जगह बारिश और तेज हवाओं के कारण तापमान गिरने से मौसम में ठंडक घुल गयी है। कई जिलों में शुक्रवार को सुबह करीब 10 बजे से शुरू हुई बारिश शनिवार देर शाम तक होती रही। गोरखपुर, बलिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, बहराइच और प्रयागराज समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में रविवार को भी छिटपुट बारिश या बूंदाबांदी हुई है जबकि राजधानी लखनऊ समेत आसपास के कई जिलों में मौसम मुख्य रूप से साफ और शुष्क रहा। मध्य व पश्चिमी यूपी के कुछ इलाकों में हल्की-फुल्की बूंदाबांदी या बादलों की आवाजाही भी रही। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान लगभग 28 डिग्री सेल्सियस से 30.3 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया जबकि हवा में आर्द्रता लगभग 74 से 78 फीसदी के बीच दर्ज की गयी।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज:** 3,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ:** 1,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-106 पू.सं. 899678131022468
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

कोई भी कार्य छोटा-बड़ा नहीं होता-राष्ट्रपति

नयी दिल्ली (आससे)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हर कार्य को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करने का आह्वान करते हुये कहा है कि सत्य और नैतिकता के पक्ष में खड़े रहने का साहस रखें। परिस्थितियां कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों, अपने सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति दृढ़ रहें। समाज के कल्याण और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। राष्ट्रपति आज हरियाणा के कुरूक्षेत्र में, गुरुकुल के स्वामी श्रद्धानंद की पुण्यतिथि के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुये उक्त बातें कही। महामहिम ने कहा कि स्वामी श्रद्धानन्द जी ने वैदिक शिक्षा, नारी शिक्षा, कमजोर वर्गों के उत्थान,

समाज कल्याण और राष्ट्रीय विकास में योगदान करना हर देशवासी की जिम्मेदारी



स्वाधीनता संग्राम और सामाजिक एकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। स्वामी जी स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रखर सेनानी थे। उनकी निडरता एवं साहस ने भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन को नई दिशा और ऊर्जा दी। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद सामाजिक एकता के प्रबल पक्षधर थे। उनका मानना था कि भारत की मुक्ति सामाजिक एकता को बनाए रखने में निहित है। दिल्ली के जामा मस्जिद के मंच से अपने उद्गार में उन्होंने आपसी सद्भावना और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद भारत की उन्नति के लिए अस्पृश्यता के कलंक को दूर करने एवं दलितोद्धार को सबसे आवश्यक मानते थे। उनके अनुसार छुआछूत जैसी कुप्रथा वैदिक धर्म के मूल भावनाओं के विपरीत थी। राष्ट्रपति ने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। प्रत्येक कार्य का अपना महत्व है। हर कार्य को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करें। सत्य और नैतिकता के पक्ष में खड़े रहने का साहस रखें। परिस्थितियाँ कितनी भी चुनौतीपूर्ण क्यों न हों, अपने सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति दृढ़ रहें। समाज के कल्याण और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। अपने व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर समाज और देश के व्यापक हितों के लिए कार्य करें।

मुख्यमंत्रीका अयोध्या दौरा आज

अयोध्या (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अयोध्या का दौरा करेंगे। वह दीपोत्सव-2026 की तैयारियों का ग्राउंड जीरो पर जायजा लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में दर्शन करेंगे। साथ ही साकेत महाविद्यालय, राम की पैड़ी, राम कथा पार्क और सरयू आरती स्थल का निरीक्षण भी करेंगे। इसके अलावा वह अधिकारियों के साथ दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा करेंगे। दीपोत्सव के मुख्य अतिथियों और वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ बैठक भी प्रस्तावित है। सीएम योगी के दोपहर 12 बजे तक पहुंचने का अनुमान है। सीएम के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कार्यक्रम स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया है। जिलाधिकारी

कांग्रेसने सिखोंके जख्मोंपर किया नमक छिड़कनेका काम

चंडीगढ़ (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को चंडीगढ़ के स्थापना दिवस समारोह में कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने 1984 के सिख नरसंहार की बरसी के दिन दिल्ली में कांग्रेस की रैली आयोजित करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने सिखों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन हजारों सिखों की निर्मम हत्या हुई, उसी दिन कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने की क्या जरूरत थी। अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान से नफरत के अलावा कुछ नहीं मिलेगा इंडिया गठबंधन के आह्वान पर आयोजित रामलीला मैदान की रैली और मॉक पार्लियामेंट को लेकर राहुल गांधी पर अमित साह ने निशाना साधा। उन्होंने कहा मैं राहुल गांधी जी से कहना चाहता हूं कि आपको अगर प्रधानमंत्री बनना है तो ऐसे ही मॉक पार्लियामेंट करते रहिए. आपका नम्बर फिर भी नहीं आने वाला।

गृहमंत्री शाहका राहुल पर राजनीतिक हमला

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस को पहले यह लगा था कि शायद राहुल गांधी उस समय छोटे थे या उन्होंने इतिहास नहीं पढ़ा, इसलिए उन्हें इस दिन के महत्व की जानकारी नहीं होगी। लेकिन भाजपा ने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस से अपील की थी कि 1, 2 और 3 नवंबर को रैली आयोजित न की जाय, क्योंकि ये वही दिन हैं जब सिख विरोधी दंगे हुए थे। अमित शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक बार कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। अब उनके बेटे राहुल गांधी ने उसी दिन दिल्ली में बड़ी रैली आयोजित की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस से अपील की थी कि 1 से 3 नवंबर के बीच कोई बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम न किया जाए, क्योंकि इससे सिख समुदाय की माताओं, बहनों और बच्चों की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी। गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व अपनी जिद पर अड़ा रहा। उन्होंने दावा किया कि विदेश से आदेश दिए गए कि उसी दिन रैली आयोजित की जाए, जिस दिन हजारों सिखों को जिंदा जलाया गया था।

दिवंगत नेता को बीजेपी ने टीम में दी जगह, मचा बवाल

लखनऊ (आससे)। भाजपा के श्रम प्रकोष्ठ की प्रांतीय टीम में अम्बेडकरनगर के दिवंगत भाजपा नेता को स्थान देने का मामला सामने आया है। बीते शनिवार की देर शाम घोषित श्रम प्रकोष्ठ की प्रांतीय टीम में एक साल पूर्व दिवंगत हुए भाजपा नेता को सदस्य बनाया गया है। श्रम प्रकोष्ठ में भाजपा के दिवंगत नेता राम सूरत मौर्य को 11 सदस्यीय टीम में रखा गया है। अम्बेडकरनगर के टाण्डा के रहने वाले राम सूरत मौर्य की लगभग 1 साल पहले मौत हो चुकी है। भाजपा की कमेटी की लिस्ट आते ही शोसल मीडिया पर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। इस मामले के सामने आने के बाद संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।विडंबना यह है कि संगठन के लिए योगदान देने वाले कार्यकर्ता की जीवनकाल में सुध नहीं ली और निधन के बाद उन्हें पदाधिकारी बना दिया गया। यह महज सूची में हुई चूक नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के प्रति संगठन की संवेदनशीलता और जवाबदेही पर भी सवाल है। सवाल है कि प्रांतीय कमेटी की सूची जारी करने से पहले क्या जिला संगठन से जानकारी या सुझाव नहीं लिए गए।

शेष

वोट चोरीसे...

मेहनत का फल और विद्यार्थियों को उनकी पढ़ाई का उचित प्रतिफल मिले। देश कुछ चुनिंदा लोगों का नहीं हो सकता। रैली में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में लाखों मतदाताओं के नाम एसआईआर के जरिए काटे गए। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहती है कि केवल उसके समर्थक ही देश के नागरिक और मतदाता बने रहें। अखिलेश ने रामलीला मैदान को लोकतंत्र का हल्दीघाटी बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जो लोग आए थे, उन्हें अब वहां से जाना होगा। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि एसआईआर के कारण राज्य में एक करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए और उनकी हार नहीं हुई, बल्कि उन्हें हराया गया। उन्होंने कहा कि बंगाल के साथ अन्याय हुआ है, लेकिन विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई जारी रखेगा। राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने चुनावी प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों की तुलना महाभारत के शकुनि के पासों से की। उन्होंने कहा कि जब शकुनि पासा फेंकता था तो वही होता था, जो वह चाहता था। इसी तरह चुनाव में निष्पक्ष मुकाबले की स्थिति नहीं रह गई है। तेजस्वी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को जेल भेजने की मांग भी की। सीपीआई (एमएल) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने एसआईआर को आम लोगों के मताधिकार छीनने का जरिया बताया। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के खिलाफ सत्ता की ओर से सर्जिकल स्ट्राइक है। रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती समेत कई विपक्षी नेता शामिल हुए। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले इंडिया गठबंधन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आयोजित मॉक संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया था।

दिल्ली-एनसीआरमें...

के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 के अंतर्गत थी। पूछताछ में हुकमुद्दीन ने बताया कि उसे यह कोकीन जाबिद हुसैन से मिली थी। जाबिद हुसैन को 17 अगस्त 2026 को नूंह मेवात, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। जाबिद ने मुश्ताक से कोकीन लेने की बात कबूली। मुश्ताक को 18 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया गया। उसने चार्ल्स ओवुसु उर्फ जॉनसन से कोकीन लेने का खुलासा किया। जांच के आधार पर, 20 अक्तूबर 2026 को चार्ल्स ओवुसु उर्फ जॉनसन के किराये के मकान पर छापा मारा गया। यह मकान दिल्ली के खानपुर स्थित देवली एक्सटेंशन में था। वहां से 30 ग्राम कोकीन, पांच चलभाष, एक अंकीय वजन मशीन और प्लास्टिक के पाउच मिले। चार्ल्स ओवुसु ने बताया कि वह डेविड नामक नाइजीरियाई व्यक्ति से कोकीन लेता था। इस मुख्य आपूर्तिकर्ता और अन्य शामिल लोगों की तलाश जारी है।

देशमें अराजकता...

दूसरा, दिल्ली में दंगे और अराजकता फैलाकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को गिराने की कोशिश करना। तीसरा, त्योहारी सीजन में दिल्ली के दुकानदारों और व्यापारियों की कमाई छीनना और चौथा, देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नुकसान पहुंचाना। विपक्षी गठबंधन इंडिया की महारैली पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का मकसद इस त्योहारी सीजन में दिल्ली को ठप करना, छोटे दुकानदारों और कारोबारियों की रोजी-रोटी पर चोट पहुंचाना और देश में अशांति व अराजकता का माहौल पैदा करना है। हम इस समय त्योहारों के सीजन से गुजर रहे हैं। धनतेरस, दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहार आने वाले हैं। पूरे साल हमारे छोटे व्यापारी, रेहड़ी-पटरी वाले और दुकानदार इस समय का इंतजार करते हैं। उन्हें उम्मीद रहती है कि इस दौरान इतनी कमाई हो जाएगी कि वे अपने परिवार का खर्च चला सकें और बच्चों की जरूरतें पूरी कर सकें। लेकिन राहुल गांधी को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि इन कारोबारियों के घरों का चूल्हा जल पाएगा या नहीं। उन्हें सिर्फ अपनी तरह की राजनीति को आगे बढ़ाने में दिलचस्पी है। नड्डा ने कहा, चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी से बार-बार संपर्क किया। आज भी उनसे संपर्क किया गया। संगठन ने एक-दो बार नहीं, बल्कि तीन बार उनसे अपील की कि भगवान के लिए, त्योहारी सीजन में इतनी बड़ी भीड़ लेकर दिल्ली मत आइए और हमारे कारोबार को ठप मत कीजिए। लेकिन राहुल गांधी की जिद के कारण आज कारोबारियों का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है।

यूपी : बागपतमें...

किया तो कोबरा सांप निकलने लगे, जिन्हें पकड़वाकर जंगल और हिंडन नदी के किनारे छोड़ा गया। पिछले पांच दिन में 30 सांप निकल चुके हैं। लगातार सांप निकलने पर उन्होंने मकान की नींव की खोदाई करायी तो सांप के खाली अंडे निकलने लगे। 200 अंडे बाहर निकाले जा चुके हैं, जिनमें से सांप बाहर आ चुके हैं। सांप के 200 खाली अंडे निकलने की जानकारी वन विभाग के अफसरों को दी गयी। वन विभाग की टीम ने कहरका गांव पहुंचकर खाली अंडे देखे और लोगों से सतर्क रहने की अपील की।

नेपाल : सुरंग...

और आठबिसकोट नगरपालिका-3 निवासी 32 वर्षीय आदेश भंडारी शामिल हैं। दोनों चोरी के मामलों में विचाराधीन बंदी थे। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है। शनिवार सुबह जानकारी मिलने पर पुलिस और प्रशासन में खलबली मच गयी। जांच में पता चला कि कैदियों ने जिस कमरे में सोने के लिए जगह बनाई थी, वहां से जेल की बाहरी परिधि तक करीब चार मीटर 30 सेंटीमीटर लंबी सुरंग खोदी थी। इसी रास्ते सभी आठ कैदी फरार हो गये। डोल्पा के पुलिस प्रमुख अनिलराज गिरी ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि फरार कैदियों की गिरफ्तारी के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस टीमें लगाई गई हैं। जिला पुलिस कार्यालय के डीएसपी के नेतृत्व में 34 पुलिसकर्मियों की टीम कारागार पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिसकर्मियों को तलाश अभियान में लगाया गया। कर्णाली प्रदेश के पुलिस प्रमुख डीआईजी जयराज सापकोटा ने बताया कि फरार कैदियों की तलाश के लिए चारों दिशाओं में पुलिसकर्मियों को भेजा गया है। उनके संभावित ठिकानों और आवाजाही वाले क्षेत्रों में भी खोजबीन की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल की विस्तृत जांच पूरी होने के बाद फरारी से जुड़े अन्य तथ्यों की पुष्टि हो सकेगी। एक साथ आठ कैदियों के सुरंग खोदकर फरार होने की घटना ने जिला कारागार की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा और तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

भाजपाने विकास...

भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर किया। सपा सरकार लूटपाट करने को बदमाश पालती थी, जबकि भाजपा सरकार ने विकास के जरिये बदलाव करके दिखा दिया है। उत्तर प्रदेश अब पतन और शोषण की नहीं, प्रगति व संस्कृति की धरती बन गई है। अब यहां कर्फ्यू, उपद्रव या दंगा नहीं, उत्सव होता है। अखिलेश यादव के समय बाहरी लोग यूपी का नाम सुनकर सौ कोस दूर भागते थे। आज यूपी वालों की आवभगत व सम्मान किया जाता है। सपा और भाजपा की सरकार में अंतर समझाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 वर्षों में 10 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी दी। वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज, वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट-वन कुजीन दिया। माफिया को मिट्टी में मिलाने का काम भी किया। अब किसी गरीब की जमीन पर कोई माफिया कब्जा करने का दुस्साहस नहीं कर सकता। किसी बेटी की सुरक्षा में सेंध नहीं लगा सकता, क्योंकि उसे मालूम है कि ऐसा करने पर अंजाम क्या होने वाला है। सीएम योगी ने कहा कि आज गोरखपुर का विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश बदल चुका है और भारत दुनिया में नई पहचान के साथ आगे बढ़ा है। यह नया भारत है, जहां 140 करोड़ भारतवासी मोदी जी के नेतृत्व में गौरव की अनुभूति करते हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 12 वर्ष में 46 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर उठकर सामान्य जीवनयापन का अवसर मिला है। पीएम मोदी जी ने देश को गरीबी के कलंक से उबारने का काम किया है। गरीबों के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव आया है। उन्हें आवास मिल रहा है, घर में शौचालय बन रहे हैं, निशुल्क राशन सुविधा का लाभ मिल रहा है। पहली बार देश में 55 करोड़ लोगों को निशुल्क 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष आयुष्मान भारत का लाभ प्राप्त हुआ है। जनधन अकाउंट में 55 करोड़ लोगों के खाते खोले गए। कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार में गरीब को 100 रुपये में मात्र 15 रुपये ही मिलते थे, जबकि जनधन खातों के जरिये अब गरीब को पूरे 100 रुपये मिलते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चौरीचौरा की ऐतिहासिक घटना में 172 देशभक्तों को अंग्रेजों ने फांसी की सजा दी थी। ये कांग्रेसी कहते हैं कि पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के बहुत बड़े अधिवक्ता थे। पर, सच्चाई यह है कि उस समय इन 172 किसानों, श्रमिकों, व्यापारियों की पैरवी पंडित नेहरू ने नहीं की। तब पंडित मदन मोहन मालवीय पैरवी के लिए आगे आए। मालवीय जी ने 151 क्रांतिकारियों को फांसी के फंदे से छुड़ाने में सफलता हासिल की।

पीईटी-2026 परीक्षा-तीन दिनों तक 60 जनपदों के 1,372 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई परीक्षा

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और नकलविहीन बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का असर प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 के सफल आयोजन में भी दिखाई दिया। प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति, तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था और प्रशासनिक सतर्कता के बीच उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) ने पीईटी-2026 की लिखित परीक्षा तीन दिनों तक शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराई। 25 और 30 अक्टूबर तथा 1 नवंबर 2026 को प्रदेश के 60 जनपदों के 1,372 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के लिए कुल 35,41,297 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 24,36,253 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस प्रकार कुल 68.79 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।

योगी सरकार की मंशा के अनुरूप परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और नकलविहीन बनाने के लिए इस बार अत्याधुनिक तकनीक का व्यापक इस्तेमाल किया गया। अभ्यर्थियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए फेसियल रिकॉग्निशन-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), आधार आधारित प्रमाणीकरण और बायोमेट्रिक सत्यापन की व्यवस्था लागू की गई। प्रत्येक उपस्थित अभ्यर्थी का फोटो और आइरिस डाटा भी कैप्चर किया गया।

दो एफआईआर दर्ज, 67 अभ्यर्थी एआई मैचिंग में संदिग्ध चिह्नित

चुनावी चक्रव्यूहके लिए घर घर दस्तक देगी भाजपा

लखनऊ (आससे)। यूपी असेम्बली इलेक्शन में चुनौतियों को देखते हुए बीजेपी ने संगठनात्मक और मैदानी तैयारियों को तेज कर दिया है। संगठन को बूथ स्तर तक अभेद्य बनाने और जनता के साथ सीधा संवाद करने के लिए यूपी भाजपा ने एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार की है।पार्टी नेतृत्व के निर्देशों के मुताबिक विधानसभा स्तर पर प्रवासी प्रभारियों की नियुक्ति का काम तुरंत पूरा किया जाएगा।इस बार महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को विधानसभा स्तर पर प्रवासी के रूप में मैदान में उतारा जाएगा।पार्टी की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि जिला प्रभारी जल्द से जल्द विधानसभा स्तर पर और विधानसभा प्रभारी शक्ति केंद्रों पर अपना प्रवास सुनिश्चित करें। विधानसभा प्रभारी और विस्तारक मंडल स्तर पर सक्रिय सदस्यों की बैठकें तुरंत शुरू करेंगे, ताकि संगठन की गतिशीलता बनी रहे। बीजेपी का सबसे बड़ा जोर जनसंपर्क पर है।पार्टी के श्घर-घर संपर्क अभियानश् के तहत हर 50 परिवारों पर एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।डोर-टू-डोर जनसंपर्क को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला स्तर पर समन्वय टोली का गठन किया जाएगा। चुनावी रणनीति को धार देने के लिए क्षेत्रीय और जिलाध्यक्षों को मोर्चों की गतिविधियों को प्रभावी बनाने और अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक रात्रि-प्रवास करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। दीपावली का त्योहार बीतते ही पार्टी पूरे प्रदेश में मतदाता पुनरीक्षण के काम में पूरी ताकत से जुटेगी। खास तौर से युवाओं को जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरवाने का विशेष अभियान चलाया जाएगा. पार्टी ने पुराने और वरिष्ठ नेताओं को साधने की भी पूरी तैयारी की है।पूर्व ब्लॉक प्रमुखों, बीडीसी सदस्यों, जिला पंचायत अध्यक्षों, जिला पंचायत सदस्यों और पूर्व पार्षदों सहित पूर्व ज

न्यूजीलैंड ए की वापसी

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। मैथ्यू बायल (१०७) के नाबाद शतक और डीन फाक्सक्राफ्ट (८०) के अर्द्धशतक और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए की गयी २०५ रन की अटूट द्विशतकीय साझेदारी के दम पर न्यूजीलैण्ड ए ने रविवार को यहां भारत ए के खिलाफ दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन खराब शुरुआत से उबरते हुए तीन विकेट पर २१८ रन बना लिए। इससे पहले भारतीय टीम ने कप्तान ध्रुव जुरेल (१०५) के शतक की मदद से अपनी पहली पारी में ३४६ रन बनाये। न्यूजीलैण्ड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक समय उसका स्कोर तीन विकेट पर १३ रन था। मोहम्मद सिराज और मुकेश कुमार ने उसे शुरुआती झटके दिए। सिराज ने कप्तान राइस मारियू (चार) को आउट किया जिन्हें जुरेल ने विकेट के पीछे कैच किया। इसके बाद मुकेश ने कर्टिस हीफी (चार) और टिम राबिन्सन (तीन) को आउट करके न्यूजीलैण्ड की टीम को मुश्किल में डाल दिया लेकिन बायल और फाक्सक्राफ्ट ने भारत को आगे कोई सफलता नहीं हासिल करने दी।



कोहली के खिलाफ खेलना शानदार होगा-जैकब डफी

आकलैंड (एजेन्सियां)। न्यूजीलैण्ड के तेज गेंदबाज जैकब डफी रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) में विराट कोहली के साथ बिताये समय के दौरान उनकी विनम्रता और खेल के प्रति लगन से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि स्टार खिलाड़ी होने के बावजूद वह बेहद सरल व्यक्ति हैं और आगामी एकदिनी श्रृंखला में उनका सामना करना शानदार होगा। आईपीएल में डफी और कोहली एक ही टीम आरसीबी के लिए खेलते हैं और इन दोनों ने इस साल उसे लगातार दूसरा खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। डफी ने कहा मुझे कल उनसे मिलने का मौका मिला। वह जिम में थे इसलिए उनसे वहां अचानक मिलना अच्छा लगा। उनका व्यवहार मेरे प्रति बहुत शानदार था। डफी ने कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान ने अपने देश में सुपरस्टार होने के बावजूद विदेशी खिलाड़ियों को सहज महसूस कराने के लिए अपनी तरफ से पूरी कोशिश की।

मेरा काम लोकप्रिय नहीं सही फैसला लेना है

मैं किसी से नहीं डरता-गंभीर



हैमिल्टन (एजेन्सियां)। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने रविवार को कहा कि उनका काम सबको खुश करना नहीं है और लोकप्रिय फैसलों के बजाय सही फैसले लेना है। भारत के पास मजबूत बेंच स्ट्रेंथ है। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को खास मौके नहीं मिल रहे हैं क्योंकि संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा शीर्षक्रम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इन दोनों ने इस साल की शुरुआत में भारत को टी-२० विश्वकप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस बाबत न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच से पहले गंभीर ने कहा कि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का समर्थन करना भी ड्रेसिंग रूम में सुरक्षा की भावना सुनिश्तित करने के लिए महत्वपूर्ण है। गंभीर ने कहा लोकप्रिय फैसला करना बहुत आसान होता है लेकिन मेरे लिए महत्वपूर्ण बात सही फैसले करना और यह सुनिश्चित करना है कि ड्रेसिंग रूम में पर्याप्त सुरक्षा हो। उन्होंने कहा जैसा आपने कहा कि टीम के पास बहुत प्रतिभा है लेकिन फिर भी मुझे लगता है कि जो खिलाड़ी लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं वे निश्चित रूप से अधिक अवसर के हकदार हैं। इस श्रृंखला में हम यही दृष्टिकोण अपना रहे हैं। भारत ने पहले तीन मैच जीतकर न्यूजीलैण्ड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला अपने नाम कर ली है। गंभीर से पूछा गया कि श्रृंखला का परिणाम पहले ही तय हो जाने के बाद वह खिलाड़ियों को कैसे प्रेरित करेंगे उन्होंने कहा जब आप देश के लिए खेल रहे होते हैं तो किसी तरह की आत्मसंतुष्टि नहीं होती है। हर कोई जानता है कि कुछ भाग्यशाली खिलाड़ियों को देश की तरफ से खेलने का मौका मिलता है। मेरा मानना है कि हर मैच कुछ अलग करने, कुछ सीखने और खुद को बेहतर बनाने का मौका होता है। भारतीय टी-२० अंतरराष्ट्रीय टीम व्यस्त कार्यक्र म के बाद न्यूजीलैण्ड पहुंची है। उसने हाल में अफगानिस्तान और वेस्टइण्डीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाएं खेलने के साथ एशियाई खेलों में भी भाग लिया था। गंभीर ने कहा हमें बहुत ही कम समय मिला। हमने १७ अक्तूबर को वेस्टइण्डीज के खिलाफ अंतिम मैच खेला और १८ अक्तूबर को हमने यहां के लिए उड़ान भर दी। हम केवल एक सत्र में ही अभ्यास कर पाये। खिलाड़ियों ने जिस तरह से परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाला वह काबिलेतारीफ है। गंभीर ने टी-२० श्रृंखला में मिली जीत को 'असाधारण उपलब्धि' करार देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के आक्रामक और बेखौफ रवैये ने तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलने की कमी को पूरा किया। गंभीर ने इस मौके पर भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में श्रेयस ने सीमित संसाधनों के बावजूद गेंदबाजों से शानदार प्रदर्शन करवाया। गंभीर ने कहा श्रेयस ने एक बेहद सफल टी-२० टीम की कमान संभाली थी जिसने विश्वकप जीता था और दो साल तक कोई श्रृंखला नहीं गंवाई थी। उन्होंने कहा इंगलैण्ड और न्यूजीलैण्ड जैसे देशों के दौरे पर अनुभव की कमी खलती है, लेकिन यह युवा खिलाड़ियों को मौका देने का अच्छा अवसर भी है। अगर आप अगले विश्वकप की तैयारी करना चाहते हैं तो युवा खिलाड़ियों को अवसर देना और दौरे के दौरान ही उन्हें निखारना जरूरी है। गंभीर से जब पूछा गया कि क्या लगातार सामने आने वाली चुनौतियां उन्हें कभी परेशान या विचलित करती हैं, तो उन्होंने अपने चिरपरिचित अंदाज कहा मैं किसी चीज से नहीं डरता। मेरे शब्दकोश, मेरी सोच और मेरी विचारधारा में डर के लिए कोई जगह नहीं है।

न्यूजीलैण्ड ने मैच, भारत ने जीती श्रृंखला

सीफर्ट की पारी ईशान, श्रेयस पर पड़ी भारी, मिल्ने ने झटके चार विकेट, मेजबान टीम ने पांचवां टी-२० भी सात विकेट से जीता

हैमिल्टन (एजेन्सियां)। भारत को टिम सीफर्ट को शुरू में ही जीवनदान देना महंगा पड़ गया और इस सलामी बल्लेबाज ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए ५० गेंद में ९३ रन की तूफानी पारी खेल दी जिससे न्यूजीलैण्ड ने रविवार को यहां खेले गये पांचवें और अंतिम टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में दो ओवर शेष रहते हुए सात विकेट से जीत दर्ज कर ली। भारत भले ही मुकाबला हार गया लेकिन उसने श्रृंखला ३-२ से अपने नाम कर ली। टीम इण्डिया ने पहले तीन मैच जीते थे जबकि मेजबान टीम ने वापसी करते हुए आखिरी के दो मैच जीत लिए। प्लेयर आफ द मैच एडम मिल्ने (४-१९) की उम्दा गेंदाबजी के दम पर कीवी टीम ने पहले भारत को २० ओवर में आठ विकेट पर १९१ रन पर रोक दिया फिर १८ ओवर में तीन विकेट पर १९५ रन बना लिए। १९२ रन के लक्ष्य के सामने न्यूजीलैण्ड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में नौ रन के टीम स्कोर पर सलामी बल्लेबाज फिन एलन (दो) को खो दिया जिन्हें बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने ईशान किशन के हाथों कैच कराया। अर्शदीप को अपने अगले ओवर में सीफर्ट का विकेट भी मिल जाता लेकिन नमन धीर उनका कैच नहीं पकड़ सके। उस समय सीफर्ट केवल १३ रन पर थे। सीफर्ट ने छक्का लगाकर इस जीवनदान से आये दबाव को हटाया। इधर डेरिल मिचेल ने प्रिंस यादव का स्वागत लगातार दो छक्के लगाकर किया जबकि सीफर्ट ने पावर प्ले के आखिरी ओवर में भुवनेश्वर कुमार पर दो चौके और दो छक्के लगाकर २० रन बटोरे। न्यूजीलैंड ने इस तरह से पावर प्ले में एक विकेट पर ५९ रन बनाये। श्रृंखला में अपना पहला मैच खेल रहे स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल को आउट करके सीफर्ट के साथ उनकी ७३ रन की साझेदारी तोड़ी। इस बीच दिलेरी के साथ भारतीय गेंदबाजों का सामना कर रहे सीफर्ट ने नीतीश कुमार रेड्डी पर छक्का लगाकर ३४ गेंद पर अर्द्धशतक पूरा कर लिया। सीफर्ट इसके बाद और आक्रामक हो गये। वे जिस अंदाज के साथ खेल रहे थे लग रहा था कि उनके बल्ले से शतक निकलेगा और वे अजेय रहते हुए टीम को जिता कर ही लौटेंगे लेकिन नितीश ने अपनी एक खूबसूरत गेंद पर सीफर्ट को बोल्ड करके उन्हें अपने करियर का पहला शतक नहीं बनाने दिया लेकिन तब तक वह फिलिप्स के साथ मिलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा चुके थे। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए ८९ रन की साझेदारी की। सीफर्ट ने ९३ रन के लिए ५० गेंद खेली जिसमें ११ चौका, पांच छक्का शामिल रहा। इधर प्रचंड फार्म में चल रहे प्लेयर आफ द टूर्नामेंट फिलिप्स ने अर्शदीप पर चौका लगाकर २९ गेंद पर अर्द्धशतक पूरा कर लिया। फिलिप्स ३८ गेंद पर आठ चौके, तीन छक्के की मदद से ६५ रन बना कर न्यूजीलैण्ड का स्कोर १८ ओवर में तीन विकेट पर १९५ रन कर अजेय पवेलियन लौटे। फिलिप्स ने इस श्रृंखला में ३४१ रन बनाये जो किसी द्विपक्षीय श्रृंखला में सर्वाधिक रन का नया रेकार्ड है। अर्शदीप, वरुण चक्रवर्ती और नीतीश कुमार रेड्डी ने एक-एक विकेट आपस में बांटे। इससे पहले श्रृंखला में पहली बार टास हार कर पहले बल्लेबाजी को बाध्य भारत की पारी तीन चरणों में गुजरी। उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन बीच के ओवरों में उसने तेजी से रन बनाये और डेथ ओवरों में फिर से कुछ खास नहीं कर पाये। भारत ने महज १९ रन पर सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (एक) और संजू सैमसन (चार) के विकेट गंवा दिए थे। इन दोनों को एडम मिल्ने ने पवेलियन की राह दिखाई। ईशान किशन ने थोड़ी धीमी शुरुआत की और पहली ११ गेंदों में केवल १३ रन बनाये लेकिन एक बार लय में आने के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ की गेंद पर लांगआफ पर चौका और ब्लेयर टिकनर की गेंद पर प्वाइंट के ऊपर से छक्का जड़कर उन्होंने अपना आक्रामक तेवर दिखाया। वेस्टइण्डीज के खिलाफ टी-२० में अपना पहला शतक लगाने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर कुछ खास नहीं कर पाये थे लेकिन आज वे रन बनाने के लक्ष्य के साथ २२ गज की पट्टी पर उतरे थे। उन्होंने स्मिथ की गेंद पर छक्का लगाकर शुरुआत की और इसके बाद भी कुछ दर्शनीय शाट लगाये। उन्होंने आफ स्पिनर माइकल ब्रैसवेल पर लगातार ६, ४, ६ रन जड़े। इसमें आखिरी छक्का १०० मीटर की दूरी तक गया। किशन ने भी गति पकड़ ली और ब्रेसवेल की गेंद पर छक्का लगाकर २८ गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया जबकि ४० रन पर जीवनदान पाने वाले अय्यर ने भी जल्द ही उनका अनुसरण करते हुए स्मिथ की गेंद पर चौका लगाकर २२ गेंदों में अर्द्धशतक जड़ दिया, लेकिन न्यूजीलैण्ड ने ठीक उसी समय वापसी की और टिकनर ने ११वें ओवर में किशन को स्मिथ के हाथों कैच करा दिया जिन्होंने ३२ गेंद पर पांच चौके, पांच छक्के की सहायता से ६१ रन बनाये और तीसरे विकेट के लिए ४३ गेंद में ९३ रन जोड़े। इसके अगले ओवर में स्मिथ ने अय्यर को भी अपना शिकार बना लिया। अय्यर पुल लगाने के प्रयास में विकेटकीपर सीफर्ट को कैच दे बैठे। अय्यर ने पवेलियन लौटने से पहले २३ गेंद में तीन चौके, चार छक्के की मदद से ५० रन बनाये। उम्मीद थी कि तिलक वर्मा आक्रामक तेवर के साथ बड़ी पारी खेलेंगे लेकिन वे केवल छह रन बना करर नाथन स्मिथ के शिकार हो गये। इसके बाद नमन धीर ने २३ गेंद में चार चौके, एक छक्के की मदद से ३३ और नीतीश कुमार रेड्डी ने १७ गेंद में दो चौके, एक छक्के की मदद से २२ रन बनाये। भारत १४वें से २०वें ओवर के बीच केवल ५७ रन ही बना सका। जिससे भारत का स्कोर २० ओवर में आठ विकेट पर १९१ रन हो सका। एडन मिल्ने ने १९ रन देकर चार लिए जबकि स्मिथ और टिकनर ने दो-दो विकेट चटकाये।

हरमनप्रीत की हैटट्रिक, भारत ने लगाया जीत का चौका



जालंधर (एजेन्सियां)। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के हैटट्रिक की बदौलत पांच बार के चैम्पियन भारत ने रविवार को एशियाई चैम्पियंस ट्राफी (एसीटी) हाकी टूर्नामेंट में मलयेशिया को ४-२ से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। भारत ने हाल ही में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक मैच में भी मलयेशिया को ५-१ से हराया था। छह टीमों के इस टूर्नामेंट में भारत और मलयेशिया के अलावा दक्षिण कोरिया तथा जापान ने भी सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारत सोमवार को अपने आखिरी राउंड राबिन मुकाबले में दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा जबकि मलयेशिया का सामना जापान से होगा। हरमनप्रीत ने तीसरे, ३३वें और ५८वें मिनट में गोल दागा। उन्होंने दो गोल पेनल्टी कार्नर पर किये जबकि एक गोल पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए आया। स्ट्राइकर सुखजीत सिंह ने ४३वें मिनट में मैदानी गोल कर भारत की बढ़त मजबूत की। मलेशिया की ओर से अखिमुल्लाह अनुआर ने २५वें मिनट में और शेलो सिल्वरियस ने ६०वें मिनट में गोल किये। भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। कप्तान हरमनप्रीत ने तीसरे ही मिनट में टीम को मिले पहले पेनल्टी कार्नर पर मलयेशिया के गोलकीपर हफीजुद्दीन ओथमान के बाईं ओर दमदार ड्रैग फ्लिक लगाकर गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने मलयेशियाई रक्षापंक्ति पर लगातार दबाव बनाया और कई बार सर्कल में प्रवेश किया लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली। मलयेशिया ने दूसरे क्वार्टर में जवाबी हमला तेज किया। उसे १८वें

एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हाकी
मलयेशिया को ४-२ से हराया

मिनट में लगातार दो पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने दोनों मौकों पर गोल नहीं होने दिया। इसके बाद भारत को भी लगातार दो पेनल्टी कार्नर मिले मगर मलेयशियाई गोलकीपर ओथमान ने दोनों बार हरमनप्रीत के प्रयासों को नाकाम कर दिया। मलयेशिया ने भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाये रखा और २४वें मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कार्नर हासिल किये। भारतीय खिलाड़ियों ने मुस्तैदी से बचाव करते हुए अपनी बढ़त कायम रखी। अखिमुल्लाह अनुआर ने अगले ही मिनट भारतीय रक्षापंक्ति की चूक का फायदा उठाकर गोल कर दिया। फैज जली से मिले पास पर उन्होंने गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया। इसके साथ ही हाफ टाइम तक दोनों टीमें १-१ की बराबरी पर थीं। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में अधिक आक्रामक रुख अपनाया। हाफ टाइम के बाद तीन मिनट के भीतर भारत को चौथा पेनल्टी कार्नर मिला और हरमनप्रीत ने एक बार फिर सटीक ड्रैग फ्लिक लगाकर टीम को २-१ की बढ़त दिला दी। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने मिडफील्ड में गेंद छीनकर शानदार मूव बनाया और सुखजीत सिंह को पास दिया। सुखजीत ने बेहतरीन टोमहाक शाट लगाकर गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा जिसमे मैच के ४३वें मिनट में भारत ने अपनी बढ़त ३-१ कर ली। अंतिम हूटर बजने से दो मिनट पहले भारत को छठा पेनल्टी कार्नर मिला। इस दौरान हरमनप्रीतकी गोलकी ओर जाती फ्लिक मलयेशियाई डिफेंडरके शरीरसे टकरा गयी जिससे पेनल्टी स्ट्रोक मिला। हरमनप्रीतने इस मौकेको भुनानेमें कोई गलती नहींकी और ५८वें मिनट में अपना तीसरा गोल दागकर भारतको ४-१ से आगे कर दिया। खेल समाप्त होनेसे एक मिनट पहले मलयेशियाके शेलो सिल्वरियसने मैदानी गोल कर अंतर ४-२ कर दिया लेकिन तब तक भारतीय टीम अपनी जीत सुनिश्चित कर चुकी थी।

हैमिल्टन में लगी रेकार्डों की झड़ी

हैमिल्टन (एजेन्सियां)। भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच पांच मैचों की टी-२० श्रृंखला का आखिरी मुकाबला सिर्फ श्रृंखला के लिहाज से ही नहीं बल्कि रेकार्ड्स के लिहाज से भी बेहद खास रहा। हैमिल्टन के सेडन पार्क में खेले जा रहे इस मुकाबले की सबसे बड़ी उपलब्धि विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन के नाम रही। उन्होंने न्यूजीलैण्ड के खिलाफ ३२ गेंदों में ६१ रनों की विस्फोटक पारी खेलकर टी-२० अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने २००० रन पूरे कर लिए। वह भारत की ओर से सबसे कम गेंदों में इस मुकाम तक पहुंचने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गये हैं। ईशान ने २००० रन पूरे करने के लिए १३४५ गेंदों का सामना किया। इस मामले में उनसे आगे सिर्फ अभिषेक शर्मा और सूर्यकुमार यादव हैं। अभिषेक ने १०२४ गेंदों में, जबकि सूर्यकुमार ने ११६६ गेंदों में २००० टी-२० अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए थे। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने भी इस मुकाबले में एक खास रेकार्ड अपने नाम किया। वह फुल मेंबर देशों के बीच टी-२० अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पावरप्ले के दौरान सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गये। अर्शदीप ने अब तक ९९ पारियों में शुरुआती छह ओवरों के दौरान ६५ विकेट हासिल किए हैं। उन्होंने न्यूजीलैण्ड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी की बराबरी कर ली है। साउदी ने ११९ पारियों में ६५ विकेट लिए थे। भारतीय टीम ने इस साल टी-२० अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छक्कों का नया इतिहास रच दिया है। भारत २०२६ में अब तक ४० टी-२० अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में ४०० छक्के लगाने वाली दुनिया की पहली टीम बन गयी। भारत की आक्रामक बल्लेबाजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इन ४०० छक्कों में से १४२ छक्के अकेले न्यूजीलैण्ड के खिलाफ आये हैं। किसी एक कैलेंडर वर्ष में किसी एक विपक्षी टीम के खिलाफ लगाये गये छक्कों के मामले में यह भी एक बड़ा रेकार्ड है। न्यूजीलैण्डके कप्तान मिचेल सैंटनरके लिए भी यह मुकाबला रेकार्डके लिहाज से खास रहा। वह न्यूजीलैण्डकी ओरसे सबसे ज्यादा टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गये।

दोहरी सफलता : सिंधू और लक्ष्यने जीते खिताब

हाइलो ओपन

सारब्रकेन (एजेन्सियां)। दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने रविवार को यहां हाइलो ओपन सुपर ५०० बैडमिण्टन टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे गेम में जीत दर्ज करते हुए क्रमश: महिला और पुरुष एकल खिताब अपने नाम किये जिससे भारत को दोहरी सफलता मिली। पीवी सिंधू ने डेनमार्क की विश्व रैंकिंग में २५वें स्थान पर काबिज लाइन होजमार्क केयर्सफेल्ड को हराकर मौजूदा सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता। पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने पांच लाख डालर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के ३९ मिनट तक चले फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त केयर्सफेल्ड को २१-१२, २१-१४ से शिकस्त दी। जुलाई में जापान ओपन में खिताब जीतने वाली और पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही सिंधू ने पूरे मुकाबले में शानदार नियंत्रण और दमदार खेल का प्रदर्शन किया। जीतके बाद सिंधू ने कहा





कि मेरे लिए यह महत्वपूर्ण था कि प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो मैं अपना शत प्रतिशत प्रदर्शन करूं। हम कई बार एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुके हैं और मेरे लिए हर अंक पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी था। मेरे लिए हर अंक महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा कि मैंने शुरुआत से ही बढ़त बना ली थी और उसे वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वहीं लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल फाइनल में जोनाथन क्रिस्टी को २१-१७, २१-१० से हराकर भारत की दोहरी सफलता सुनिश्चित की। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज सिंधू ने इस जीत के साथ ९,२०० रैंकिंग अंक हासिल किये और सत्र के अंत में होने वाले विश्व टूर फाइनल्स में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत की। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अपने सर्वश्रेष्ठ फार्म में लौट आयी हैं, सिंधू ने कहा कि बिल्कुल। मेरी पूरी टीम को इसका श्रेय जाता है। हम इसी के अनुसार योजना बना रहे हैं। जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं यह जरूरी हो जाता है कि आप अपने खेल को बेहतर बनायें और फैसले लेने में अधिक समझदारी दिखायें। उन्होंने कहा कि लेकिन मेरे लिए साथ ही शांतचित्त बने रहना भी महत्वपूर्ण था। अब भी सुधार की गुंजाइश है। चीजें बेहतर हो रही हैं और मैं इससे खुश हूं। दूसरी वरीयता प्राप्त सिंधू का फाइनल से पहले केयर्सफेल्ड के खिलाफ जीत-हार का रेकार्ड ६-१ था। डेनमार्क की खिलाड़ी को उनके खिलाफ एकमात्र जीत २०२५ सुदीरमन कप फाइनल्स में मिली थी।

उत्तर प्रदेश के सामने होगी बड़ौदा की चुनौती

रणजी ट्राफी



कानपुर (आससे)। रणजी ट्राफी के ग्रुप-ए में नाकआउट चरण में जगह बनाने के अभियान में जुटी उत्तर प्रदेश और बड़ौदा की टीमें सोमवार से ग्रीन पार्क स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। दोनों ही टीमों ने अभी तक तीन मैचों में दो जीत एवं एक ड्रा खेला है। हालांकि १७ अंक लेकर दूसरे स्थान पर चल रही बड़ौदा मेजबान उत्तर प्रदेश से एक अंक की बढ़त लिए हुए हैं। जिसे हर हाल में पछाड़ने के लिए कप्तान आर्यन जुयाल के नेतृत्व में टीम अपने घरेलू मैदान में पूरा दमखम दिखाने को तैयार है। दोनों ही टीमों ने रविवार को यहां जमकर पसीना बहाया। ग्रीनपार्क में हुए पिछले मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने अपने स्पिनरों के दम पर गोवा के खिलाफ जीत हासिल की थी। हालांकि इस मैच में उसके बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ा था। पुडुचेरी के खिलाफ भी पिछले मैच में करन शर्मा और शिवम मावी ने जहां बल्ले से चमक बिखेरी वहीं कार्तिक यादव और जीशान अंसारी ने एक बार फिर अपनी काबलियत साबित की थी। वहीं पिछले मैच में गत चैम्पियन जम्मू-कश्मीर के खिलाफ ६१६ रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद फालोआन खिलाने वाली बड़ौदा की टीम काफी अच्छे फार्म में है। टीम के बल्लेबाज प्रियांशु मोलिया ने पिछले मैच में तिहरा शतक लगाकर खूब सुर्खिया बटोरी। टीम के मेंटोर एवं गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल के माग्रदर्शन में बड़ौदा के गेंदबाज भी काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। कप्तान अतीत सेठ इस बार भी उत्तर प्रदेश के खिलाफ टीम के शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखना चाहेंगे। काली मिट्टी की पिच और मौसम को देखते हुए यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को फायदा मिलने की पूरी उम्मीद है। इस मैच में नवदीप सिंह सिद्धू और केयूर केलकर अम्पायर तथा राजीव सेठ मैच रैफरी होंगे। मैच पूर्वाह्न ९.३० बजे से शुरू होगा।

हरित ने जीता रजत



वाराणसी। वाराणसी मण्डलके हरित चौधरीने प्रयागराज में खेली जा रही ७०वीं प्रदेशीय विद्यालयीय अथलेटिक्स प्रतियोगिताके अण्डर-१९ आयु वर्गकी १०० मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। हरित ने यह दूरी १०.५० सेकेंड में पूरी की। हरित वर्तमानमें विकास इण्टर कालेजमें अध्ययनरत है। उसकी इस उपलब्धि पर संयुक्त शिक्षा निदेशक दिनेश कुमार सिंह, विकास एजुकेशनल ग्रुपके चेयरमैन डाक्टर एके सिंह, मण्डलीय क्रीड़ा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बधाई दी।

सनबीम स्कूल सारनाथ चैम्पियन

रोलर स्केटिंग

वाराणसी। सनबीम स्कूल सारनाथ के स्केटरोंने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यहां अपने ही मैदानपर हुई बीडीआरएस जिला रोलर स्पोर्ट्स स्केटिंग प्रतियोगिताका खिताब जीत लिया। ४५ स्कूलों के ४३० स्केटरों के बीच हुई इस प्रतियोगितामें रोलिंग फाइटर एकेडमी उपजेता रही जबकि शूरवीर अकादमी को तीसरा स्थान मिला। प्रतियोगिताका उद्घाटन मेजबान विद्यालयके प्रधानाचार्य आरती कुमारी ने किया। वहीं कुल चार चरणों के सात आयु वर्ग में हुई प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि हर्ष मधोक रहे। प्रतियोगिताके पश्चात संदीप गुप्त, राजेश डोंगरा, एमएनएन पाण्डेय, मनीषा रानी, काजल मुखर्जी, संजीव शर्मा ने पदक विजेताओं को पुरस्कृत किया। शुभम, अभिषेक शर्मा मुख्य निर्णायक रहे। इस मौके पर पूजा दीक्षित, अजय पटेल, शिवम मिश्र, फौजान, नीरज, बिपिन, गौरव, महफूज, एहतेशाम, साहिल, सकलैन, श्रेया, सागर गौड़ और अजय गुप्त आदि मौजूद रहे।



विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल सोमवार, 2 नवंबर 2026

मेष- दिन अशुभ, सफलता में व्यवधान, मित्रों से मनमुटाव, प्रतिष्ठा में कमी, व्यर्थ भ्रमण।
वृषभ- धनलाभ का अवसर, कठिनाइयों में कमी, पठन-पाठन में रुचि, गलतफहमियाँ दूर।
मिथुन- सामाजिक कृत्यों में रुचि, विचारित योजना में अनुकूलता, दाम्पत्य जीवन सुखद।
कर्क- नौकरी में पदोन्नति, परोपकार की भावना, आत्मिक शांति, उच्चाधिकारियों से संपर्क।
सिंह- आर्थिक हानि, व्यय की अधिकता, अकेलेपन की अनुभूति, विरोधी प्रभावी, धनहानि।
कन्या- मनो-विनोद के अवसर, जिम्मेदारियों हेतु व्यय, आपको सौहार्द, उपहार का लाभ।
तुला- समय संतोषजनक, स्वजनों से सहयोग, नौकरी में प्रोन्नति, परिवार में हर्षोल्लास।
वृश्चिक- सुसमाचार की प्राप्ति, सद्विचारों का उदय, आत्मिक शांति, भोग-विलासिता में रुचि।
धनु- लाभ में कमी, जल्दबाजी अहितकर, यात्रा में परेशानी, उत्साह में कमी, मन व्यथित।
मकर- निराशा का समापन, अनुकूल घटनाएं, मंगल आयोजन, धन निवेश, क्षमता में वृद्धि।
कुम्भ- उन्नति के नवीन आयाम, लाभ भी, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, मानसिक शांति, खुशी।
मीन- कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, जीवन साथी से सहयोग, मन प्रसन्न।

आज है जिनका जन्मदिन 2 नवंबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 2 का स्वामी ग्रह चंद्रमा एवं माह का अधिपति ग्रह मंगल है। किसी भी बात को बढ़ा चढ़ाकर कहने में विश्वास करेंगे। स्वभाव मृदु व दयालु होगा। आपके विचार अस्थिर एवं उलझे हुए होंगे। किसी भी कार्य के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लेने के बाद ही उसे करेंगे। छोटी-छोटी बातों से ही विचलित हो जायेंगे। किसी भी कार्य को ज्यादा देर तक नहीं कर पायेंगे। शारीरिक कार्यों की अपेक्षा मानसिक कार्यों को अधिक महत्व देंगे। पारिवारिक जीवन कष्टकर होगा। प्रेम-सौन्दर्य ललित कलाओं में अधिक रुचि लेंगे। अतीन्द्रिय ज्ञान की आपमें अद्भुत क्षमता होगी। यात्रा आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगी। सादगी का जीवन व्यतीत करना चाहेंगे। धन संचय की ओर भी आपकी प्रवृत्ति रहेगी। अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सक्षम होंगे। नियमित रूप से इष्ट देवी-देवता की आराधना करें। तन-मन-कर्म-वचन से शुचिता का धर्म अपनाएं। दैनिक जीवन में सफेद रंग की वस्तुओं का इस्तेमाल अधिकतम करें। सफेद रंग की वस्तुओं का दान भी करें। सदाचार का पालन करें।

आपके लिए शुभ
मन्त्र : ॐ सों सोमाय नमः
व्रत : सोमवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 2, 11, 20, 29
अंक : 1, 4, 7
मास : नवम्बर, नवम्बर एवं नवम्बर
वर्ष : 2, 11, 20, 29, 38, 47, 56, 65
रंग : सफेद एवं क्रीम
जन्मरत्न : मोती
उपरत्न : मून स्टोन
जड़ी : अनार की जड़
दिशा : नैर्ऋत्य
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 444433 4त से 20 नवम्बर

यन्त्र
7 2 9
8 6 4
3 10 5

सुडोकू ५००२

सरीक खेलने का : दिखाये खेल और नम्बरों को खोलते है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। 9×9 के खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्या इस तरह लिखनी है कि खड़ी और पड़ी लाइनों के डॉक्स खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं मौजूद हों। प्रत्येक 3×3 के छोटे खानों में भी 1 से 9

लगा मेगा विधिक सहायता शिविर

मऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की परिकल्पना के अंतर्गत, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ संजय कुमार यादव के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रविवार को नगर पालिका कम्युनिटी हाल, मऊ में मेगा/बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आनंद वर्धन, पुलिस अधीक्षक सर्वेश मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशुल हसन, महामंत्री लक्ष्मीकांत यादव सहित न्यायिक अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिविर में '44 सरकारी विभागों द्वारा स्टाल लगाकर' विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर लाभार्थियों को मंच पर प्रमाण-पत्र एवं विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरित किए गए। लाभ वितरण के अंतर्गत ट्राइसाइकिल एवं लैपटाप प्रदान किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सहायता संबंधी स्टाल भी लगाया गया।कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सामाजिक विषयों पर आधारित नाटक एवं नृत्य प्रस्तुत



किए। मूक-बधिर बच्चों की विशेष नृत्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम को विशिष्ट बनाया। अग्निशमन विभाग, साइबर पुलिस तथा मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, प्रदर्शन एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मध्यस्थता, पाक्सो जागरूकता एवं मेगा ड्राइव अभियानों पर आधारित वीडियो भी प्रदर्शित किए गए।अपने संबोधन में जनपद न्यायाधीश संजय कुमार यादव ने आमजन से विधिक समस्याओं के समाधान एवं नि:शुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करने की अपील की। उन्होंने विधिक जागरूकता अभियानों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आयोजन की सफलता में सहयोग हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ सिद्धार्थ चतुर्वेदी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

चोर को बांधकर पीटा

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के चलीसवां गांव में रविवार दोपहर एक लोहे की दुकान से पाइप चुराते समय गांव वालों की नजर उस पर पड़ी और लोगों ने उसे पकड़ कर रस्सी से बांधकर जमकर उसकी सेवा करने के बाद ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना स्थानी पुलिस को दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के दौरान बताया कि यह युवक किशोरी पुत्र किनारू निवासी अमारी थाना सरायलखन्सी मऊ का निवासी है और यह नशे की हालत में है । पूछे जाने पर उसने बताया कि पैसा कम होने के कारण पाइप बेचकर शराब पीता लेकिन गांव वालों की नजर पड़ गई और लोगों ने इसकी सूचना स्थानी पुलिस को दी । बाद में पुलिस ने इस युवक को पकड़ कर कोतवाली ले आई तथा शांति भंग में इसका चालान किया।

बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर दो विद्यालयों का निरीक्षण

घोसी(मऊ)। आगामी यूपी बोर्ड परीक्षा 2026-27 की तैयारियों के मद्देनजर रविवार को उपजिलाधिकारी घोसी अशोक सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कालेज, कटिहारी के प्रधानाचार्य ओंकार के साथ लालमुनि देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पकड़ी बुजुर्ग और राजदेव कृषक इंटर कालेज सरायसादी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं और भौतिक व्यवस्थाओं का सत्यापन किया गया।निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर कुछ कमियां सामने आईं। इस पर उपजिलाधिकारी ने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को कमियों को तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बैठने की समुचित व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। बोर्ड परीक्षा का संचालन पारदर्शी, निष्पक्ष और शुचितापूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सभी आवश्यक सुधार समय से पूरा कर अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।

अकादमी में एडमिशन के नाम पर हुई थी ठगी, पुलिस ने पूरी रकम करायी वापस

घोसी(मऊ)। अकादमी में एडमिशन दिलाने के नाम पर साइबर ठगी के शिकार हुए युवक को घोसी कोतवाली की साइबर टीम ने राहत दिलाई है। पुलिस ने त्वरित काररवाई करते हुए पीड़ित के 54 हजार रुपये वापस करा दिए। रविवार, एक नवंबर को पूरी धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित को राहत मिली। घोसी थाना क्षेत्र के कटिहारी निवासी अंगेश शर्मा पुत्र कैलाश शर्मा के साथ अकादमी में एडमिशन कराने के नाम पर 54 हजार रुपये की ठगी की गई थी। पीड़ित ने पांच अक्टूबर 2026 को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर घोसी की साइबर टीम ने त्वरित काररवाई करते हुए ठगी की पूरी रकम होल्ड करा दी। इसके बाद रविवार को पीड़ित को पूरी धन. राशि वापस करा दी गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा और अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी घोसी सत्येंद्र भूषण तिवारी और प्रभारी निरीक्षक रविंद्र नाथ राय के नेतृत्व में की गई। इस काररवाई में साइबर टीम के नोडल अधिकारी उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह, सहायक नोडल अधिकारी उपनिरीक्षक दिनेश यादव, हेड आपरेटर अरविंद यादव, महिला आरक्षी पुष्पलता पांडेय और महिला आरक्षी रूपा सिंह शामिल रहे। पुलिस ने लोगों से साइबर ठगी के प्रति सतर्क रहने और किसी भी तरह की आनलाइन धोखाधड़ी होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

नर्सिंग विद्यार्थियों ने ली सेवा की शपथ

मऊ। सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं को आत्मसात करते हुए गालिबपुर स्थित किंग्स ईडेन कालेज आफ नर्सिंग में रविवार को 'संकल्पित समर्पण' विषय पर विशेष सेमिनार एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बीएससी नर्सिंग, जीएनएम एवं ओटी टेक्नीशियन के करीब 300 छात्र-छात्राओं को मरीजों की सेवा, उपचार और देखभाल के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी जित. ेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. उमेश सरोज, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक गुप्ता डायमंड, बाल रोग विशेषज्ञ डा. सुमन गुप्ता एवं पूर्व विधानसभा प्रभारी डा. धर्म सिंह गौतम ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शपथ ग्रहण के दौरान विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया गया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज के साथ मानवीय व्यवहार करेंगे। मरीजों की जाति, धर्म और आर्थिक स्थिति से ऊपर उठकर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से उनकी सेवा करेंगे। गंभीर मरीजों को प्राथमिकता देने, उनकी उचित देखभाल करने तथा अस्पताल में मृत अवस्था में लाए गए शवों के प्रति भी सम्मानजनक व्यवहार बनाए



रखने की जिम्मेदारी समझाई गई। साथ ही मरीजों की गोप. नीयता और चिकित्सा संबंधी नैतिक मूल्यों का पालन करने का संकल्प लिया गया। सेमिनार में छात्र-छात्राओं ने मानसिक रोग, दमा सहित विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतियां देकर जागरूकता का संदेश दिया। डायरेक्टर डा. मोनिका गुप्ता ने कहा कि नर्सिंग केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि मानव सेवा और समर्पण का महत्वपूर्ण दायित्व है। विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के साथ शिक्षा ग्रहण कर अपने पेशे की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। प्रबंधक डा. प्रवीण कुमार मद्धेशिया एवं डायरेक्टर डा. मोनिका गुप्ता ने अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर प्रिंसिपल अभिनव श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, अजीत जायसवाल, चंद्रभूषण यादव, संजीव द्विवेदी, अरविंद गुप्ता, मिथिलेश सिंह सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दी गयी भावभीनी विदाई

दोहरीघाट(मऊ)। साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दोहरीघाट में सेवानिवृत्त हुए स्वास्थ्य कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में अधीक्षक डाक्टर फैजान ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों का फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। तथा स्मृति चिन्ह देकर उज्जवल भविष्य की कामना की नेत्र सहायक गोवर्धन पांडे, वार्ड ब्वाय रविंद्र नाथ यादव और हेल्थ जय नाथमणि त्रिपाठी की सेवा. निवृत्ति पर आयोजित सम्मान समारोह में डाक्टर फैजान ने कहा कि इन कर्मचारियों ने अपने लंबे कार्यकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और लगन के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की। उनके



योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। डाक्टर फैजान ने ईश्वर से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उत्तम स्वास्थ्य, लंबी उम्र और सुखी जीवन की कामना की। इस दौरान सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्य स्वास्थ्य कर्मी, चिकित्सक और कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

घोसी में यातायात माह का आगाज

घोसी(मऊ)। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को घोसी कोतवाली में यातायात माह नवंबर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवींद्रनाथ राय ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल पुलिसकर्मियों ने नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और मोहल्लों में भ्रमण कर लोगों को यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, गलत दिशा में ड्राइविंग से बचने तथा नाबालिगों को वाहन न चलाने देने की अपील की गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवींद्रनाथ राय ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यातायात नियमों की अनदेखी कई बार गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती है। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यातायात माह के दौरान लोगों को जागरूक करने के साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध काररवाई भी की जाएगी। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों का जीवन सुरक्षित रखने की अपील की।

SHIVAM LIFECARE IVF & FERTILITY CENTRE
बाँझपन क्लिनिक
रोजाना 2 बजे से 4 बजे तक हर बुधवार निःशुल्क परामर्श
पूर्वांचल में पहली बार
निःसंतान दम्पतियों हेतु
सबसे सस्ता और सबसे अच्छा
BEST RESULTS
IVF CENTRE
SHIVAM LIFE CARE IVF & FERTILITY CENTRE जनपद मऊ में उपलब्ध सेवायें
कौन दम्पत्ति सम्पर्क कर सकते हैं?
बंद ट्यूब
खराब गुणवत्ता
कम शुक्रगुणु
अनियमित पीरियड
अण्डों में खराबी
निल शुक्रगुणु
9250206423, 8948943074
डा0 यशिका सिंह
M.B.B.S., M.S., DNB, IVF FELLOWSHIP
(गोल्ड मेडलिस्ट, लेडी हार्डिंग मेडिकल कालेज, नई दिल्ली)
स्त्री, प्रसूति एवं बाँझपन रोग विशेषज्ञ
डा. अभिनव सिंह
MBBS, MD, Paediatric M.A.M.C., New Delhi
राममनोहर लोहिया, नई दिल्ली
Senior Resident Medanta, Gurgaon, Kalawati Saran Hospital NICU Fellowship
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
शिवम हास्पिटल
ब्रह्मस्थान, मऊ
शिवम क्लिनिक
हकीकतपुरा, राज पैलेस के बगल में, मऊ
9565208444

शारदा नारायन हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
अब अस्पताल के कैथलैब में उपलब्ध
एन्जियोग्राफी
एन्जिप्लास्टी
पर्मानेंट पेसमेकर (PPI)
टेम्परारी पेसमेकर (TPI)
बलून मिटरल वाल्वोप्लास्टी (BMV)
ट्रेडमिल टेस्ट
2D इको
होल्टर मॉनिटर
डा.दीपक राय
एमबीबीएस,एमडी डीएम,कार्डियोलॉजिस्ट
24X7 उपलब्ध
आयुष्मान भारत में उपलब्ध
शारदा नारायन अस्पताल हृदय रोग विभाग एवं कैथलैब की सभी सेवाएं आयुष्मान भारत योजना के तहत उपलब्ध हैं
96 51 55 80 01
शारदापुरम, सहादतपुरा, मऊ (उ.प्र.) 275101

लक्ष्मी देवी मेमोरियल आर्थोपेडिक अस्पताल
फातिमा अस्पताल के सामने मऊनाथ भंजन,मऊ-275101(उ.प्र.)
रजि.हेतु सम्पर्क करें
Helpline 8881639715,0547-2229939
डा.पवन कुमार गुप्ता
Bsc.(Hons)M.B.B.S.M.S. (Ortho)Kanpur
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व आर्थोपैडिक सर्जन,फातिमा अस्पताल,मऊ
डा.सलिल कुमार गुप्ता
M.B.B.S.M.S. (Ortho) Meerut
फैक्चर,हड्डी,जोड़ एवं पोलियो रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड पर ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है
डा.आरुषि गुप्ता
Periodontologist and Oral Implantologist
दन्त रोग विशेषज्ञ

विश्वजीत क्लीनिक
डा.ओ.पी.सिंह
(फिजिशियन) सिर दर्द में विशेष योग्यता
एम.बी.बी.एस.,एम.डी.(मेडिसिन)
हृदय,गुर्दा,उदर,छाती,डायबिटीज,गुप्त रोग विशेषज्ञ
चांदमारी इमिलिया फातिमा अस्पताल के पीछे मऊ

आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।
बिन्दू अस्पताल
पता- (पुलिस चौकी से दक्षिण तरफ) रतनपुरा- मऊ
डा. जितेन्द्र राय M.B.B.S., MS (फातिमा अस्पताल, मऊ)
डा. राहुल यादव M.B.B.S.
डा. श्रीमती बिन्दू यादव B.A.M.S. (स्त्री एवं प्रसूति रोग)
सुविधायें- हमारे यहाँ आपरेशन, बच्चेदानी, सिजिरीयन, अपेन्डीस, हार्निया, हाइड्रोसील, M.T.P., D&C नार्मल डिलेवरी, आक्सीजन, नेबुलाइजर, एम्बुलेन्स सुविधा एवं इमरजेन्सी 24 घण्टे उपलब्ध
I.C.U. & N.I.C.U. की सुविधा उपलब्ध है।
24x7 Emergency Services
संचालक- जयहिन्द यादव (D. Pharma) 9450629608, 8564891113, 8795944986

बालाजी चौखट ®
स्थापना वर्ष 1999
और नहीं कोई इससे बेहतर.....
सीमेंट-कंक्रीट द्वारा निर्मित
बालाजी चौखट
WPC से बना रेडीमेड
WPC दरवाजा पल्ला
WPC खिड़की पल्ला
WPC दरवाजा चौखट
WPC खिड़की चौखट
पानी / दीमक से बेअसर • अत्यंत मजबूत एवं टिकाऊ • पेंच/स्क्रू की मजबूत पकड़
निर्माता- बालकृष्ण उद्योग
प्लाट बी-4,6,7, औद्योगिक आस्थान नरई बाँध, मऊ-275101 (उ०प्र०)
(+91) - 9721521791
www.balajichaukhat.com

संक्षिप्त समाचार

१३१३ अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

मऊ। जनपद में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2026 रविवार को दो पालियों में निर्धारित 14 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। द्वितीय पाली में कुल 6,240 अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होना था, जिसके सापेक्ष 4,927 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 1,313 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के व्यापक प्रबंध किए गए। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा की शुचिता बनाए रखने तथा परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए सतत निगरानी की गई। इस प्रकार जनपद के सभी 14 परीक्षा केंद्रों पर प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-सकुशल संपन्न हुई।

श्रीराम-जानकी मंदिर परिसर में शनि भगवान की मूर्ति स्थापित

मऊ। राष्ट्रीय राजमार्ग गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन से सटे बाबा थानीदास (अमिला) स्थित श्री राम-जानकी मंदिर साप्ताहिक बाजार परिसर में शनिवार को शनि भगवान की मूर्ति की विधि-विधानपूर्वक स्थापना की गई। स्थापना से पूर्व शनि भगवान की प्रतिमा को श्रद्धालुओं द्वारा नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर भ्रमण के बाद प्रतिमा को मंदिर परिसर में लाया गया। यहां पुजारी सत्यप्रकाश दुबे के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन, हवन एवं आरती कराई गई। यजमान विनोद गुप्ता एवं प्रवीण सिंह ने धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर पूजा संपन्न कराई।

स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगा मेला, १८३लाभान्वित

मऊ। शासन के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को मुहम्मदाबाद गो. हना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया । इस मौके पर चारों अस्पताल मिलकर 183 मरीज का चिकित्सकों ने परीक्षण कर दबा दी। इस मौके पर डाक्टर जावेद अहमद, डाक्टर बृजलाल, डाक्टर नेहा रानी ,डाक्टर बलवंत ,डाक्टर संजय चौहान, जयप्रकाश मौर्य, शैलेंद्र मिश्रा ,शिवम पांडे, प्रेम सागर दुबे ,मनोज श्रीवास्तव ,चंद्र प्रकाश यादव ,रितेश कुमार राय ,सरोज यादव समेत अस्पताल एएनएम स्टाफ नर्स तथा स्वास्थ्य विभाग की कर्मी मौजूद रहे।

दूर से आये परीक्षार्थियों ने सरकार को कोसा

मऊ। तृतीय चरण में हो रही पेट की परीक्षा के अंतिम दिन जहां छात्र-छात्राएं अभिभावक काफी परेशान नजर आए । इन लोगों की शरण स्थली रेलवे स्टेशन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जो सहारा बना । उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में परीक्षार्थी खड़े होकर सैकड़ों किमी से परीक्षा देने के लिए आए । वहीं उनके साथ आने वाले लोग भी रेलवे स्टेशन बस स्टेशन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किसी तरह समय बिताते हुए नजर आए परीक्षार्थियों के साथ आए हुए अभिभावकों में काफी गुस्सा देखा गया। उन लोगों का कहना है कि काफी दूर परीक्षा केंद्र बनाने से जहां हम लोगों को परीक्षा देने में भारी समस्याएं हुई ।

राजनीति की नयी दुल्हन हूं,मुझे पत्रकारों से शर्म लगती है-एके शर्मा

मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने चन्द्रा इण्टरनेशनल स्कूल चकमेंहदी

पत्रकार मिलन में पहुंचकर मंत्री ने शुरू की शर्म दूर करने की कवायद

में आयोजित पत्रकार मिलन एवं कवि सम्मेलन में कहा कि वे राजनीति की वह नई दुल्हन हैं जिसे पत्रकारों के बीच आने में शर्म लगती है और सचमुच आज के सम्मेलन में भी यह बातें परिलक्षित भी हुईं। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री के सलाहक. ार के रूप में पर्दे के पीछे से काम किये हैं। कई लोगों के



कहने के बाद भी उन्हें पत्रकारों को फेस करने में शर्म आती है। हालांकि वे इस शर्म को दूर करने की कोशिशों के तहत ही पत्रकार मिलन में शिरकत किये हैं। अभी दो-चार पत्रकारों ने ही अपनी बात रखी थी तब तक उन्होंने हाथ जोड़ लिया और फ्लाइट का हवाला देते हुए निकल

दो सौ पत्रकारों से लड़ाये नैन, मगर अधूरे मिलन की रह गयी कसक

लिये। इसके पूर्व उन्होंने बन्द पड़े मऊ दूरदर्शन केन्द्र के पुनः प्रसारण का पुनरारम्भ किया। उन्होंने लगभग दो सौ पत्रकारों/ गैर पत्रकारों से चन्द समय के लिए समारोह में आकर नैन तो मिलाये। मगर,तय समय से पहले ही अधूरे मिलने की कसक छोड़कर निकल लिये।

मंत्री ने किया ५३१.५लाख की परियोजनाओं का लोकार्पण

मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कल देर रात मऊ में 531.5 लाख रुपए की लागत से तीन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर मऊवासियों को सौगात दी। इनमें मड़ैया घाट एवं विसर्जन घाट का नवनिर्माण तथा रामलीला मैदान में इंटरलाकिंग एवं सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं।

सड़क हादसे में एक घायल

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुतरहीं निवासी आदित्य राजभर पुत्र उमेश राजभर उम्र 18 वर्ष शनिवार संध्या बाइक से मुहम्मदाबाद गोहना आ रहे थे कि रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने इनके बाइक में टक्कर मार दी । आस-पास के लोगों ने घायल युवा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु ले गए।

सड़क हादसे में चार पेट परीक्षार्थी घायल

मऊ। सड़क दुर्घटना में रविवार प्रातः पेट की परीक्षा देने आते समय चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने इन सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु ले गए । जिसमें से कुछ लोगों को हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया । जानकारी के अनुसार प्रियंका पुत्री नंदलाल उम्र 23 वर्ष ग्राम फरीदपुर अपने पिता के साथ बाइक पर बैठकर रविवार प्रातः परीक्षा देने जा रही थी कि अचानक एक जानवर को बचाने की चक्कर में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । इसी क्रम में मुहम्मदाबाद-आजमगढ़ मार्ग स्थित ग्राम सुरवत थाना कासिमाबाद गाज़ीपुर लक्ष्मी पत्नी दीपू उम्र 27 वर्ष मुहम्मदाबाद गोहना कैलेंडर तिराए पर जैसे ही बस से उतरी सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने इन्हें टक्कर मार दी । जो गंभीर रूप से घायल हो गई। आस-पास के लोगों ने इन्हें इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए । इसी क्रम में अजय सरोज, राज. ेंद्र सरोज उम्र 30 वर्ष तथा उनकी पत्नी राधिका सरोज उम्र 26 वर्ष एक ही बाइक पर बैठकर सुबह की पाली में परीक्षा देने के लिए मुहम्मदाबाद गोहना आ रही थी की हलीमाबाद के निकट नीलगाय को बचाने के चक्कर में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए । इसी बीच किसी ने सूचना 108 नंबर एंबुलेंस को दी । मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए। लेकिन सर में गंभीर चोट आने पर चिकित्सकों ने जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। इस प्रकार सड़क दुर्घटना में कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

लक्ष्मी-गणेश की पूजा के पीछे एक गहरा रहस्य



धन, सफलता और ऐश्वर्य का पूर्ण फल तभी मिलेगा, जब वह लक्ष्मी और गणेश की एक साथ आराधना करेंगे।

हिंदू धर्म में दीवाली के पर्व को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवसर पर माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, लक्ष्मी और गणेश की साधना करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और धन लाभ के योग बनते हैं। माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा अत्यंत फलदायी और कल्याणकारी मानी जाती है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि मां लक्ष्मी का गणपति बप्पा से क्या संबंध है? गणेश पुराण में बताया गया है कि मां लक्ष्मी ने भगवान गणेश को अपना दत्तक पुत्र बनाया था। अब ऐसे में सवाल उठता है कि धन की देवी मां लक्ष्मी ने गणेश जी को दत्तक पुत्र क्यों बनाया? पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक बार बैकुंठ धाम में जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी के बीच चर्चा हो रही थी। चर्चा के दौरान देवी ने भगवान विष्णु से कहा, मैं अपने भक्तों को धन-धान्य, ऐश्वर्य और सौभाग्य प्रदान करती हूं। मेरी कृपा से ही भक्तों को जीवन में सभी तरह के सुखों की प्राप्ति होती है। इसलिए मेरी पूजा ही सर्वश्रेष्ठ है। भगवान विष्णु उनका यह अहंकार समझ गए। प्रभु ने देवी के अहंकार को दूर करने का फैसला लिया और कहा, देवी, आप श्रेष्ठ जरूर हैं, लेकिन आपका नारीत्व अभी भी अधूरा है। भगवान विष्णु ने आगे कहा, जब तक किसी स्त्री को मातृत्व का सुख नहीं मिलता, तब तक उसे पूर्ण नहीं माना जाता। यह बात सुनकर मां लक्ष्मी अत्यंत दुखी हुईं। इसके बाद वे माता पार्वती के पास पहुंचीं और उन्हें अपनी यह पीड़ा बताई। तब माता पार्वती ने अपने पुत्र गणेश को उन्हें दत्तक पुत्र के रूप में सौंप दिया। भगवान गणेश को पुत्र के रूप में पाकर मां लक्ष्मी अत्यंत प्रसन्न हुईं। उन्होंने उसी समय यह वरदान दिया कि किसी भी भक्त को धन, सफलता और ऐश्वर्य का पूर्ण फल तभी मिलेगा, जब वह लक्ष्मी और गणेश की एक साथ आराधना करेगा। यही वजह है कि दीवाली के दिन मां लक्ष्मी के साथ भगवान गणेश की उनके दत्तक पुत्र के रूप में पूजा-अर्चना करने का विधान है। सनातन परंपरा में मां लक्ष्मी के साथ उल्लू और मोर, दोनों का संबंध बहुत गहरा है। उल्लू अंधेरे में भी देख सकता है, जिससे हमें हमेशा चौकन्ना रहने, आगे की सोचने और समझदारी से काम लेने की सीख मिलती है। वहीं दूसरी तरफ, मोर सुंदरता और पवित्रता की निशानी है। यह बुराई को मिटाने और सादगी के साथ जीवन में संपन्नता लाने का प्रतीक है। मां लक्ष्मी द्वारा गणेश जी को दत्तक पुत्र बनाने से यह संदेश मिलता है कि व्यक्ति को जीवन में दिखावे या अहंकार में आकर अपना विवेक और समझदारी नहीं खोनी चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान गणेश की साधना करने से सही फैसले लेने की बुद्धि मिलती है और शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं। मां लक्ष्मी की पूजा के दौरान लक्ष्मी-विनायक मंत्र का जप जरूर करना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस मंत्र का जप करने से धन लंबे समय तक टिकता है और बचत में वृद्धि होती है। साथ ही नौकरी, करियर या व्यापार में आ रही अड़चनों को भगवान गणेश दूर करते हैं।

गणेश पुराण में बताया गया है कि मां लक्ष्मी ने भगवान गणेश को अपना दत्तक पुत्र बनाया था।







धनलक्ष्मी के आगमन का पर्व धनतेरस

दीपोत्सव पर्व पर धनतेरस का पावन पर्व काफी हर्ष व उल्लास के साथ मनाने की पौराणिक परम्परा है। धनतेरस से ही दीपावली पर्व का शुभारम्भ हो जाता है। इस बार 6 नवम्बर, शुक्रवार, कार्तिक कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन धनतेरस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ज्योतिषविद् विमल जैन ने बताया कि कार्तिक कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि 6 नवम्बर, शुक्रवार को दिन में 10 बजकर 31 मिनट पर लगेगी, जो कि 7 नवम्बर, शनिवार को दिन में 10 बजकर 49 मिनट तक रहेगी, तत्पश्चात् चतुर्दशी तिथि लग जाएगी। हस्त नक्षत्र 5 नवम्बर, गुरुवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 3 बजकर 56 मिनट से 6 नवम्बर, शुक्रवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 4 बजकर 44 मिनट तक रहेगा, तत्पश्चात् चित्रा नक्षत्र प्रारम्भ हो जाएगा। विष्कुंभ योग 5 नवम्बर, गुरुवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 5 बजकर 10 मिनट से 6 नवम्बर, शुक्रवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 4 बजकर 10 मिनट तक रहेगा। धनतेरस के दिन आरोग्य के देवता आयुर्वेद शास्त्र के जनक श्री धन्वन्तरि जी का जन्म महोत्सव भी धूम-धाम से मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि समुद्र मन्थन के समय धन्वन्तरि जी अमृत का कलश लेकर अवतरित हुए थे। भगवान धन्वन्तरि जी को आयुर्वेद के प्रवर्तक तथा श्रीविष्णु भगवान के अवतार के रूप में माना जाता है। इस दिन धन्वन्तरि जी की पूजा-अर्चना से आरोग्य-सुख तथा उत्तम स्वास्थ्य का सुयोग बनता है। व्यवसायी एवं व्यापारी वर्ग शुभ मुहूर्त में बही-खाता एवं प्रयोग में आनेवाली अन्य वस्तुएँ भी खरीदते हैं। धनतेरस को सम्पूर्ण दिन में अभिजीत मुहूर्त दिन में 11 बजकर 36 मिनट से 12 बजकर 24 मिनट तक सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त माना गया है। धन-सम्पत्ति के लिए धनाधिपति श्रीकुबेर देवता की भी पूजा करनी चाहिए। देवकक्ष में पूजा स्थल पर दीपक प्रज्वलित करना चाहिए। पूजा का सर्वोत्तम समय (काशी में) वृषभ लग्न सायं 5 बजकर 45 मिनट से रात्रि 7 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। प्रदोषकाल का समय विभिन्न शहरों का अलग-अलग होता है, जो कि स्थानीय पंचांगों में दिया रहता है। धनतेरस के दिन शुरू किए हुए शुभकार्यों में स्थायी लाभ के साथ ही अच्छी सफलता का सुयोग बनता है। घर, कार्यस्थल व व्यावसायिक प्रतिष्ठान को आलोकित (प्रकाशमय) रखना चाहिए। धनतेरस का पर्व अपने पारिवारिक धार्मिक परम्परा के साथ मनाना शुभ रहता है।

कलश की अवधारणा को लेकर नये बर्तन और आभूषण खरीदना शुभ फलकारी



धनतेरस के पावन पर्व पर लक्ष्मी-गणेश जी मूर्ति के साथ ही पूजन सामग्री खरीदने की परम्परा है। इस बर्तन के अतिरिक्त नवीन वस्त्र, रजत व स्वर्ण के आभूषण व सोने-चाँदी के सिक्के एवं अन्य मांगलिक वस्तुएँ खरीदने से सौभाग्य में अभिवृद्धि होती है। आज के दिन बर्तन खरीदने से अधिक लाभ एवं लक्ष्मी का स्थायी निवास मिलता है। सायंकाल स्नान के पश्चात् स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण करके अपने आराध्य देवी-देवता की पूजा-अर्चना के बाद प्रदोषकाल व शुभ मुहूर्त में संकल्प लेकर श्रीगणेश जी, श्रीलक्ष्मीजी तथा धन के देवता श्रीकुबेर जी की श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना करनी चाहिए। पूजा-अर्चना में काले-नीले रंग के वस्त्र धारण नहीं करने चाहिए। आज के दिन खरीदे गए नवीन बर्तन में उत्तम मिष्ठान्न, फल एवं मेवे आदि माँ भगवती लक्ष्मीजी को अर्पित करने चाहिए। देशी घी का दीपक प्रज्वलित करना चाहिए। अखण्ड ज्योति जलाने की भी मान्यता है। भगवती लक्ष्मीजी की पूजा कमल के फूल से करनी चाहिए तथा कमलगट्टा के माला से श्रीलक्ष्मीजी के मन्त्र 'श्रीं', 'ॐ श्रीं नमः', 'ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं' अथवा 'ॐ श्री महालक्ष्म्यै नमः' का जप करना लाभकारी रहता है।

यम के निमित्त प्रज्वलित करें दीपक

धनतेरस से दीपावली या भैयादूज तक सायंकाल प्रदोषकाल में घर के प्रवेश द्वार के बाहर दोनों ओर यम के निमित्त एक पात्र में अन्न रखकर उसके ऊपर दीप दान करने से यमराज भी प्रसन्न होते हैं, इसको यमदीप कहा जाता है। दीपक की चावल, फूल, धूप, सुगन्ध आदि से पूजा-अर्चना करने से जीवन में अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता।

सुख-समृद्धि के लिए जन्म तारीख/राशि के अनुसार करें खरीददारी

जन्म तारीख के अनुसार- जन्मतिथि किसी भी माह की 1, 10, 19 व 28 हो, उनके लिए लाल, गुलाबी, केसरिया। 2, 11, 20 व 29 वालों के लिए सफेद व क्रीम। 3, 12, 21 व 30 के लिए सभी प्रकार के पीला व सुनहरा पीला। 4, 13, 22 व 31 के लिए सभी प्रकार के चमकीले, चटकीले मिले-जुले व साथ ही हल्का स्लेटी रंग। 5, 14 व 23 के लिए हरा, धानी व फिरोजी रंग। 6, 15 व 24 के लिए सफेद व चमकीला सफेद अथवा आसमानी नीला। 7, 16 व 25 के लिए चमकीला, स्लेटी व ग्रे रंग। 8, 17 व 26 के लिए काला, ग्रे व नीला रंग। जबकि 9, 18 व 27 के लिए लाल, गुलाबी व नारंगी रंग।

राशि के अनुसार करें रंगों का चयन-मेष-लाल, गुलाबी एवं नारंगी। वृषभ-सफेद एवं क्रीम। मिथुन-हरा व फिरोजी। कर्क-सफेद व क्रीम। सिंह-केसरिया, लाल व गुलाबी। कन्या-हरा व फिरोजी। तुला-सफेद व हल्का नीला। वृश्चिक-नारंगी, लाल व गुलाबी। धनु-पीला व सुनहरा। मकर व कुम्भ-भूरा, स्लेटी व ग्रे। मीन-पीला व सुनहरा।

रम्भा एकादशी

भारतीय सनातन परम्परा के हिन्दू धर्मग्रन्थों में हर माह के विशिष्ट तिथि की खास पहचान है। सभी तिथियों पर देवी-देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना करने की मान्यता है। तिथि विशेष पर पूजा-अर्चना करने पर अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग बनता है। इसी क्रम में रम्भा एकादशी का व्रत 5 नवम्बर को रखा जाएगा। रम्भा एकादशी के दिन आकाश में दीपदान करने की भी महिमा है। प्रख्यात ज्योतिषविद् विमल जैन ने बताया कि कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की एकादशी तिथि 4 नवम्बर को दिन में 11 बजकर 04 मिनट पर लगेगी जो कि 5 नवम्बर को दिन में 10 बजकर 36 मिनट तक रहेगी। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र 4 नवम्बर को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 3 बजकर 31 मिनट से 5 नवम्बर, गुरुवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 3 बजकर 56 मिनट तक रहेगा। ऐन्द्रयोग सम्पूर्ण दिन रहेगा। जिसके फलस्वरूप उदयातिथि के अनुसार 5 नवम्बर को रम्भा एकादशी का व्रत रखा जाएगा। रम्भा एकादशी का व्रत महिला पुरुष दोनों के लिए समानरूप से फलदायी है। व्रत के दिन व्रतकर्ता को ब्रह्म मुहूर्त में उठकर अपने समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त होकर गंगा-स्नानादि करना चाहिए। गंगा-स्नान यदि सम्भव न हो तो घर पर ही स्वच्छ जल से स्नान कर स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण करना चाहिए। अपने आराध्य देवी-देवता की पूजा-अर्चना के पश्चात् रम्भा एकादशी के व्रत का संकल्प लेना चाहिए।

धनतेरस की खरीदारी में शामिल करें छह शुभ वस्तुएं

धनतेरस पर सोना और चांदी खरीदने की परंपरा काफी पुरानी है। माना जाता है कि इस दिन खरीदे गए सोने-चांदी से घर में लक्ष्मी का स्थायी निवास होता है। यदि सोना खरीदना संभव न हो तो चांदी का सिक्का या छोटी वस्तु भी खरीदी जा सकती है। नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। खासकर पीतल, तांबा या स्टील के बर्तन खरीदने की परंपरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार नए बर्तन घर में समृद्धि और शुभता लेकर आते हैं। झाड़ू को माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। धनतेरस के दिन नई झाड़ू खरीदकर घर लाने से आर्थिक परेशानियां दूर होने और घर की नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होने की मान्यता है। कई लोग दीपावली की सफाई के लिए इसी दिन नई झाड़ू खरीदते हैं। धनिया के बीज खरीदना भी बेहद शुभ माना जाता है। पूजा के बाद इन बीजों को घर के बगीचे या गमले में बोया जाता है। मान्यता है कि इससे धन और समृद्धि में वृद्धि होती है। अगर घर में नई लक्ष्मी-गणेश प्रतिमा स्थापित करनी हो तो धनतेरस का दिन बेहद शुभ माना जाता है। दीपावली पूजन के लिए इस दिन प्रतिमा खरीदना शुभ फलदायी माना जाता है और इससे घर में सकारात्मकता बनी रहती है। धार्मिक मान्यताओं में कौड़ी और शंख को माता लक्ष्मी से जुड़ा हुआ माना गया है। धनतेरस पर इन्हें घर लाकर पूजा स्थल में रखने से आर्थिक उन्नति और शुभ फल की प्राप्ति होने की मान्यता है।

ब्रह्मा मंदिर- तीन कमल पुष्पों से जुड़ी पौराणिक कथा

राजस्थान के पुष्कर को हिंदू धर्म के प्रमुख और पवित्र तीर्थस्थलों में गिना जाता है। यहां बना ब्रह्मा मंदिर देश के उन खास मंदिरों में से एक है, जहां भगवान ब्रह्मा की पूजा-अर्चना होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, पुष्कर का संबंध ब्रह्मदेव के यज्ञ और तीन कमल के फूलों से जुड़ा है। पुष्कर सरोवर, ब्रह्मा मंदिर और माता गायत्री व सावित्री के मंदिर इस जगह को विशेष धार्मिक महत्व देते हैं। यहां आने वाले भक्त सबसे पहले पुष्कर सरोवर के पवित्र घाटों पर स्नान करते हैं। इसके बाद ब्रह्मदेव के दर्शन करते हैं और माता गायत्री, सावित्री व सरस्वती के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, एक बार भगवान ब्रह्मा यज्ञ करने के लिए किसी पवित्र स्थान की तलाश कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने तीन कमल के फूल आकाश से पृथ्वी पर गिराए। ये तीनों फूल अलग-अलग स्थानों पर गिरे और वहां पवित्र तीर्थों की स्थापना हुई। पहले फूल



के गिरने से ज्येष्ठ पुष्कर, दूसरे से मध्य पुष्कर और तीसरे से कनिष्ठ पुष्कर तीर्थ बना। मान्यता है कि ब्रह्मदेव ने ज्येष्ठ पुष्कर को अपने यज्ञ के लिए चुना था। पुष्कर सरोवर में स्नान करने के बाद श्रद्धालु ब्रह्मा मंदिर पहुंचते हैं। यहां भक्त 'ब्रह्मदेवाय नमः' मंत्र का जाप करते हुए भगवान के दर्शन करते हैं। मंदिर परिसर में चांदी से बनी कछुए की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है। इसके अलावा यहां एक छोटा चांदी का मंदिर भी है, जिसमें भगवान ब्रह्मा की संगमरमर से बनी सुंदर प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के बाहर ब्रह्मदेव के वाहन हंस की प्रतिमा भी देखने को मिलती है। भक्त यहां इंद्र और भगवान शिव की प्रतिमाओं के दर्शन भी करते है। पुष्कर सरोवर को हिंदू धर्म के पांच प्रमुख पवित्र सरोवरों में विशेष स्थान प्राप्त है। मान्यता है कि इसमें स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और आत्मिक शांति प्राप्त होती है। ब्रह्मा मंदिर के दर्शन के बाद श्रद्धालु पास ही स्थित माता गायत्री के मंदिर पहुंचते हैं। यहां भक्त माता से अपनी मनोकामनाएं पूरी करने और परिवार की खुशहाली की प्रार्थना करते हैं। पुष्कर यात्रा के दौरान श्रद्धालु पर्वत पर बने माता सावित्री के मंदिर भी जाते हैं।

कहां हैं महाभारत के अश्वत्थामा

महाभारत की कहानियों में कुछ ऐसे पात्र हैं, जिनका जिक्र आज भी लोगों के मन में उत्सुकता पैदा करता है। इन्हीं में से एक हैं अश्वत्थामा। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें ऐसा श्राप दिया था, जिसके कारण उन्हें हजारों साल तक धरती पर भटकना पड़ेगा। कहा जाता है कि अश्वत्थामा आज भी जीवित हैं और अलग-अलग जगहों पर दिखाई देते हैं। मध्य प्रदेश के असीरगढ़ किले से लेकर कई प्राचीन शिव मंदिरों तक उनके दिखाई देने की कहानियां प्रचलित हैं। हालांकि, उनके आज भी जीवित होने का कोई ऐतिहासिक या वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर



अश्वत्थामा कौन थे और उनसे जुड़ी ये मान्यताएं कहां से आईं? अश्वत्थामा महाभारत के प्रमुख पात्रों में से एक थे। वे गुरु द्रोणाचार्य और कृपी के पुत्र थे। उनके पिता कौरवों और पांडवों दोनों के गुरु थे। अश्वत्थामा को युद्ध कला में निपुण और शक्तिशाली योद्धा माना जाता था। वे कौरवों की ओर से महाभारत के युद्ध में शामिल हुए थे। उनके पास दिव्य अस्त्रों का ज्ञान भी था। महाभारत में उन्हें एक ऐसे योद्धा के रूप में दिखाया गया है, जो अपने पिता की मृत्यु के बाद क्रोध में आकर युद्ध के नियमों का उल्लंघन करता है। महाभारत की कथा के अनुसार, युद्ध के अंतिम दिनों में अश्वत्थामा के पिता द्रोणाचार्य की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद वे बदले की भावना से भर गए। रात के समय उन्होंने पांडवों के शिविर में जाकर सो रहे द्रौपदी के पांचों पुत्रों की हत्या कर दी। इस घटना से पांडव बेहद क्रोधित हो गए। बाद में अश्वत्थामा और अर्जुन के बीच दिव्य अस्त्रों का प्रयोग हुआ। जब अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र का इस्तेमाल किया, तब स्थिति गंभीर हो गई। मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने अश्वत्थामा को उनके इस अपराध के लिए श्राप दिया। कहा जाता है कि उनके माथे पर मौजूद मणि निकाल ली गई और उन्हें लंबे समय तक कष्ट सहते हुए धरती पर भटकने का श्राप मिला। अश्वत्थामा को लेकर भारत के कई हिस्सों में अलग-अलग कहानियां प्रचलित हैं। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में स्थित असीरगढ़ किले की होती है। यह किला सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला में स्थित है। यहां एक प्राचीन शिव मंदिर भी है। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिला प्रशासन की वेबसाइट के मुताबिक, इस मंदिर से जुड़ी मान्यता है कि अश्वत्थामा यहां भगवान शिव की पूजा करने आते थे। कहा जाता है कि सुबह मंदिर में शिवलिंग पर फूल और चंदन चढ़ा हुआ मिलता है। हालांकि, इन घटनाओं की पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा नर्मदा नदी के आसपास के इलाकों में भी अश्वत्थामा को देखे जाने की कहानियां सुनने को मिलती हैं। कुछ स्थानीय मान्यताओं में दावा किया जाता है कि वे जंगलों और सुनसान जगहों पर भटकते हैं। हालांकि, इन दावों को साबित करने वाला कोई विश्वसनीय प्रमाण मौजूद नहीं है।

नरक चतुर्दशी पर अभ्यंग स्नान की परंपरा का विशेष महत्व

हिंदू धर्म में नरक चतुर्दशी के पर्व का बहुत महत्व है। इसे दिवाली से ठीक एक दिन पहले मनाया जाता है, जिसे छोटी दिवाली या रूप चौदस भी कहते हैं। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय होने से पहले अभ्यंग स्नान करने का विधान है। इसके अलावा इस दिन यमराज और भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पूजा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और शुभ परिणाम मिलते हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर नरक चतुर्दशी के दिन अभ्यंग स्नान क्यों किया जाता है और इसके पीछे की क्या वजह है? हिंदू धर्म में नरक चतुर्दशी पर अभ्यंग स्नान की एक बेहद खास और प्राचीन परंपरा निभाने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर तिल के तेल और उबटन से स्नान किया जाता है। माना जाता है कि ऐसा करने से पापों और अकाल मृत्यु के भय से छुटकारा मिलता है। पौराणिक कथा के अनुसार, नरकासुर ने इंद्रदेव को हराकर उन्हें स्वर्ग से निकाल दिया था। इसके बाद नरकासुर ने तीनों लोकों पर कब्जा कर लिया था और वह देवताओं व ऋषियों पर अत्याचार करने लगा। इसलिए कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वधकिया। युद्ध समाप्त होने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने शरीर पर लगे रक्त को साफ करने के लिए तेल और उबटन से स्नान किया था, जिसे अभ्यंग स्नान कहा जाता है। इसलिए नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले अभ्यंग स्नान करने का विशेष महत्व है। नरकासुर वध का वर्णन श्रीमद्भागवत पुराण और विष्णु पुराण में मिलता है। नरक चतुर्दशी ७ को है। इस दिन सूर्योदय सुबह ६ बजकर ३७ मिनट पर होगा। इसलिए इस समय से पहले ही अभ्यंग स्नान कर लें। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठें और दिन की शुरुआत देवी-देवता के ध्यान से करें। इसके बाद शरीर और बालों में तिल के तेल की अच्छी तरह मालिश करें। फिर हल्दी, चंदन और बेसन से बना उबटन लगाएं। इसके बाद साफ पानी से स्नान करें।

नरक चतुर्दशी पर अभ्यंग स्नान की एक बेहद खास और प्राचीन परंपरा निभाने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर तिल के तेल और उबटन से स्नान किया जाता है। माना जाता है कि ऐसा करने से पापों और अकाल मृत्यु के भय से छुटकारा मिलता है।

